





# दैनिक शुभ भास्कर

E pepar www.Dainik shubh bhaskar, com

हर कदम आपके साथ...

झांसी उत्तर प्रदेश, उदयापुर, राजस्थान मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

● वर्ष : 1 ● अंक : 97 ● नई दिल्ली, बुधवार, 12 जुलाई 2023 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्यः- 04 रूपये

RNIUP HIN/2015/64737




3 मटेश्वरधाम मंदिर के शिवलिंग का किया गया श्रृंगार पूजा

## ख़ास ख़बर

### जैन मुनि हत्याकांड के मुद्दे पर कर्नाटक विधानसभा में हंगामा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार द्वारा बेलगावी जिले में एक जैन मुनि की हत्या की सीबीआई जांच से इनकार करने के बाद विपक्षी दल भाजपा ने मंगलवार को सिद्धरमैया सरकार पर मामले को गंभीरता से नहीं लेने का आरोप लगाते हुए कर्नाटक विधानसभा में अध्यक्ष के आसन के सामने आकर हंगामा किया। भाजपा के विरोध के कारण दिन के दूसरे भाग में सदन की कार्यवाही बाधित हुई, जिसके कारण विधानसभा अध्यक्ष यू.टी. खादेर को सदन को पहले कुछ मिनटों के लिए और फिर शेष दिन के लिए स्थगित करना पड़ा।

यह आरोप लगाते हुए कि कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद से राज्य में हत्या के मामले बढ़ रहे हैं, भाजपा ने मैसूर जिले में युवा ब्रिगेड के एक सदस्य की हत्या का मामला भी उठाया और राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के बारे में सरकार से सवाल किया। भाजपा विधायकों ने राज्य से निष्पक्ष जांच और दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की।

### इसरो ने चंद्रयान-3 मिशन का प्रक्षेपण पूर्वाभ्यास किया



**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने इस सप्ताह चंद्रयान-3 मिशन के लिए संपूर्ण प्रक्षेपण तैयारी और प्रक्रिया का 24 घंटे का प्रक्षेपण पूर्वाभ्यास किया। मिशन को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से 14 जुलाई को प्रक्षेपण यान मार्क 3 (एलवीएम3) से अपराह्न 2:35 बजे प्रक्षेपित करने की योजना है।

इसरो ने मंगलवार को ट्वीट किया कि 24 घंटे का प्रक्षेपण पूर्वाभ्यास पूरा हो चुका है। चंद्रयान-3 मिशन चंद्रयान-2 का अनुवर्ती मिशन है, जिसके चंद्र सतह पर सुरक्षित लैंडिंग और घूमने की संपूर्ण क्षमता प्रदर्शित करने की उम्मीद है। चंद्रयान-2 मिशन के दौरान लैंडर के सॉफ्ट लैंडिंग करने में सफलता नहीं मिल पाई थी और इस लिहाज से चंद्रयान-3 मिशन को भारत के लिए काफी अहम माना जा रहा है।

## यह महत्वपूर्ण नहीं है कि ईडी का निदेशक कौन : शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि यह महत्वपूर्ण नहीं है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का निदेशक कौन है, क्योंकि जो कोई भी इस पद पर होगा, वह विकास विरोधी मानसिकता रखने वाले परिवारवादियों के बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार पर नजर रखेगा। उच्चतम न्यायालय द्वारा ईडी प्रमुख संजय कुमार मिश्रा को तीसरा कार्यकाल विस्तार दिए जाने को अवैध ठहराए जाने और उनका विस्तारित सेवाकाल 31 जुलाई तक सीमित किए जाने के कुछ घंटे बाद शाह ने यह कहा। सरकार द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, 1984 बैच के भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारी का कार्यकाल 18 नवंबर, 2023 तक निर्धारित था। शाह ने कहा, ईडी मामले पर उच्चतम न्यायालय के फैसले पर खुशी मना रहे लोग विभिन्न कारणों से भ्रम में हैं। सीवीसी (केंद्रीय सतर्कता आयोग) अधिनियम में संशोधन, जिसे संसद द्वारा विधिवत पारित किया गया था, को बरकरार रखा गया है। भ्रष्ट और कानून का उल्लंघन करने वालों पर कार्वाई करने के लिए ईडी की शक्तियां पहले जैसी हैं क्योंकि यह एक ऐसी संस्था है जो किसी व्यक्ति विशेष से परे है और यह अपने मुख्य उद्देश्य को प्राप्त करने के प्रति लक्षित है, यानी धन शोधन और विदेशी मुद्रा कानूनों के उल्लंघन के अपराधों की जांच करना।

## ईडी निदेशकः कांग्रेस ने कहा- फैसला सरकार के मुंह पर तमाचा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के प्रमुख संजय कुमार मिश्रा के तीसरे सेवा विस्तार को उच्चतम न्यायालय द्वारा अवैध करार दिए जाने के बाद मंगलवार को कहा कि यह उसके रुख की पुष्टि है और सरकार के मुंह पर तमाचा है। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह आरोप भी लगाया कि सरकार का यही मकसद था कि ईडी निदेशक को गैरकानूनी तरीकों से सेवा विस्तार दिया जाए। उच्चतम न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के प्रमुख संजय कुमार मिश्रा के तीसरे सेवा विस्तार को मंगलवार को अवैध करार दिया तथा उनका विस्तारित कार्यकाल घटाकर 31 जुलाई तक कर दिया। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने कहा कि इस साल वित्तीय कार्वाई कार्य बल (एफएटीएफ) द्वारा की जा रही संबंधित समीक्षा के मद्देनजर और सुचारु परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए मिश्रा का कार्यकाल 31 जुलाई तक रहेगा। वेणुगोपाल ने संवाददाताओं से कहा, उच्चतम न्यायालय ने जो निर्णय दिया है उससे कांग्रेस के रुख की पुष्टि हुई है। हमारा शुरू से कहना रहा है कि ईडी निदेशक को सेवा विस्तार दिया जाना पूरी तरह गैरकानूनी था। यही मकसद था कि ईडी निदेशक को गैरकानूनी तरीकों से सेवा विस्तार दिया जाए।

### जीएसटी परिषद का फैसला

# ऑनलाइन गेमिंग पर लगेगा 28 प्रतिशत कर

**एजेंसी/ नई दिल्ली**

जीएसटी परिषद ने ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो और घुड़दौड़ में दांव पर लगाई जाने वाली पूरी राशि पर 28 प्रतिशत की दर से कर लगाने का मंगलवार को फैसला किया। पश्चिम बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने जीएसटी परिषद की यहां हुई बैठक में लिए गए इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने कहा, "जीएसटी परिषद ने तय किया है कि ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो और घुड़दौड़ में बाजी लगाते समय की समूची राशि पर 28 प्रतिशत की दर से कर लगेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि परिषद ने कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली डाइनुटक्सिमैब दवा और दुर्लभ बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाले एफएसएमपी के आयात पर जीएसटी से राहत देने का भी फैसला किया है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो और घुड़दौड़ को जुआ और सट्टे की तरह कार्वाई के लायक न माने जाने के लिए जीएसटी कानून में जरूरी बदलाव किए जाएंगे। महाराष्ट्र के वन एवं मत्स्यपालन मंत्री सुधीर मुनगंतीवार ने कहा कि जीएसटी परिषद ने ऑनलाइन गेमिंग के मामले में दक्षता वाले खेल और किस्मत आधारित खेल के बीच फर्क करने की संकल्पना नहीं अपनाने का फैसला किया है। इन तीनों खेलों में दांव पर लगाने वाली समूची राशि पर ही 28 प्रतिशत की दर से कर वसूला जाएगा।




### बैठक में उठा ईडी के जीएसटीएन से सूचना साझा करने का मुद्दा, कई राज्य विरोध में

विपक्षी दलों के शासन वाले विभिन्न राज्यों ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की 50वीं बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के समक्ष केंद्र के उस फैसले पर चिंता जताई है, जिसमें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) से सूचना साझा करने की अनुमति दी गई है। जीएसटी परिषद की यह बैठक राष्ट्रीय राजधानी में हो रही है। पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने इसे कर आतंकवाद बताते हुए कहा कि इससे छोटे कारोबारी डरे हुए हैं। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना के माध्यम से धन शोधन रोधक अधिनियम (पीएमएलए), 2022 में संशोधन किया है।

इसके तहत जीएसटी की प्रौद्योगिकी इकाई संभालने वाली जीएसटीएन को उन इकाइयों में शामिल कर लिया गया है, जिनके साथ ईडी सूचना साझा कर सकता है।बैठक में आप की दिल्ली और पंजाब सरकारों ने इन अधिसूचना पर चिंता जताते हुए इसपर चर्चा की मांग की।दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने कहा, कई वित्त मंत्रियों ने यह मुद्दा उठाया। दिल्ली, पंजाब, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और राजस्थान ने चिंता जताते हुए कहा है कि इसपर परिषद में चर्चा होनी चाहिए। चीमा ने कहा कि कई राज्यों ने चर्चा की मांग की है। अधिसूचना ईडी को जीएसटी का भुगतान नहीं करने पर किसी भी व्यवसाई को गिरफ्तार करने का अधिकार देती है। इस तरह के फैसले से देश में कर आतंकवाद बढ़ेगा और यह छोटे करोबारियों और आम लोगों के लिए खतरनाक है।

### अडाणी-हिंडनबर्ग विवाद

# सुप्रीम कोर्ट ने सेबी से जांच की स्थिति के बारे में पूछा

**एजेंसी/ नई दिल्ली**



उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से अडाणी समूह द्वारा शेयर मूल्य में हेरफेर के आरोपों की चल रही जांच की स्थिति के बारे में पूछा और कहा कि तफ्तीश 14 अगस्त तक दिए गए समय तक तेजी से पूरी करनी होगी। सेबी की ओर से सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत की पीठ से कहा कि उच्चतम न्यायालय ने जांच के लिए 14 अगस्त तक का समय दिया था और कार्य संभावित रफ्तार से चल रहा है। मेहता ने पीठ को बताया कि सेबी ने न्यायालय को सौंपी गई रिपोर्ट में विशेषज्ञ समिति द्वारा दिए गए सुझावों पर सोमवार को अपना सकारात्मक जवाब दाखिल किया। पीठ में न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा शामिल थे। मेहता ने कहा, हमने विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट प्राप्त की। जहां तक सेबी के संबंध में किए गए संदर्भों की बात है, कुछ दिशानिर्देश या सुझाव दिए गए हैं। हमने कल अपना जवाब दाखिल किया। यह बहुत सकारात्मक जवाब है। चूंकि यह थोड़ी देर से जमा किया गया, इसलिए आपके समक्ष नहीं आ पाया। पीठ ने कहा, सेबी की जांच की क्या स्थिति है? मेहता ने कहा कि जांच पूरी करने का समय उच्चतम न्यायालय ने बढ़ा या था और इस पर काम चल रहा है।पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा, आपको जांच पूरी करनी होगी, क्योंकि हमने समयसीमा 14 अगस्त तक बढ़ा दी थी। शीर्ष अदालत ने 17 मई को सेबी को अडाणी समूह पर शेयर मूल्यों में हेरफेर के आरोपों में जांच 14 अगस्त तक पूरी करने का समय दिया था और उससे जांच पर अद्यतन स्थिति रिपोर्ट देने को कहा था। मेहता ने कहा, विशेषज्ञ समिति ने कुछ सिफारिशें की हैं। हमने अपना जवाब दाखिल कर दिया है। इसका आरोपों से कोई लेना-देना नहीं है। एक याचिकाकर्ता की ओर से वकील प्रशांत भूषण ने पीठ से कहा कि उन्होंने कुछ दिन पहले विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट पर बहुत विस्तृत जवाब दिया है। भूषण ने कहा, विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट के तथ्य स्पष्ट दिखाते हैं कि सेबी की ओर से न केवल पूरी तरह नियामक विफलता है, बल्कि सेबी के जांच में आगे बढ़ने की कोई संभावना नहीं है। अदालत ने कहा कि मेहता ने सूचित किया है कि सेबी ने रिपोर्ट पर जवाब दिया है। विशेषज्ञ समिति ने सेबी के कामकाज के संबंध में रिपोर्ट जमा की थी। एक अन्य याचिकाकर्ता की ओर से एक अधिवक्ता ने कहा कि शीर्ष अदालत का पहले का आदेश स्पष्ट रूप से इस बात पर केंद्रित था कि सभी एजेंसियों को विशेषज्ञ समिति के साथ सहयोग करना होगा।

### अडाणी मामले में सेबी विफल, जेपीसी जांच से ही सामने आएगी सच्चाईः कांग्रेस

कांग्रेस ने अडाणी मामले में सेबी द्वारा उच्चतम न्यायालय के समक्ष रखे गए कुछ बिंदुओं का हवाला देते हुए मंगलवार को आरोप लगाया कि इस प्रकरण में सेबी विफल मानी जा रही है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि सेबी की जांच का दायरा सीमित है और इस पूरे विषय से जुड़े राजनीतिक गठजोड़ की सच्चाई जेपीसी के माध्यम से ही सामने आ सकती है। हिंडनबर्ग रिसर्च की कुछ महीने पहले आई रिपोर्ट में अडाणी समूह पर अनियमितता के आरोप लगाए गए थे, जिसके बाद से कांग्रेस इस करोबारी पर लगातार हमले करती रही है। अडाणी समूह ने सभी आरोपों को निराधार बताया था। पूंजी बाजार नियामक सेबी ने अडाणी मामले में उच्चतम न्यायालय के समक्ष कहा था कि 2019 में उसके नियम में किए गए बदलाव से विदेश से प्राप्त कोष के लाभार्थियों की पहचान करना कठिन नहीं है और इसका कोई भी उल्लंघन पाए जाने पर कार्वाई की जाएगी।

### दलित को चप्पल चटाने वाले पर एनएसए और गैंगस्टर लगे : पुनिया

**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पीएल पुनिया ने उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में एक दलित व्यक्ति से मारपीट करने और उसे चप्पल चाटने के लिए मजबूर करने की घटना को बेहद शर्मनाक करार देते हुए मुख्य आरोपी के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) और गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्वाई की मांग की है।राष्ट्रीय अनुसचित जाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष पुनिया ने मंगलवार को पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा,सोनभद्र जिले की यह घटना बेहद शर्मनाक है। यह घटना उनकी (मुख्य आरोपी की) मनुवादी मानसिकता को दर्शाती है। चूंकि यह घटना सरकार के एक (संविदा) कर्मचारी ने अंजाम दी है, इसलिए मामला अधिक गंभीर है।उन्होंने कहा, "घटना के मुख्य आरोपी तेजबली सिंह पटेल पर एनएसए और गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपराधियों के खिलाफ बुलडोजर के इस्तेमाल के बड़े-बड़े दावे करते हैं। सोनभद्र की घटना एक जघन्य अपराध है और इस संबंध में कार्वाई शुरू की जानी चाहिए।पुनिया ने यह भी कहा कि पीड़ति दलित व्यक्ति के परिवार को आर्थिक सहायता मिलनी चाहिए।



### तिलक अगर जिंदा होते तो अपने नाम का पुरस्कार मोदी को नहीं देतेः पटोले

**पुणे।** कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख नाना पटोले ने मंगलवार को कहा कि अगर आज लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक जिंदा होते, तो वह यह पसंद नहीं करते कि उनके नाम का एक पुरस्कार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया जाए। पुणे में स्थित तिलक स्मारक मंदिर ट्रस्ट (हिंद स्वराज संघ) ने एक अगस्त को लोकमान्य तिलक की 103वीं जयंती पर लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार प्रधानमंत्री मोदी को देने का निर्णय लिया है। ट्रस्ट के मुताबिक, आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा के तहत प्रधानमंत्री के सर्वोच्च नेतृत्व में भारत ने प्रगति की सीढ़ियां चढ़ी हैं। पटोले ने दिल्ली में पत्रकारों से कहा कि ट्रस्ट को पंडित जवाहरलाल नेहरू के समय से मजबूती मिली। उन्होंने कहा, यह उनका (ट्रस्ट का) मुद्दा (परमाधिकार) है कि वे किस आधार पर पुरस्कार दे रहे हैं लेकिन लोकमान्य तिलक अगर जिंदा होते, तो उन्हें यह पसंद नहीं आता और वह इसका विरोध करते। हालांकि, कांग्रेस नेता ने इसके बारे में विस्तारपूर्वक बात नहीं की। आयोजकों के अनुसार, पुरस्कार समारोह में राकांपा के संस्थापक शरद पवार को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।



### बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों में भाजपा सदस्यों के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही स्थगित

**पटना।** बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों में मंगलवार को विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से नहीं चल पाई। बिहार विधानसभा की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे शुरू होते ही भाजपा सदस्य अपनी सीटों पर खड़े हो गए और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के इस्तीफे की मांग करने लगे।

भाजपा सदस्य नौकरी के बदले जमीन घोटाले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा आरोप पत्र दाखिल किए जाने के बाद राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव के इस्तीफे की मांग करते हुए आसन के समीप आ गए थे।विपक्षी सदस्यों में से कुछ ने रिपोर्टिंग स्टाफ के लिए रखी गई मेज को पलटने की कोशिश की और उस पर कुर्सियां रख दीं। शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर और पूव मंत्री प्रमोद कुमार के बीच तीखी नोकझोंक भी देखी गई। पूर्व मंत्री के लिए मार्शलों को भी बुलाया गया। बिहार विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने हंगामे के बीच सदन चलाने की कोशिश की, पर अपनी अपील का कोई असर नहीं होता देख उन्होंने कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### बंगाल पंचायत चुनाव परिणाम

## ग्रामीण बंगाल में टीएमसी का दबदबा कायम, 23344 सीटों के नतीजे घोषित



**एजेंसी/ कोलकाता**

तृणमूल कांग्रेस, पश्चिम बंगाल में हिंसा के बीच हुए पंचायत चुनाव के घोषित नतीजों के मुताबिक अपने वर्चस्व को कायम रखती दिख रही है। दो साल पहले तृणमूल ने विधानसभा चुनाव में लगातारी तीसरी बार जीत दर्ज की थी। पश्चिम बंगाल में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में अपने प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने शाम 5:30 बजे तक घोषित नतीजों के मुताबिक 63,229 ग्राम पंचायतों में से 16,330 सीट पर जीत दर्ज कर ली है जबकि अन्य 3,002 पंचायतों में उसके उम्मीदवार आगे हैं। घोषित नतीजों के मुताबिक तृणमूल कांग्रेस की निकटतम प्रतिद्वंद्वी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 3,790 सीट पर जीत दर्ज की है और 802 पर उसके उम्मीदवार आगे हैं। वाम मोर्चा ने।,365 सीट जीती हैं जिनमें से अकेले मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने।,206 सीट पर जीत दर्ज की है। वाम दल इस समय 621 सीट पर आगे है, जबकि कांग्रेस ने 886 सीट पर जीत दर्ज की है तथा 256 अन्य पर आगे है। नवगठित इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) सहित अन्य पार्टियों ने 937 सीट पर जीत दर्ज की है और 190 पर बढ़त बनाए हुए हैं जबकि तृणमूल कांग्रेस के बागियों सहित निर्दलीय 418 सीट पर जीते हैं और 73 पर बढ़त बनाए हुए हैं। अब तक घोषित नतीजों के मुताबिक तृणमूल कांग्रेस ने 18 जिला परिषदों में जीत दर्ज की है

### राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल ने कहा....

# वैश्विक आतंकवाद में भारतीय मुसलमानों की संलिप्तता बहुत ही कम रही है

**एजेंसी/ नई दिल्ली**

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल ने आतंकवाद के किसी धर्म से जुड़े नहीं होने पर जोर देते हुए मंगलवार को कहा कि यह कोई संयोग नहीं है कि देश में करीब 20 करोड़ मुसलमान होने के बावजूद वैश्विक आतंकवाद में भारतीय नागरिकों की संलिप्तता बहुत ही कम रही है। डोभाल ने यह भी कहा कि भारत उन संस्कृतियों और धर्मों का मिलन स्थल रहा है, जो सदियों से सद्भाव के साथ सह-अस्तित्व में हैं। उन्होंने कहा कि देश में धार्मिक समूहों के बीच इस्लाम को एक अनूठा और गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त है। डोभाल भारत दौरे पर आए मुस्लिम वर्ल्ड लीग (एमडब्ल्यूएल) के महासचिव डॉ. मोहम्मद बिन अब्दुलकरीम अल-इस्सा के सम्मान में खुसरो फाउंडेशन और इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर थे। अल-इस्सा ने कहा कि भारत में मुसलमानों को अपनी राष्ट्रीयता और भारतीय संविधान पर गर्व है। डोभाल ने अल-इस्सा को उदारवादी इस्लाम की प्रामाणिक वैश्विक आवाज और इस्लाम की गहरी समझ रखने वाला एक गहन विद्वान बताया। डोभाल ने कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और लोकतंत्रों की जननी के रूप में भारत अविश्वसनीय विविधता की भूमि है। उन्होंने कहा, आपने (अल-इस्सा) बातचीत में हमारे अस्तित्व की मूलभूत विशेषता के रूप में विविधता का विस्तार से उल्लेख किया।



### असहमति का मतलब विघटन नहीं

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत असहमति को आत्मसात करने की असीमित क्षमता के साथ विभिन्न विचारों के आश्रय स्थल के रूप में अपनी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा, असहमति का मतलब विघटन नहीं है, असहमति का मतलब अनिवार्य रूप से टकराव नहीं है। लेकिन इस देश में अपने विचारों को लेकर कोई भी खतरे में नहीं है। एक गौरवान्वित सभ्यता वाले राष्ट्र के रूप में, भारत हमारे समय की चुनौतियों से निपटने के लिए सहिष्णुता, संवाद और सहयोग को बढ़ावा देने में विश्वास करता है।

## ख़ास ख़बर

### मदरसा इस्लामिया राघो नगर भौआड़ा मधुबनी में फौकानिया एवं मौलवी की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में चल रही है



**मधुबनी संबाददाता मो सालिम आजाद**/बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड, पटना के तत्वावधान में सभी संबद्ध मदरसों में पोस्ट काउंसिल की परीक्षा शुरू हो गयी है.इसके अनुसार मदरसा इस्लामिया राघो नगर भौआड़ा में फौकानिया मौलवी 2023 की परीक्षा बहुत ही खुशनुमा माहौल में आयोजित की जा रही है.केंद्र बनाया गया है.परीक्षा जहां कदाचार एवं नकल मुक्त माहौल में काफी शांतिपूर्ण तरीके से चल रही है वहीं मदरसा शिक्षा बोर्ड, पटना के आदेशानुसार काफी पारदर्शिता के साथ परीक्षा संचालित की जा रही है. साथ ही उन्होंने कहा कि परीक्षा में पर्यवेक्षक के रूप में सभी लोगों के साथ-साथ मदरसा इस्लामिया की पूरी टीम पूरी लगन से अपने कर्तव्यों का पालन कर रही है और पारदर्शिता के माहौल में शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा आयोजित करने का प्रयास कर रही है और इसके लिए मैं सभी कर्मचारियों का बहुत आभारी हूं।

### वन एवं पर्यावरण को संरक्षित करने में जीविका का अहम रोल- नारायण कुमार



**अररिया।**सामाजिक जागरुकता के विभिन्न आयामों को आगे बढ़ाने में जीविका का अहम रोल रहा है। जिसके माध्यम से जीविका हमेशा समाज में चेतना, जन जागरुकता लाने का काम करता रहा है। इसी के तहत जीविका पर्यावरण को बचाने और वातावरण को प्रदूषण मुक्त बनाने में भी अहम रोल निभा रही है। जीविका अररिया की ओर से वन एवं पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए और लोगों को जागरूक बनाने के लिए ÷चलो वन महोत्सव मनाएं÷ अभियान की शुरूआत की गई है। जिसके तहत सभी 9 प्रखंडों में जीविका दीदियों की ओर से अलग-अलग जगहों पर वृक्षारोपण के लिए आगे आ रही हैं। इसके लिए गड्ढा खोदो अभियान जारी है। इसके तहत जीविका दीदियां वृक्षारोपण के लिए गड्ढ़ा खोद रही हैं और वृक्षारोपण भी कर रही हैं। इस कार्य में जीविका दीदियों को मदद पहुंचाने के लिए कैडर्स और स्टाफ भी लगे हुए हैं। इस अभियान को वृहत्त पैमाने पर सफल बनाने को पूरी कोशिश की जा रही है। इस आशय की जानकारी देते हुए प्रबंधक संचार, जीविका अररिया नारायण कुमार ने कहा कि इस बार जीविका की ओर से अररिया जिले में 280410 पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जीविका डीपीएम नवीन कुमार की ओर से इसके सफल संचालन के लिए जिलास्तर पर एक टीम गठित की गई है। यह टीम पौधारोपण के इस पूरे अभियान को पूरे जिले में सफलतापूर्वक पूर्ण कराने में अहम रोल अदा करेगी।

### महामहिम कुलाधिपति महोदय को आवेदन भेजकर PAT- 2021 वनस्पति विज्ञान विभाग में नामांकन को लेकर लगाई गुहार

**मधेपुरा।**नामांकन से वंचित क्क्ष्-21की छात्रा आवेदिका मौसम कुमारी ने महामहिम राज्यपाल सह कुलाधिपति बिहार से आवेदन देकर रिक्त सीटों पर नामांकन की गुहार लगाई है। भेजे गए आवेदन में जिक्र की है कि वनस्पति विज्ञान विभाग में क्क्ष्-21में निम्न पर्यवेक्षक के अन्दर सीट वृद्धि की जा सकती है जिससे शोध कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं को मौका मिल सकेगा। बी एन एम यू मधेपुरा के विभिन्न कॉलेजों में कुल सीट की रिक्त संख्या- 38 है ।श्रीमान से नम्र निवेदन है कि शोध कार्य को बढ़ावा देने हेतु सीट वृद्धि की आवश्यकता है। महामहिम से आग्रह है कि आप अपने स्तर से वनस्पति विज्ञान विभाग के - 19 मेधावी छात्र-छात्राओं का नामांकन करवाने की कृपा जाय। इस आवेदन पत्र की पूर्ण प्राथमिकता श्रीमान् के स्तर से दी जाय। इस उपकार के लिए श्रीमान का अदा अभारी रहेंगी।

# जवाहर नवोदय विद्यालय अररिया के छात्र रवि प्रकाश ने टी टेन क्रिकेट में भारत का परचम लहराया

**मैडल एवं सर्टिफिकेट देकर विद्यालय के प्राचार्य ने रवि प्रकाश को किया प्रोत्साहित**





**अररिया** ।जवाहर नवोदय विद्यालय अररिया में दसवीं के छात्र रवि प्रकाश ने अंतर्राष्ट्रीय पांचवें टी टेन क्रिकेट भूटान में खेलकर अच्छे प्रदर्शन हासिल करने के बाद अपना हीं नहीं बल्कि देश समेत अपना विद्यालय एवं अपने माता पिता का नाम रौशन किया।

रवि प्रकाश अररिया जिले के भरगामा प्रखंड अंतर्गत उत्तर रघुनाथपुर पंचायत का निवासी है। रवि प्रकाश के पिता का नाम सत्यनारायण प्रसाद एवं माता का नाम कुमारी मंजूषा है। दोनों पेशे से शिक्षक हैं। रवि प्रकाश ने बताया कि नवोदय विद्यालय अररिया के शारीरिक शिक्षक प्रवीण कुमार गुप्ता के सही मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण के बदौलत आज हम ये मोकामा हासिल किया है। वहीं शारीरिक शिक्षक प्रवीण कुमार गुप्ता ने बताया कि रवि सिर्फ पढ़ने में हीं नहीं बल्कि खेलकुद में भी काफी रूचि रखता था जिसके कारण ये सफलता उन्हें हासिल हुआ।जिला स्तर पर रवि ने पटना, नालंदा, दानापुर स्थानों पर खेलकर अच्छे प्रदर्शन के बल आंध्रा प्रदेश टीम में उनका चयन हुआ। वहां से गोवा के नेशनल चैम्पीयनशीप में खेलने के बाद रणजी टीम में चयन हुआ। लगातार अच्छे प्रदर्शन करने के बाद इनका चयन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय टीम में चयनित होकर भूटान में आमंत्रित किया गया। भारत एवं भूटान के बीच तीन मैच खेले गए जिसमें तीनों मैच भारत ने जीता। इस टीम में बिहार के चार खिलाड़ियों ने भगा लिया था।अब रवि का चयन टी टेन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के लिए हुआ जिसका आयोजन अक्टूबर 2023 में दुबई में होगा।बिहार खेलकर वापस लौटने पर खेलकूद मंत्री एवं शिक्षा मंत्री ने चारों खिलाडियों को शुभकामनाएँ दी एवं आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय वापस आने पर रवि प्रकाश को जे एन वी अररिया के प्राचार्य सुशांत झा ने मैडल पहनाकर सर्टिफिकेट देते हुए रवि को शुभकामनाएँ दी एवं आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। मौके पर सभी शिक्षक एवं शिक्षकाएं ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की साथ हीं उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

## जनसंख्या नियंत्रण आवश्यक- प्रधानाचार्य



**मधेपुरा।**पृथ्वी पर संसाधन सीमित हैं। हमारे खाद्यान्न उत्पादन की क्षमता की भी एक सीमा है। ऐसे में बेतहाशा जनसंख्या वृद्धि विश्व के लिए संकट का कारण है। अतः हमारे लिए जनसंख्या नियंत्रण आवश्यक है।यह बात प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) कैलाश प्रसाद यादव ने कही। वे मंगलवार को स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग, ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन सेहत केंद्र के तत्वावधान में किया गया। प्रधानाचार्य ने कहा कि यदि बेतहाशा जनसंख्या-वृद्धि को नहीं रोका गया, तो आने वाले दिनों में लोगों को भोजन, वस्त्र एवं आवास उपलब्ध कराना मुश्किल हो जाएगा। इसलिए हमें जनसंख्या नियंत्रण की दिशा में गंभीरता से प्रयास करना होगा। अब हम सबों को हम दो हमारे दो से आगे बढ़कर हम दो हमारे एक के सिद्धांत का पालन करना होगा। प्रधानाचार्य ने कहा कि आजादी के समय हमारी जनसंख्या तैंतीस करोड़ थी। लेकिन आज 75 वर्षों में हम एक अरब तैंतीस करोड़ हो गए हैं। मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर कुमार मिश्र ने कहा कि युवाओं पर ही समाज एवं राष्ट्र का भविष्य निर्भर करता है। अतः युवाओं को जनसंख्या नियंत्रण की जिम्मेदारी अपने कंधों पर लेने की जरूरत है।उप कुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने कहा कि महिला-शिक्षा का जनसंख्या नियंत्रण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए समाज में महिलाओं की शिक्षा का स्तर बढ़ेगा, तो जनसंख्या नियंत्रण आसानी से हो सकेगा।अतिथि व्याख्याता डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि आज भारत जनसंख्या के मामले में दुनिया में नंबर वन पर आ गया है। यह हमारे लिए चिंता का सबब है। इस अवसर पर शोधार्थी सौरभ कुमार चौहान, बबलू , पल्लवी, अंशु, नीलम, विक्की विजेता, राखी, सोनाली, रूपम, खुशी, सिंधु प्रिया, मुस्कान, सरस्वती कुमारी आदि उपस्थित थे।

## जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग को लेकर फाउंडेशन ने सौपा 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन



**अररिया।**देश में विकराल रूप से हो रहे जनसंख्या वृद्धि के कारण उत्पन्न हो रहे सामाजिक आर्थिक और पर्यावरणीय संकट को रोकने हेतु एक कठोर और प्रभावी जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग को लेकर जनसंख्या समाधान फाउंडेशन अररिया द्वारा जिला अध्यक्ष कमलेश साह के अगुवाई में व प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण कुमार की उपस्तिथि में प्रधानमंत्री के नाम जिला पदधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा।उक्त जानकारी फाउंडेशन के प्रदेश महामंत्री राजीव झा उर्फ पप्पू झा, प्रदेश सचिव सुबोध मोहन ठाकुर जिला अध्यक्ष कमलेश साहप्रदेश कार्यसमिति सदस्य उमेश पासवान ने सयुंक्त रूप से देते हुए कहा है कि सौपें गए 11सूत्रीय मांग पत्र में शीघ्र जनसँख्या नियंत्रण कानून बनाकर जाती धर्म से उपर उठकर देश के हित में कानून समान रूप से सभी नागरिकों पर लागू करने, सभी दंडात्मक प्रावधान के साथ कानून के अधिसूचित तिथि के एक बर्ष के भीतर तीसरे बच्चे उतपन्न करने वाले को सभी सरकारी अनुदान, सब्सिडी आदि से तत्प्रभाव से समाप्त कर राजकीय सेवा सहित मताधिकार से भी वंचित करने तथा कानून के एक बार उल्लंघन के बाद दूसरी बार उल्लंघन कर चौथी संतान उतपत्ति की स्तिथि में 10 वर्ष कारावास की सजा देने के साथ दो जीवित संतान होने की स्तिथि में तलाक होने पर स्त्री या पुरुष कोई भी दूसरी शादी के बाद सन्तानोत्पती के अधिकार से वंचित किये जायें,अवैध घुसपैठ प्रभावित पूर्वोत्तर राज्यों में मूल निवासियों विशेषकर जनजातीय समाज के अनुपातिक रूप से घटती आबादी के मद्देनजर कुछ समय के लिए उन राज्यों के नागरिकों को कानून के परिधि से बाहर रखने, कानून को लागू करने में अगर आवश्यक हो तो संविधान में उपयुक्त संशोधन करने की बात कही गयी है।

## अररिया डीएम ने की समेकित मत्स्य पालन/मत्स्य टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक



**अररिया।** जिला पदाधिकारी श्रीमती इनायत खान की अध्यक्षता में आज समाहरणालय स्थित आत्मन कक्ष में समेकित मत्स्य पालन/मत्स्य टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में मनरेगा योजना से तालाब का निर्माण, लघु सिंचाई विभाग द्वारा कराए जा रहे सरकारी तालाबों का जीर्णोद्वार कार्य, कृषि विभाग से संचालित योजना, जीविका को हस्तांतरित तालाब में मत्स्य पालन की स्थिति, जिले में मखाना उत्पादन हेतु कलक्टर निर्माण एवं मत्स्य पालन हेतु मत्स्य पालन के प्रशिक्षण की स्थिति पर गहन समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए योजनाओं में प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में महाप्रबंधक, उद्योग, जिला कृषि पदाधिकारी, डीपीओ मनरेगा, जिला गव्य पदाधिकारी, एलडीएम बैंकिंग, डीपीएम जीविका, जिला मत्स्य पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई, टीसी कोशी बेसिन आदि उपस्थित थे।

## विश्व जनसंख्या दिवस-परिवार नियोजन मेला आयोजित, जन-जागरूकता के लिये निकाली गयी साइकिल रैली



**अररिया ।** बढ़ती जनसंख्या को समय रहते नियंत्रित नहीं किया गया तो ये भविष्य में लोगों के समक्ष कई तरह की जटिलताएं पैदा कर सकता है। बढ़ती जनसंख्या के दुष्प्रभावों के प्रति आम लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कड़ी में अररिया कॉलेज अररिया व सदर अस्पताल परिसर में साइकिल रैली निकाली गयी। अररिया कॉलेज में आयोजित रैली को डीआईओ डॉ मोईज ने हरी झंडी दिखा कर शहर भ्रमण के लिये रवाना किया। वहीं सदर अस्पताल परिसर से निकाली गयी रैली की अगुआई सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने की। मौके पर विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों द्वारा परिवार नियोजन मेला आयोजित करते हुए नियोजन के लिये उपलब्ध संसाधनों की प्रदर्शनी लगायी गयी। मेला में शामिल लोगों को इसके उपयोग के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। इच्छित लोगों को इसका तत्काल लाभ उपलब्ध कराया गया।

सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने बताया कि बढ़ती जनसंख्या आम जिलावासियों के लिये चिंताजनक है। इस कारण उपलब्ध संसाधनों पर निरंतर दबाव बढ़ता जा रहा है। जो आने वाली पीढ़ी के समक्ष गंभीर चुनौती पेश कर सकता है। बढ़ती जनसंख्या के कारण विभिन्न तरह के आपदा व महामारी का खतरा लगातार बढ़ रहा है। कोरोना महामारी इसका ताजा उदाहरण है। अगर समय रहते इसे नियंत्रित नहीं किया गया तो ऐसी कई अन्य महामारियों का सामना करने के लिये हमें मजबूर होना पड़ेगा। स्वास्थ्य संबंधी लोगों की चिंताओं में इजाफा होगा। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ मोईज ने बताया कि सामूहिक जिम्मेदारी से ही बढ़ती जनसंख्या पर आसानी से काबू पाया जा सकता है। इसके लिये कम उम्र में होने वाली शादियों पर प्रभावी रोक लगाना होगा। इसके अलावा शादी के तीन साल बाद पहला बच्चा व दो बच्चों के बीच कम से कम दो साल का अंतराल एक कारगर कदम साबित हो सकता है। परिवार के आकार को छोटा रखकर हम दो हमारे दो की अवधारणों को अपना कर हम अपने परिवार की खुशहाली व समृद्धि के साथ जनसंख्या नियंत्रण संबंधी उपायों की मजबूती में अपना महत्वपूर्ण योगदान निभा सकते हैं। परिवार नियोजन के लिये आज हमारे स्थायी व अस्थायी संसाधनों के रूप में कई विकल्प मौजूद हैं। जो पूरी तरह सुरक्षित व उपयोगी हैं। योग्य दंपतियों को आसानी से उपलब्ध होगी जरूरी सेवाएं-डीसीएम सौरव कुमार ने बताया कि जनसंख्या नियंत्रण संबंधी उपायों की मजबूती के लिये जिले में 27 जून से 31 जुलाई तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इस क्रम में 27 जून से 10 जुलाई तक विभाग द्वारा दंपति संपर्क पखवाड़ा का आयोजन किया गया। विश्व जनसंख्या दिवस यानी 11 जुलाई से शुरू इसके दूसरे चरण में परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जाना है। इस क्रम में नियोजन संबंधी उपाय जैसे कापर टी, गर्भ निरोधक सुई, बंध्याकरण व नसबंदी के साथ गर्भ निरोधक गोलियों सहित अन्य सेवाओं का लाभ योग्य दंपतियों तक सुलभता पूर्वक पहुंचाया जाना है।

**आंदोलन** विधान पार्षदों के आवास पर घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन चलाया

## राज्यकर्मी में समायोजन, समान काम समान वेतन व पुरानी पेंशन की मांगों को लेकर शिक्षकों ने विधायकों के आवास पर घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन चलाया- प्रदीप कुमार पप्पू




**पटना ।**मंगलवार को बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार पप्पू के आह्वान पर दूसरे दिन राज्य के हजारों शिक्षकों ने अपने - अपने क्षेत्रीय विधायकों एवं विधान पार्षदों के आवास पर घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन चलाया तथा विधान मंडल में शिक्षकों की मांगों को मजबूती से रखने हेतु नैतिक दबाव बनाया। प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार पप्पू ने कहा कि महागठबंधन की सरकार विधानसभा चुनाव 2020 के वादे नियोजित शिक्षकों को राज्य कर्मी में समायोजन, समान काम समान वेतन एवं पुरानी पेंशन योजना लागू करने में अब तक असफल है। ज्ञातव्य हो कि संघ के आह्वान पर शिक्षकों सोमवार को विधान मंडल के समक्ष मांगों के समर्थन में धरना प्रदर्शन किया। संघ का आन्दोलन अनवरत जारी है। दुसरी तरफ महागठबंधन के विधानमंडल के बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वर्षो से कार्यरत नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी में समायोजन को लेकर अध्यापक नियुक्ति नियमावली में संशोधन करने हेतु विमर्श कर निदान करने की बात कही है। जिला अध्यक्ष भुवन कुमार एवं प्रधान सचिव संजय कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को पटना में जिला संघ मधेपुरा के संघीय पदाधिकारी द्वारा माननीय आलमनगर विधायक एवं पूर्व मंत्री नरेन्द्र नारायण यादव एवं सिंहेश्वर विधायक चंद्रहास चौपाल के समक्ष राज्यकर्मी का दर्जा देने की मांग को जोरदार तरीके से रखा है। सभी शिक्षक अपने - अपने विधायकों एवं विधान पार्षदों के आवास पर घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन के तहत लगातार डटे हुए हैं तथा विधान मंडल में शिक्षकों की मांग को उठाने के लिए दबाव बनाये हुए हैं। संघ के आन्दोलन का असर भी दिख रहा है। मधुबनी जिला अध्यक्ष संजीव कामत, सीतामढ़ी जिला अध्यक्ष पवन कुमार सहरसा जिला अध्यक्ष निरंजन कुमार जिला सचिव संजय राम, प्रखंड अध्यक्ष मुकेश कुमार, सुनील कुमार, पंकज कुमार, विजय भगत,संतकुमार भारती, आदि ने भाग लिया ।

## अधिवक्ता की पत्नी ने हत्या के आरोप को बताया झूठा, वरीय पदाधिकारी को आवेदन देकर उच्च स्तरीय जांच का किया मांग,चौसा थाना कांड संख्या - 181/23 से जुड़े मामले को आरोपी की पत्नी ने बताया साजिश

**चौसा।**चौसा थाना वार्ड संख्या -04 में बीते 03 जुलाई को गंदा नाला के पानी बहाने को लेकर हुए झड़प में घायल हुए एक 40 वर्षीय व्यक्ति अंजय मेहता के इलाज के दौरान हुए मौत पर मृतक के परिजनों द्वारा 06 जुलाई को चौसा थाना में हत्या का केश दर्ज करने को लेकर आरोपी अधिवक्ता की पत्नी ने इसे झूठा और साजिश करार दिया है। हत्या में नामजद किए गए अधिवक्ता की पत्नी रेखा कुमारी के द्वारा पुलिस अधीक्षक मधेपुरा सहित तमाम वरीय पुलिस पदाधिकारी को आवेदन देकर मामले की उच्च स्तरीय जांच करने की मांग की गई है।

श्रीमती रेखा ने अपने आवेदन में कहा है कि मेरे पति और हमलोगों को कानून के प्रति पूरी आस्था है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत के वैज्ञानिक कारणों का पता चल जाएगा।

न्यायायिक जांच पूरी होने और पोस्टमार्टम की फाइनल रिपोर्ट आने तक गिरफ्तारी के आदेश को स्थगित करने का निवेदन किया गया है। श्रीमती रेखा ने अपने आवेदन में लिखा है कि जिस समय की यह घटना चौसा थाना कांड संख्या - 181/23 में बताई गई है उससे पूर्व ही पेशे से अधिवक्ता मेरे पति हर दिन की भांति अनुमंडल व्यवहार न्यायालय उदाकिशुनगंज के लिए निकल चुके थे।

घटना के समय घटना स्थल पर मेरे पति उपस्थित नहीं थे। इस बात के दर्जनों सबूत हैं।

उन्होंने पुलिस के वरीय पदाधिकारी को विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर भी ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा है कि, मेरे पति एक सामाजिक विचारधारा से जुड़े एक प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं। इनके ऊपर आज तक एक भी एफ आई आर तक दर्ज नहीं है। विपक्षी पार्टी द्वारा 03 जुलाई को गंदा नाला के पानी को बहाने को लेकर हुए झड़प और उससे उत्पन्न विवाद में हुई दुर्घटना को तीन दिन बाद 06 जुलाई को साजिश के तहत हत्या का रूप दे दिया गया है। मामले की उच्च स्तरीय जांच में यह साबित हो जाएगा कि हत्या का आरोप सरासर गलत व साजिश के तहत लिया गया निर्णय है।

# ख़ास ख़बर

## संस्कार भारती के द्वारा स्कूली बच्चों के बीच होगी क्रांति तीर्थ प्रतियोगिता का आयोजन

**सहरसा/**आजादी के अमृत महोत्सव पर संस्कार भारती बिहार प्रदेश एवं इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल एंड कल्चरल स्टडीज इंडिया के तत्वाधान में जिला में क्रांतितीर्थ प्रतियोगिता का आयोजन होगा। स्कूल स्तरीय प्रतियोगिता 16-22 जुलाई के बीच व जिला स?तरीय प्रतियोगिता 30 जुलाई को देव रिसोर्ट के प्रांगण में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण नौ जुलाई से 15 जुलाई तक कराया जा सकेगा। प्रतियोगिता के दौरान वीर रस की काव्य पाठ, देशभक्ति गायन एवं चित्रकारी से जुड़े कक्षा 6 से कक्षा 10 तक के बच्चे भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता में प्रत्येक विधा में पहला, दूसरा व तीसरा स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 3100, 2100 एवं 1500 की राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही सात अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा। ये बातें संस्कार भारती सहरसा के संयोजक रवि कुमार ने आयोजित एक बैठक के दौरान कही।

## डोमिसाइल नीति के विरुद्ध विधानसभा घेराव कार्यक्रम में शामिल होंगे जिलें के भाजपाई





**सहरसा/** बिहार सरकार की गलत नीतियों के कारण बिहार में शिक्षक भर्ती परीक्षा में पहले से लागू डोमिसाइल नीति को खत्म करने के खिलाफ आगामी 13 तारीख को पटना में भाजपा द्वारा विधानसभा घेराव किया जाएगा।इस कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर मंगलवार को पटुआहा स्थित भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष दिवाकर सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई।जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि मुख्य मंत्री और उप मुख्यमंत्री द्वारा घोषित 20 लाख नौकरी देने के वादा खिलाफी के खिलाफ, शिक्षा व्यवस्था को गर्त में मिलाने और बिहार में बढती हत्या अपहरण के विरोध में बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष द्वारा घोषित विधानसभा का घेराव आंदोलन में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पटना पहुंचेंगे। जिसके लिए आज बैठक में चर्चा कर रुपरेखा तैयार की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि ट्रेन बस एवं निजी गाड़ी से पटना जायेंगे। जिसकी समीक्षा की गयी। बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष शिव भूषण सिंह, सिद्धार्थ सिंह सिद्धू, अनीता पासवान, जिला महामंत्री विनय झा, मनोज यादव, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शशि शेखर सम्राट, पंकज पाठक, रिंकी देवी, नमिता पाठक,अनमोल भगत, सुमित कुमार सिन्हा, दिनेश यादव,अंजू कुमारी कुशवाहा, रघुनंदन शर्मा, अभिनव कुमार, घनश्याम कुशवाहा, रंजू झा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एम्स निर्माण संघर्ष समिति की प्रखंड स्तरीय आम सभा व जन जागरुकता अभियान प्रारंभ



**सहरसा/**एम्स निर्माण संघर्ष समिति के बैनर तले 31 जुलाई को सम्पूर्ण सहरसा बंदी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूर्व सांसद आनन्द मोहन के नेतृत्व में सर्वदलीय नेताओं की आम सभा सौर बाजार से शुरू होगी।वही सभी प्रखंड में आम सभा एवं जन जागरुकता अभियान चलाया जाएगा।एम्स निर्माण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार झा और संरक्षक प्रवीण आनंद ने बताया कि 12 जुलाई को सौर बाजार और सोनवर्षा में सभा होगी।13 जुलाई को बनमा इतहरी में सभा होगी। जिसमें सभी पार्टी और सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि भाग लेंगे ।सभा में सहरसा ने क्या खोया क्या पाया विषय पर चर्चा होगी और एम्स अस्पताल के निर्माण के लिए 31 जुलाई को सहरसा बंदी को सफल बनाने के लिए सभी आम आवाम को तैयारी करने की अपील की जाएगी।एम्स निर्माण संघर्ष समिति ने पुरे सहरसा के आम जनता को सहरसा की वर्तमान स्थिति से अवगत कराने हेतू जन संपर्क अभियान चला रही है।इस ऐतिहासिक बंदी में सभी सरकारी कार्यालय सड़क मार्ग रेल मार्ग पुरी तरह से बंद रहेगा। साथ ही सभी सहरसा वासी अपने अपने घरों के आगे धरना पर बैठ कर प्रर्दशन करेगें।

# बिहार सिनेमा एवं सांस्कृतिक समिति को कला संस्कृति मंत्री ने दिया आश्वासन

**2 माह के अंदर मांगों पर विचार कर लिया जाएगा निर्णय- कला संस्कृति मंत्री**



**मोतिहारी 11 जुलाई अशोक वर्मा/** बदलते बिहार के कलाकारों ने अपनी शक्ति को प्रथम बार पहचाना और फिल्म निर्माण की अपार संभावनाओं को देखते हुये बिहार सरकार को आईना दिखा कर अपनी मांगों को जोरदार ढंग से उनके समक्ष रखा। पटना में आयोजित राज्य स्तरीय बैठक मे राष्ट्रीय स्तर के तकनिशियन, निर्देशक ,निर्माता एवं कलाकारों ने शिरकत की और अपनी बातों को जोरदार ढंग से रखा । कलाकारों की मुख्य मांग थी कि बिहार में फिल्म उद्योग सिटी का निर्माण जल्द से जल्द किया जाए तथा उद्योग का दर्जा प्राप्त फिल्म उद्योग को तमाम सुविधाएं दी जाए। सब्सिडी की भी व्यवस्था निर्माता निर्देशों के लिए की जाए ताकि कलाकार अधिक से अधिक भाग ले सकें और अपने कला का प्रदर्शन कर सकें। बैठक में बिहार के कोने-कोने से आए कलाकारों ने क्षेत्र के भौगोलिक स्थिति की भी जानकारी दी जिसमें चंपारण जिले से भाग लेने वाले सौरभ वर्मा उर्फ राजा के नेतृत्व में भाग लेने वाले कलाकारों ने कहा कि बिहार और झारखंड पहले एक राज्य था।झारखंड बनने के बाद बिहार का एक बहुत बड़ा प्राकृतिक संपदा और सौंदर्य वाला भाग झारखंड में चला गया लेकिन चंपारण जिले को बहुत ही रमणीय लोकेशन स्थल मिला जो फिल्म की शूटिंग के लिए उपयुक्त है। वहां काफी शूटिंग वहां की जा सकती है। नेपाल उत्तर प्रदेश से सटा हुआ पश्चिम चंपारण जिला पहाड़, नदी जंगल का बडा हीं रमणीय लोकेशन है। गांधी चंपारण सत्याग्रह स्थल भी काफी हैं । ऐतिहासिक और पौराणिक स्थलों के साथ-साथ स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन के काफी समृति स्थल हैं ।पटना सममेलन मे यह निर्णय लिया गया कि कला संस्कृति मंत्री से मिलकर अपनी बात रखेंगे।डेलिगेट ने मंत्री से मिलकर तमाम बातों पर विस्तार से चर्चा की और बिहार मे फिल्म निर्माण की संभावना पर बताया ।उनकी बातों को कला संस्कृति मंत्री गंभीरता से सुना । उन्होंने आश्वासन दिया कि 2 माह के अंदर इन तमाम बातों पर हम लोग विचार करके निर्णय लेंगे।डेलीगेट ने मत्री को बातो को गंभीरता से सुनने के लिये आभार प्रकट किया। शायद बिहार में अभी राजनीतिक उथल-पुथल का दौर चल रहा है इसलिए उन्होंने 2 माह का समय लिया है।सरकार बदलेगी कि नहीं बदलेगी ,गठबंधन टूटेगा नहीं टूटेगा ,यह बात अलग है ,लेकिन कलाकार समन्वय समिति ने कलाकारों के हीत के लिए जो पहल किया इसका प्रभाव बिहार के तमाम कलाकारों पर बड़ा ही सकारात्मक पड़ा है।बहुत से कलाकारों का यह कहना है कि कलाकारों को अपने पक्ष को बहुत पहले रखना चाहिए था ,परंतु विलंब ही सही लेकिन अभी माकूल समय है क्योंकि फिल्म निर्माण का स्वरूप धीरे-धीरे बदल रहा है ।बड़े पर्दे की फिल्में ,छोटे पर्दे की फिल्में और फिर उसके साथ साथ यूट्यूब चैनल पर आने वाले बड़े-बड़े कार्यक्रम भी आज देश-विदेश में धूम मचाए हुए है।

## अनुमंडलीय अस्पताल से विश्व जनसंख्यां दिवस का शुभारंभ किया गया



**सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)।** विश्व जनसंख्या दिवस पर आमजनों को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा मंगलवार को अनुमंडलीय अस्पताल के ओपीडी कक्ष के समीप जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया।मौके पर मौजूद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. एनके सिन्हा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष ÷परिवार नियोजन के अपनाओ उपाय, लिखो तरक्की का नया अध्याय%% को थीम के रूप में चुना गया है। इसके माध्यम से लोगों को परिवार नियोजन के बारे में जागरूक किया जाएगा। 31 जुलाई तक पूरे अनुमंडल क्षेत्र में यह अभियान चलाया जाएगा और परिवार नियोजन के उपायों के बारे में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा जानकारी दी जाएगी।इसके प्रति आम लोगों को जागरूक किया जाएगा।अनुमंडलीय अस्पताल चिकित्सा प्रभारी डा. एनके सिन्हा ने बताया कि जनसंख्या स्थिरीकरण को बढ़ावा देने के लिए 11 से 31 जुलाई तक अनुमंडल क्षेत्र के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा मंगलवार से शुरू कर दिया गया। इस दौरान क्षेत्र के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में परिवार नियोजन शिविर का आयोजन किया गया। इसमें योग्य और इच्छुक लाभार्थियों को महिला बंध्याकरण और पुरुष नसबंदी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। सभी सीएचसी, पीएचसी और अनुमंडलीय अस्पताल में परिवार कल्याण आपरेशन किया जाना है। इसके लिए प्रत्येक संस्थान को 100 महिला बंध्याकरण एवं 10 पुरुष नसबंदी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सभी स्वास्थ्य संस्थानों में परिवार नियोजन के अस्थाई साधन की समुचित सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। इसलिए जो लाभार्थी अस्थाई साधन को अपनाना चाहते हैं, वे अस्थाई साधन के रूप में कॉपर-टी, छाया, अंतरा, कंडोम समेत अन्य सुविधाओं को अपना सकते हैं।इस मौके पर अनुमंडलीय फास्ट प्रबंधक महबूब आलम अस्पताल स्वास्थ्य प्रबंधक अखिलेश कुमार, सफदर आलम,रणवीर कुमार,साधु कुमार सहित जीएनएम मौजूद थे।

## माकपा ने प्रतिरोध मार्च निकाल मधुबनी जिला प्रशासन का पुतला दहन




**सहरसा/**भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी सीपीएम जिला कमेटी पार्टी के राज्यव्यापी आहवान पर मंगलवार को स्टेडियम से प्रतिरोध मार्च निकाल समाहरणालय के गेट पर मधुबनी जिला प्रशासन पुतला दहन किया। पुतला दहन कार्यक्रम के बाद कामरेड गणेश प्रसाद सुमन की अध्यक्षता में चले नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते जिला सचिव रणधीर यादव ने कहा मधुबनी नगर निगम चुनाव 9 जुन को पलिवार गांव वार्ड नं 18 के बूथ संख्या1, 2 एवं 3 पर शांतिपूर्ण मतदान के दौरान वेवजह सदर एसडीओ मधुबनी द्वारा पुलिस के हाथों मतदाताओं पर लाठीचार्ज कर बुरी तरह से कई लोगों को घायल कर दिया गया।वही उल्टे आम लोगों को राजनगर थाना कांड संख्या 142/23 दर्ज कर तंग तबाह एवं प्रताड़ित किया जाने लगा। जिसके खिलाफ भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी सीपीएम मधुबनी विरोध प्रदर्शन किया।तो फिर मधुबनी थाना कांड संख्या 222/23 दर्ज कर माकपा जिला सचिव मनोज कुमार यादव को गलत तरीके से फंसाकर तंग तबाह एवं प्रताड़ित किया जा रहा है।जो जिला प्रशासन के मनमानी एवं तानाशाही रवैया को उजागर करता है। जिला माकपा जिला पदाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री बिहार के नाम प्रेषित स्मार पत्र में उपरोक्त दोनों थाना कांड संख्या की उच्च स्तरीय जांच कर निर्दोष लोगों को बड़ी करने एवं तानाशाही मधुबनी सदर अनुमंडल पदाधिकारी को अविलंब निलंबित करने की मांग किया गया।



**सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)।**सलखुआ प्रखंड के कोपरिया पंचायत की मुखिया बनकट्टी गांव निवासी अमृता कुमारी के ददिया ससुर व भींसी के दादा स्व. गणेश प्रसाद मंडल के संपिण्डन कार्यक्रम में नगर परिषद की पूर्व सभापति जदयू की वरिष्ठ नेत्री श्रीमती रेणु सिन्हा शामिल होकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर सच्ची श्रद्धांजलि दी।खगड़िया जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा यादव,रणवीर यादव, पूर्व विधायक ज़फ़र आलम, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सुरेंद्र यादव, मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष श्री विनय यादव, जदयू नेता अशोक सिंह,अनिल यादुका, दुर्गाकान्त झा, प्रवक्ता डॉ.लुत्फुल्लाह, अभिषेक रिक्की उर्फ बाबू, नीरज यादव,अमरेंद्र यादव आदि ने भी कार्यक्रम में शामिल हो कर श्रद्धांजलि दी।

## अनुमंडलीय अस्पताल में सक्रिय निजी नर्सिंग होम के दो दलाल को गार्ड ने पकड़ खदेड़ा




**सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)।**अनुमंडल अस्पताल में आये दिन निजी नर्सिंग होम के दलाल सक्रिय रहकर अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को बेहतर इलाज का भरोसा दिला कर निजी नर्सिंग होम में पहुंचा कर कमीशन की राशि उगाही करने का सिलसिला बदस्तूर जारी है । अनुमंडल अस्पताल एक्स-रे रूम में मंगलवार को संदिग्ध स्थिति में मरीज से बात करते दो युवक को संदेह के आधार पर अस्पताल में कार्यरत गार्ड ने पकड़ लिया। जिसकी सूचना गार्ड ने अस्पताल उपाधीक्षक डॉ नरेंद्र कुमार सिन्हा और अस्पताल प्रबंधन महबूब आलम को दी। इतना ही नही दोनों दलाल ने अस्पताल गार्ड को देख लेने की धमकी तक दे डाली। अस्पताल उपाधीक्षक और अस्पताल प्रबंधक द्वारा दोनों से पूछताछ करने पर एक निजी नर्सिंग होम का कर्मचारी बताया। अस्पताल उपाधीक्षक और अस्पताल प्रबंधक ने बताया कि बीते कई दिनों से सूचना प्राप्त हो रही थी कि अस्पताल परिसर में निजी नर्सिंग होम के सदस्य सक्रिय हैं और भोली भाली मरीज को अच्छे इलाज का प्रलोभन देकर अपने चयनित निजी नर्सिंग होम में लेकर चले जाते हैं। बेहतर इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूल करते हैं। अस्पताल उपाधीक्षक डॉ नरेंद्र कुमार सिन्हा ने दोनों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि आगे से अस्पताल परिसर में देखे जाने पर पकड़ पुलिस के हवाले कर प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी ।

## मटेश्वरधाम मंदिर के शिवलिंग का किया गया श्रृंगार पूजा





**सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)।** प्रखंड के बलवाहाट-कांठो स्थित मिनी बाबाधाम के नाम से प्रसिद्ध बाबा मटेश्वरधाम में सावन की दूसरी सोमवारी की शाम शिवलिंग का भव्य श्रृंगार पूजा का आयोजन किया गया। श्रृंगार पूजा से पूर्व मंदिर प्रबंधन के सदस्यों द्वारा संपूर्ण मंदिर परिसर पानी व गंगाजल से धोकर मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया। इस अवसर पर श्रृंगार, आरती एवं भजन - कीर्तन व जागरण का आयोजन किया गया।मटेश्वर धाम मंदिर के पंडा ने बताया कि सदियों पूर्व से प्रत्येक संध्या बाबा की आरती एवं श्रृंगार करने की परंपरा है। लेकिन सावन मास के अवसर पर बाबा के श्रृंगार की अलग ही महत्व है। कहते हैं कि मनोवांछित फल प्राप्त होने पर श्रद्धालु यह आयोजन करते हैं और उनकी मनोकामना पूरी होती है। पहली सोमवारी का बाबा का श्रृंगार पूजा एवं आरती का आयोजन स्थानीय ग्रामीणों द्वारा करवाया गया। इस दौरान मंदिर एलइडी लाइट एवं फूल से आकर्षक दिख रहा था। रात्रि में आयोजित भजन संध्या पर श्रद्धालु झूमते रहे। भजन संध्या का आयोजन मटेश्वर मंडली द्वारा किया गया।

## पूर्व विधायक ने युवक के आत्महत्या पर पीड़ित परिवार से मिल संवेदना व्यक्त की



**सोनवर्षा राज (सहरसा)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सोहा गाँव वार्ड नं एक निवासी सत्येंद्र सिंह के 28 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार सिंह गत 6 जुलाई को आत्महत्या करने की सूचना पर सोमवार को पूर्व विधायक किशोर कुमार मुन्ना ने आवास पर पहुच कर मृतक राहुल के माता-पिता से मिल कर ढांढस बांधा।मुन्ना ने कहा कि एक प्रतिभाशाली युवा के आत्महत्या से मर्माहत हूं।युवा वर्ग शिक्षक बनने की टूटती आस के कारण आज आत्महत्या करने पर मजबूर हो रहे हैं।सरकार ने शिक्षक भर्ती की जो घोषणा की वह स्वागतयोग्य है। लेकिन पहले इसमें बीपीएससी को घुसाने और उसके बाद अपने राज्य के युवाओं के भविष्य की चिंता छोड़ डोमिसाइल को हटाना एकदम गलत निर्णय है। हजारों नहीं लाखो युवा अपने भविष्य को अंधकारमय मानने लगा है।उन्होंने कहा कि अविलंब डोमिसाइल को पुनः लागू कर शिक्षक भर्ती को बीपीएससी से लेकर जल्द से जिला नियोजन इकाई गठित कर एकीकृत रूप से शिक्षकों की बहाली करवाई जाय।

**रैली** रैली को हरी झंडी दिखाने से पहले प्रधानाचार्य प्रोफेसर डॉ अमरनाथ चौधरी ने रैली को संबोधित किया

## विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर सेहत केंद्र व राष्ट्रीय सेवा योजना ने किया रैली का आयोजन







**सहरसा/**विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर राजेंद्र मिश्र महाविद्यालय में, सेहत केंद्र और राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से प्रधानाचार्य प्रोफेसर डॉ अमरनाथ चौधरी की अध्यक्षता में एवं कार्यक्रम पदाधिकारी सह सेहत केंद्र नोडल पदाधिकारी प्रो अमिष कुमार के देखरेख में एक रैली का आयोजन किया गया। रैली का नेतृत्व करते हुए एवं रैली को हरी झंडी दिखाने से पहले प्रधानाचार्य प्रोफेसर डॉ अमरनाथ चौधरी ने रैली को संबोधित किया और कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस का उद्देश्य परिवार नियोजन, लैंगिक समानता, गरीबी उन्मूलन, मातृ स्वास्थ्य और मानव अधिकारों के महत्व सहित जनसंख्या संबंधी चिंताओं के बारे में लोगों की जागरूकता बढ़ानी है। जनसंख्या वृद्धि के कारण देश में गरीबी, बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। कृषि योग्य भूमि को आवासीय भूमि के रूप में बदला जा रहा है, जिसका बुरा प्रभाव कृषि उत्पादन से लेकर पर्यावरण पर पड़ रहा है। रैली को संबोधित करते हुए सेहत केंद्र के नोडल पदाधिकारी प्रो अमिष कुमार ने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस हर साल 11 जुलाई को मनाया जाता है। हर साल इस दिन को दुनिया भर में जनसंख्या के वैश्विक मुद्दों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है। विश्व जनसंख्या में तेजी से वृद्धि विश्व को सभी क्षेत्रों में नई-नई चुनौतियां पेश कर रही हैं। जिसमें गरीबी और बेरोजगारी सबसे बड़ी चुनौती है। आज भारत जनसंख्या की दृष्टि से दुनिया का सबसे बड़ा देश बन चुका है। भारत एक विकासशील देश है। अगर भारत को विकसित राष्ट बनना है , तो जनसंख्या को नियंत्रित करना आवश्यक है ।जनसंख्या पर नियंत्रण शिक्षा एवं जागरूकता अभियान के तहत ही किया जा सकता है।इस रैली को महाविद्यालय के अन्य वरीय शिक्षकों में प्रो0ललित नारायण मिश्र, प्रो किशोर नाथ झा,प्रो राजीव झा,प्रो विनोद मोहन जायसवाल, प्रो पी सी पाठक ने भी संबोधित किया। रैली में छात्रों ने जब होगा छोटा परिवार तब होंगे सपने साकार" ,जनसंख्या बढ़ती जाएगी, तो बेरोजगारी लाएगी" ,"आबादी पर करो नियंत्रण तरक्की को दो आमंत्रण" एवं "हिंदू मुस्लिम, सिख, ईसाई, छोटे परिवार में सब की भलाई जैसे नारे लगाए गए। यह रैली महाविद्यालय परिसर से होकर तिवारी चौक होते हुए यादव चौक तक गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकों में प्रो बी डी चौधरी, प्रो माधवेंद्र झा, डॉ कविता कुमारी, डॉ सिंधु सुमन, डॉ शुभ्रा पांडे, डॉ पिंकी कुमारी, डॉ अपर्णा कुमारी, डॉ शालिनी शुक्ला, डॉ रमा कुमारी, डॉ डेजी कुमारी, डॉ श्वेता शरण, डॉ किरण कुमारी, डॉ गौरी कुमारी, डॉ निक्की कुमारी, डॉ हीरा कुमारी, डॉ रेणु कुमारी,डॉ अक्षय चौधरी, डॉ अरूप श्रीवास्तव, डॉ कमलाकांत झा, डॉ सुदीप झा ,डॉ बिलो राम, एवं डॉ आलोक कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## एम्स अस्पताल व ओवरब्रिज निर्माण को लेकर वैश्य समाज भी संघर्ष में होगा शामिल






**सहरसा/** नगर निगम चुनाव मे हुई हार को लेकर वैश्य समाज की बैठक मंगलवार को मीर टोला स्थित कार्यालय मे आयोजित हुई।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रामकृष्ण साह उर्फ मोहन साह की अध्यक्षता व उपाध्यक्ष बंजरंग गुप्ता के संचालन मे हुई।इस बैठक मे मुख्य रूप से नगर निगम चुनाव में हुई हार पर समीक्षा के साथ आगमी कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा किया गया।जिसमें एम्स एवं ओवरब्रिज के सवाल पर संघर्ष करने के साथ अन्य विकासात्मक कार्य को लेकर संघर्ष करने का निर्णय हुआ।इस बैठक मे मुख्य रूप से श्यामनंदन पोद्दार, विशाल कुमार बिट्टू,शशि सोनी ,राजीव रंजन साह, रमाशंकर भगत ,अजय कुमार भगत ,विवेक भगत ,ब्रजेश पोद्दार, मुन्ना गुप्ता ,लालबहादुर साह, रामनाथ साह, पुलकित साह, कैलाश साह,लाल प्रसाद साह,अशोक गुप्ता, कुश मोदी, ध्रुव ठाकुर,अनुरूद्ध साह,वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता,उमेश साह,संतोष गुप्ता,रंजीत चौधरी,मन्टुन भगत,राकेश दास, निरंजन कुमार, उपेन्द्र पोद्दार, संजय साह, किशोर कुमार, गणेश कुमार, विवेक कुमार सहित अन्य शामिल थे।

# भाकपा माले ने बिहार सरकार के खिलाफ किया धरना प्रदर्शन

## मनरेगा मजदूरों को नियमित काम व 600 रु मजदूरी का भुगतान किया जाए।




**बिक्रमगंज (रोहतास)/** जो जहां बसा है उनके मुकम्मल सर्वे के आधार पर नया आवास कानून बनाया जाय। पर्चा धारियों को दखल दहानी दिलाई जाए और 5 डिसमिल आवासीय जमीन पक्का मकान दिया जाए।जल जीवन हरियाली के नाम पर बीना पुनर्वास किए घरों को बुलडोजर से ध्वस्त करने पर अविलंब रोक लगाई जाए। मनरेगा मजदूरों को नियमित काम व 600 रु मजदूरी का भुगतान किया जाए। अखिल भारतीय खेत और ग्रामीण मजदूर सभा और मनरेगा मजदूर सभा प्रदेश कमेटी बिहार के संयुक्त आह्वान पर 11 जुलाई 23 को बिहार के सभी अनुमंडल मुख्यालय पर प्रदर्शन आयोजित किया गया। उसी आलोक में खेगरामास मनरेगा मजदूर सभा बिक्रमगंज के नेतृत्व में अनुमंडल मुख्यालय बिक्रमगंज के समक्ष एकदिवसीय धरना प्रदर्शन के माध्यम से 7 सूत्री मांग पत्र मुख्यमंत्री बिहार सरकार के नाम से अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज को ज्ञापन सौंपा गया। तेंदूनी काली स्थान से विरोध मार्च निकालकर अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए खेत मजदूर नेताओं ने कहा कि बिहार सरकार के सर्वसाधारण आहर ,पोखर व नहर के किनारे घर बनाकर वर्षों से रह रहे ग्रामीण गरीबों के घरों को जल जीवन हरियाली के नाम पर बिना पुनर्वास दिए बुलडोजर से घरों को गिराया जा रहा है। यह सरासर सामाजिक न्याय की भावना के खिलाफ है और अन्याय है। क्योंकि बिहार सरकार एक तरफ भूमिहीनों को 5 डिसमिल जमीन देने की बात करती है तो दूसरी तरफ उनके घरों को बुलडोजर से गिराया जा रहा है। जो ग्रामीण गरीबों के साथ धोखा है। इस सवाल पर प्रखंड मुख्यालय से लेकर जिला मुख्यालय और विधानसभा के समक्ष अनेकों बार धरना प्रदर्शन के माध्यम से ग्रामीण गरीबों के परेशानियों से सरकार को अवगत कराया जा चुका है । बावजूद बिहार सरकार अनसुना कर रही है बाध्य होकर खेत मजदूरों व मनरेगा मजदूरों के सवाल पर सड़क से लेकर संसद तक आंदोलन चलाने के लिए बाध्य हुए हैं। मंगलवार को यहां अनुमंडल कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन कर रहे हैं तो वही बिहार विधानसभा चालू सत्र के दौरान भाकपा माले लिबरेशन के 12 विधायकों ने विधानसभा के अंदर हमारे सवालों को जोरदार तरीके से उठाया है । जरूरत पड़ी तो आने वाले समय में पूरे बिहार को ठप करने के लिए के ग्राम व मनरेगा मजदूर सभा बाध्य होगा । खेगरामस राज्य कमेटी सदस्य कृष्णा मेहता , भैया राम पासवान , राजकुमार राम , अच्छेलाल पासवान ,जवाहरलाल सिंह , अजय कुमार सहित अन्य वक्ताओं ने सभा को संबोधित किया।

## खास ख़बर

## बिजली कटौती के खिलाफ नगर पंचायत अध्यक्ष ने पावर ग्रिड में ताला जड़ा



**काराकाट (रोहतास)/** नगर पंचायत काराकाट गोड़ारी पावर ग्रिड के मनमानी एंव कनिय अभियंता काराकाट के द्वारा फोन रिसीव नहीं करने और बिजली कटौती करने से क्षेत्र के लोग काफी परेशान है, वही इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने वर्तमान नगर अध्यक्ष के पास गए और अपनी सारी परेशानी साझा किया, जिसके बाद काराकाट गोड़ारी के वर्तमान नगर अध्यक्ष अभिभावक मुन्ना भारती ने लोगो के साथ गोड़ारी पावर ग्रिड पहुंचे और ग्रिड में ताला मार दिया । जब मुख्य पार्षद से मामले की जानकारी लिया गया तो पार्षद ने बताया की रोज रोज की परेशानी से अच्छा है की ग्रिड को ही बंद कर दिया जाए, कम से कम कर्मचारियों पर हो रही नाजायज खर्चा तो सरकार की बचेगी। जहां आम जनता हर रोज बिजली कटौती से परेशान हो रही है लेकिन अधिकारी व बिजली विभाग कर्मचारी के कान पर जूं तक नहीं रेंग रेंग रहे है।

## बाइक चोर को रंगेहाथ पुलिस ने पकड़ा



**कोचस (रोहतास)/** दिन पर दिन चोरों का मनोबल बढ़ता जा रहा है, कहीं भी किसी समय घटनाओं को बेखौफ हो अंजाम दे रहे हैं। वही पुलिस भी इन चोरों के प्रति सख्ती से कार्रवाई कर रही है जिसमें चोरों को कहीं ना कहीं से गिरफ्तार कर जेल भेज रही है। वहीं कोचस पुलिस ने संध्या गस्ती के दौरान एक बाइक चोरी कर भाग रहे दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। इसकी जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष अमोद कुमार ने बताया कि पुलिस संध्या गस्ती के दौरान बाइक चुराकर भाग रहे दो चोरों को थाना क्षेत्र के धर्मावती नदी के राष्ट्रीय राजमार्ग 30 से गिरफ्तार कर लिया है जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर बी आर 24 एस 8753 है। दोनों गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान अंकित कुमार उम्र 18 वर्ष पिता राकेश लाल तथा जितेंद्र कुमार उम्र 22 वर्ष पिता कन्हैया बारी दोनों ग्राम दिनारा वार्ड तीन थाना दिनारा जिला रोहतास के रूप में पहचान हुई है। वहीं पुलिस गिरफ्तारी के बाद दोनों चोरों से निषेध पूछताछ कर अपराधिक इतिहास खंगाल रही है।

## बिहार सरकार के खिलाफ आंदोलन हेतु पटना रवाना हुए शिक्षक



**काराकाट (रोहतास)/** प्रखंड के बिहार शिक्षक संघर्ष मोर्चा के सदस्य अध्यापक नियुक्ति नियमावली 2023 के विरोध में धरना-प्रदर्शन में शामिल होने के लिए पटना के गर्दनीबाग पहुंच गए हैं। टेट स्टेट उतीर्ण नियोजित शिक्षक संघ काराकट प्रखंड के अध्यक्ष इस्लाम अली ने बताया कि 10-14 जुलाई तक बिहार विधानसभा की मानसून सत्र चलना है। इस दौरान बिहार शिक्षक संघर्ष मोर्चा पटना के आह्वान पर अध्यापक नियुक्ति नियमावली-2023 के विरोध के साथ नियोजित शिक्षक को राज्यकर्मी की दर्जा देने की मांग के लिए पटना के गर्दनीबाग में धरना-प्रदर्शन करेंगे।

## ट्रक लूट कांड मामलें में तीन गिरफ्तार, ट्रक,मोबाइल सहित कार किया बरामद



**बिक्रमगंज (रोहतास)/** पुलिस ने ट्रक लूट कांड के मामले में तीन अपराधकर्मियों को किया गिरफ्तार। पुलिस ने मामले में 10 चक्का का एक ट्रक , 4 मोबाइल एवं एक टाटा इंडिको कार को किया बरामद । रोहतास पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि 16 व 17 जून की रात्रि में आजमगढ़ से रोहतास जिला अंतर्गत नासरीगंज बालू घाट जाने के क्रम में बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के ग्राम धारूपुर स्थित बिक्रमगंज-डिहरी मुख्य मार्ग पर अज्ञात अपराधियों ने 10 चक्का ट्रक के द्वारा एक 14 चक्का ट्रक जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर क्क50 सीटी 3030 को ओवरटेक करके रोका एवं उनमें सवार 4 अपराधकर्मियों के द्वारा यूपी 50 सीटी 3030 में घुसकर चालक एवं खलासी को बंधक बनाकर ट्रक को लूट लिया गया । जिस संदर्भ में बिक्रमगंज थाना कांड संख्या 309/23 दिनांक 17 जून 2023 के आलोक में सुसंगत धारा 392 भादवी दर्ज की गई । कांड के उद्भेदन एवं अपराध कर्मियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक श्री कुमार के द्वारा त्वरित मामले को संज्ञान में लेते हुए एक विशेष टीम का गठन करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सतीश कुमार उम्र 20 वर्ष पिता अनिल ठाकुर साकिम सितुहारी थाना नारायणपुर जिला भोजपुर को गिरफ्तार किया गया। साथ ही उनसे पूछताछ करने पर इनके द्वारा उक्त कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की ।गिरफ्तार अपराध कर्मी के निशानदेही पर मामले में संलिप्त अपराध कर्मियों में पप्पू कुमार उर्फ प्रदीप उम्र 20 वर्ष पिता वेद प्रकाश सिंह साकिम भलूनी एवं रंजय कुमार उम्र 23 वर्ष पिता राम शरण साह साकिम घासी दोनों थाना नारायणपुर जिला भोजपुर को गिरफ्तार किया गया।

## एसडीएम ने सूर्यपुरा पंचायती राज कार्यालय का किया उद्घाटन



**बिक्रमगंज (रोहतास)/** पंचायती राज विभाग कार्यालय का उद्घाटन मंगलवार को अनुमंडल पदाधिकारी उपेंद्र कुमार पाल ने फीता काटकर किया ।

उद्घाटन के उपरांत एसडीएम ने कहा कि सूर्यपुरा प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, ग्रामीण विभाग जेई, लेखापाल सहित अन्य कर्मियों के बैठने के लिए कोई भवन नहीं था ।जिस कारण से इन सभी को विभाग के कार्यों का निष्पादन करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था । फिलवक्त यह सभी प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सूर्यपुरा पंचायत भवन में बैठकर किसी तरह अपने कार्यों का निष्पादन कर रहे थे ।परंतु अब सूर्यपुरा प्रखंड पंचायती राज विभाग का भवन पूरी तरह सुसज्जित बनकर तैयार हो गया है । आज से यह सभी लोग यहीं बैठकर अपने कार्यों का निष्पादन करना शुरू करेंगे । मौके पर उपस्थित बीडीओ वीणा पाणी, सीओ , अनिल प्रसाद सिंह,भूमि सुधार एवं राजस्व पदाधिकारी दिव्य प्रकाश, पंचायती राज पदाधिकारी अभय कुमार ,प्रखंड प्रमुख मीना देवी, सांख्यिकी पदाधिकारी सत्येंद्र सिंह, जेई मनमीत कुमार, लेखापाल ज्योती कुमारी,मुखिया भागीरथी सिंह ,प्रमोद चंद्रवंशी ,पंचायत सचिव एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे ।

## पैक्स सूची से पैक्स अध्यक्ष को मानसिक रूप से आश्वस्त बता सूची से काटा नाम



**काराकाट (रोहतास)/** एक अजीबो गरीब मामला सामने आया जब बाराडीह पंचायत काराकाट से एक स्वस्थ व्यक्ति को कागज में मानसिक रूप से अस्वस्थ अभियुक्ति दे दिया गया

ये पूरा मामला बाराडीह पंचायत का है जहाँ के एक पूर्णतः स्वस्थ व्यक्ति नाम प्रेम प्रकाश पाठक पिता श्री कृष्ण भूषण पाठक जिन्होंने पैक्स सूची में अपना नाम दर्ज करने हेतु अपना आवेदन किया था लेकिन वहाँ के वर्तमान पैक्स अध्यक्ष अजय कुमार सिंह उर्फ हीरालाल द्वारा अपनी अभियुक्ति में यह तक दे डाला कि प्रेम प्रकाश पाठक दिमागी संतुलन बेहतर नही है

आप सब को यह जानकारी हो कि जब भी कोई व्यक्ति पैक्स सूची में अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन करते है तत्पश्चात उस पंचायत के वर्तमान पैक्स अध्यक्ष उसका निरीक्षण कर अपना अभियुक्ति जरूर देते हैं

ऐसे में अभियुक्ति हजारों प्रकार के हो सकते हैं लेकिन यह एक स्वस्थ व्यक्ति के साथ अभियुक्ति देना काफी आश्चर्य है ऐसे में प्रेम प्रकाश पाठक ने कहा की यह मेरे साथ मानसिक रूप से प्रताड़ना किया जा रहा है

जिस कारण से हमने तीन आवेदन दीया है

एक डीएम साहब के पास, दूसरा एसडीएम तथा तीसरा काराकाट थाना के पास ऐसे मामला सिर्फ मेरे साथ नहीं है बल्कि पूरे बाराडीह पंचायत के लगभग सैकड़ों लोगों के साथ किसी ना किसी कारण अभियुक्ति देकर उनके नाम को पैक्स के सूची में नहीं जोड़ने देना चाहते जिसमें अधिकतम किसान लोग है।

## फाईलेरिया जांच शिविर का हुआ आयोजन



**कोचस (रोहतास)/**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोचस प्रभारी के देख रेख़ में एन बी एस कार्यक्रम के तहत फाइलेरिया से ग्रसित रोगियों का चिताव में रात्री मे कैंप लगा कर सैंपल कलेक्शन किया गया। इसकी जानकारी देते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ तुषार कुमार ने बताया कि सोमवार की रात्रि मे कैंप लगाकर फलेरिया संबंधित जांच के लिए लोगों से सैंपल ली गई। वही इस कैंप के दौरान लग भग सौ से अधिक लोगो का जॉच के लिए सैंपल को कोचस पीएचसी लैब में लाया गया द्य इस कार्य क्रम के दौरान चिताव के ग्रामीण जनता के द्वारा स्वास्थ्य विभाग के इस कार्यक्रम कि सराहना कि गई। कार्यक्रम मे उपस्थित वर्तमान सरपंच व मुखिया के द्वारा गांव के जो लोग फाइलेरिया से ग्रसित हैं उन्हें जांच कराने एवं पी एच सी कोचस से दावा लेने के लिए सुझाव के साथ अपील की गई द्य जॉच करने गए जीएनएम राहुल कुमार, वरीय उपचार प्रयवेक्षक सोनू कुमार शर्मा, लैब टेक्नीशियन प्रभु कुमार के द्वारा उपस्थित लोगों कि जॉच कि गई द्य इस मौके पर संबंधित आशा एवम ग्रामीण जनता उपस्थित रहें द्य

## नीतीश सरकार के विरुद्ध बिहार शिक्षक संघ ने बोला हल्लाबोल



**सासाराम (रोहतास)/** पटना बीपीएससी टीचर भर्ती नियमावली के विरोध में आए शिक्षक अभ्यर्थी और संविदा टीचरों को राज्यकर्मी का दर्जा देने की मांग को लेकर बिहार विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। राजधानी पटना में राज्य के कई जिलों से आए शिक्षक प्रदर्शन कर रहे हैं। पटना के गर्दनीबाग धरना स्थल पर संविदा शिक्षकों का प्रदर्शन चल रहा है। अपनी मांगों को लेकर राज्यभर के करीब 1 लाख शिक्षक आज मंगलवार को विधानसभा का घेराव भी किया। शिक्षकों की मांग है कि 2020 में विधानसभा चुनाव के वक्त बिना शर्त नियोजित शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा देने का वादा किया था, उसे पूरा किया जाए नियोजित शिक्षकों की ओर से किए जा रहे प्रदर्शन के सपोर्ट में माले के 12 सभी विधायक आ गए हैं। बिहार विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन सदन के बाहर माले के विधायकों ने टीचरों के सपोर्ट में प्रदर्शन किया। माले के विधायकों का कहना है कि [illegible] के जरिए टीचरों की भर्ती ठीक है, लेकिन संविदा टीचरों को इससे बाहर रखकर उन्हें राज्यकर्मी का दर्जा दिया जाए।

## पुलिस हिरासत में हुई मौत की पूर्व सांसद ने की दोषियो के विरुद्ध कार्रवाई की मांग





**सहरसा/** जिला के पतरघट स्थित चोबनिया मुसहरी निवासी दिलीप सादा की मौत पर पूर्व सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने मंगलवार को उनके घर जाकर मातमपूर्सी करते हुए आर्थिक मदद भी दी।परिजनो ने बताया कि पुलिस ने विगत 7 जुलाई को देसी शराब के साथ पकड़कर जेल भेज दिया था।जहां 9 जुलाई को उनकी तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।जहां हॉस्पिटल में उनकी मौत हो गई। जिसकी सूचना पर पूर्व सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और मामले की पूरी जानकारी प्राप्त की। परिजनों का कहना है कि पुलिस द्वारा हिरासत में उनके साथ घोर अमानवीय व्यवहार किया गया और उन्हें खूब मारा पीटा गया था। जिससे उनकी तबीयत बिगड़ी।पूर्व सांसद ने इस मामले में जांच की मांग कर दोषी लोगों के ऊपर कार्रवाई की भी मांग की।मामले में उन्होने पुलिस अधीक्षक से भी बातचीत की।

**महाविद्यालय** जनसंख्या दिवस जागरूकता रैली को एसडीएम ने दिखाई हरी झंडी

## अंजबीत सिंह महाविद्यालय में एसडीएम ने सेहत केंद्र का किया उद्घाटन



**बिक्रमगंज (रोहतास)/** विश्व जनसंख्या दिवस पर मंगलवार को स्थानीय शहर के शिक्षा क्षेत्र में ख्यातिप्राप्त अंजबीत सिंह महाविद्यालय के परिसर में सेहत केंद्र का उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ । कार्यक्रम के आरंभ में महाविद्यालय के प्रशासक ने मुख्य अतिथि एसडीएम उपेंद्र कुमार पाल को गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया । तत्पश्चात कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी उपेंद्र कुमार पाल व महाविद्यालय प्रशासक सह भूमि सुधार उप समाहर्ता अविनाश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया । साथ ही साथ उक्त दौरान अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ ओमप्रकाश , बीएचएम अशोक कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे । उसके उपरांत एसडीएम श्री पाल के द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस कार्यक्रम में भाग लिए छात्र व छात्राओं को प्रशस्ति प्रमाण पत्र दिया गया । उसके बाद एसडीएम श्री पाल , महाविद्यालय प्रशासक श्री सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को महाविद्यालय परिसर से रवाना किया गया । जिस जागरूकता रैली में उक्त महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने हाथों में तख्ती लेकर उक्त दिवस पर छोटा परिवार सुखी परिवार व हम दो हमारे दो नारों के साथ जागरूकता रैली में उत्साह पूर्वक भाग लिए । जागरूकता रैली महाविद्यालय परिसर से निकाली गई और आस्कामिनी मंदिर होते हुए बिक्रमगंज -डिहरी मुख्य मार्ग के रेलवे क्रॉसिंग तक जाकर पुनः महाविद्यालय परिसर में आकर सम्पन्न हुआ । आपको बताते चलें कि उक्त केंद्र की स्थापना के लिए बिहार सरकार स्वास्थ्य मंत्रालय ने राशि प्रदान की है । इस केंद्र की नोडल अधिकारी डॉक्टर चिंटू पूर्व विभागाध्यक्ष राजनीतिशास्त्र उक्त कार्यक्रम की आयोजन कर्ता थी । एसडीएच उपाधीक्षक डॉ ओम प्रकाश ने बताया कि जिले के हर महाविद्यालय में सेहत केंद्र खोलने की योजना है । सम्भवतः रोहतास जिला में यह पहला कॉलेज अंजबीत सिंह महाविद्यालय बिक्रमगंज है । जहां मंगलवार को सेहत केंद्र का शुभारम्भ हुआ । इसके लिए उन्होंने महाविद्यालय प्रशासन और सभी शिक्षक , कर्मचारियों , छात्र व छात्राओं को बधाई दी । उन्होंने बताया कि फर्स्ट ऐड के रूप में यह केंद्र सभी के लिए काम आएगा । उक्त महाविद्यालय के प्रशासक अविनाश कुमार सिंह ने भी सभी को हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई दी और साथ ही कार्यक्रम के आयोजनकर्ता डॉक्टर चिंटू को विशेष रूप से धन्यवाद दिया । सैकड़ों की संख्याओं में छात्रों ने इस कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और सहयोग किया । कार्यक्रम सम्पन्न होने के उपरांत महाविद्यालय प्रशासन ने अपने हाथों से कुछ छात्रों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र दिया , जिसे पाकर छात्रों के बीच काफी खुशी की लहर देखी गई । कार्यक्रम में मुख्य रूप से कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉक्टर संतोष कुमार सिंह, प्रो सूफिया परवीन, प्रो शशि भूषण, प्रो संतोष कुमार, प्रो अनिल कुमार, प्रो पंकज कुमार , मोहम्मद परवेज अहमद , मोहम्मद फजल अहमद , डॉ राजीव कुमार ,शिक्षकेतर कर्मियों में अरुण कुमार सिंह, अक्षय कुमार प्यारे , सत्येंद्र पांडेय, विनोद कुमार सिंह, कामेंद्र कुमार , महाविद्यालय के छात्राओं में तनु कुमारी , ज्योति कुमारी , क्षमा , अवनी , प्रियंका सहित सभी शिक्षक , कर्मचारी व छात्र-छात्रा उपस्थित थे ।

## नवजात शिशु को झोले में रखकर सड़क के किनारे फेंका, पुलिस के विलंब पहुंचने से शिशु की हुई मौत



**बिक्रमगंज (रोहतास)/** काराकाट थाना क्षेत्र के कुसीयाडी गांव के समीप ईटम्हां सकला पथ पर नवजात शिशु को झोले में रखकर फेंकने का मामला प्रकाश में आया है। इसकी जानकारी लोगों को सुबह में हुआ , जब पथ पर टहलने के लिए लोग जा रहे थे। ग्रामीणों के अनुसार बताया जाता है कि पथ के किनारे झोले में शिशु रखा हुआ था। शिशु को फेंकने की खबर गांव में आग की तरह फैल गई। देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गयी।ग्रामीणों ने काराकाट पुलिस को सूचना दिया , लेकिन पुलिस काफी देर बाद पहुंची। बिक्रमगंज एसडीपीओ शशि भूषण सिंह के हस्तक्षेप के बाद काराकाट पुलिस घटना स्थल पर पहुंची।

ग्रामीणों ने बताया कि काराकाट थाना को सूचना दिया गया। लेकिन तीन बजे तक पुलिस नहीं पहुंची तो बिक्रमगंज एसडीपीओ शशि भूषण सिंह को इसकी जानकारी दी गयी, तब पुलिस हरक्कत में आयी ।बिक्रमगंज एसडीपीओ शशि भूषण सिंह को जैसे ही इसकी जानकारी मिली तो काराकाट पुलिस को फोन किया , तब जाकर घटनास्थल पर पुलिस पहुंची। महिला दारोगा नेहा कुमारी, अंजलिका कुमारी पहुंची।

शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया। ग्रामीणों ने पुलिस पर आरोप लगाया कि अगर समय से पुलिस पहुंचती , तो शिशु की जान बच जाती। क्योंकि सुबह में शिशु जीवित था। पुलिस सवा तीन बजे पहुंची , तब तक शिशु की मौत हो चुकी थी।

## ख़ास ख़बर

### मोहनियाअनुमंडल अस्पताल में अचानक लगी आग अफरा-तफरी का माहौल



**कैमुर मोहनिया/**कैमूर जिले के अनुमंडल अस्पताल मोहनिया में अचानक आग लग गई जिसमें चारों तरफ अफरा-तफरी का माहौल हो गया आग का धुआं अनुमंडल अस्पताल मोहनिया के परिसर में चारों तरफ फैल गया जिससे अस्पताल में मौजूद ए एन एम और मरीज के परिजन सभी लोग बाहर की तरफ भागने लगे लेकिन वहां मौजूद कर्मियों ने हिम्मत दिखाते हुए अस्पताल परिसर में मौजूद आग बुझाने वाले यंत्र की सहायता से आग पर पूरी तरह काबू कर लिया इस दौरान अस्पताल परिसर का वायर पूरी तरह शॉर्ट सर्किट से जल गया और आग की चपेट में रखे बेडशीट भी जल गए और इमरजेंसी में पूरी तरह अंधेरा छा गया मौके पर पहुंची पुलिस और अस्पताल परिसर के कार्रवाई करने में जुट गए।इस संबंध में जानकारी देते हुए अनुमंडल अस्पताल मोहनिया के उपाधीक्षक डॉक्टर बदरुद्दीन बताते हैं कि सीढ़ी के बगल में लगे बिजली विभाग के पैनल बोर्ड में आग लग गई थी कोई ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है आग बुझाने वाले यंत्र जो अस्पताल में मौजूद थे उसे आग पर काबू पा लिया गया है कुछ बेडशीट को नुकसान पहुंचा है बाकी किसी प्रकार की कोई क्षति नहीं

### उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल,बिजली कटौती ने भी बढ़ाई परेशानी



**शशिकांत शुक्ल/**मोहनिया कैमूर।मोहनिया थाना क्षेत्र में मौसम अपना रंग दिखाने लगा है।उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल हैं। गर्मी के कारण वे पसीने से तर बतर हैं। हालांकि, पिछले दिनों की तुलना तापमान जरूर बढ़ा हुआ है, लेकिन वह लोगों के लिए नाकाफी है।वहीं बिजली कटौती ने उनकी परेशानी बढ़ा दी है।पिछले करीब एक सप्ताह से उमस भरी गर्मी से लोग परेशान हैं। एक दिन पहले हुई बारिश से उम्मीद की किरण बंधी थी कि अब लोगों को गर्मी से निजात मिलेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बारिश के बाद उमस का दौर शुरू हो गया। इससे लोग पसीने से तर-बतर हो रहे हैं। सुबह से ही गर्मी का प्रकोप शुरू हो जाता है। दोपहर में तो उनकी परेशानी और बढ़ जाती है। वहीं जैसे जैसे सूरज का पारा चढ़ता है वैसे वैसे गर्मी का प्रकोप बढ़ता चला जाता है। तेज चिलचिलाती धूप में घर से बाहर निकलना दूभर हो रहा है।गर्मी का प्रकोप इतना अधिक है कि दिन ढल जाने के बाद भी लोग उमस से बेहाल रहते हैं। वहीं मंगलवार को बिजली कटौती ने परेशानी और ज्यादा बढ़ा दी।चौरसिया फीडर के जेई रमाकांत पटेल ने बताया कि लोड अधिक होने की वजह से बिजली की ट्रिपिंग हो रही है।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 26 वर्षीय महिला पिंकी देवी बुरी तरह से झुलस गई



**कैमूर से जिला संवाददाता संदिप कुमार कि रिपोर्ट/** कैमूर जिला के चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत करजांव गांव में धूप भरी मौसम में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 26 वर्षीय महिला पिंकी देवी पति अजीत कुमार बुरी तरह से झुलस गई वही परिजनों द्वारा आनन-फानन में सदर अस्पताल भभुआ लाया गया जहां इलाज जारी है वहीं परिजनों के द्वारा बताया गया कि महिला अपने घर के आगे जा रही थी जहां ऊपर में बिजली की तार लगा हुआ था जिस पर आकाशीय बिजली के गिरने से बुरी तरह से झुलस गई

# कैमूर के भभुआ बंद कमरे से संदिग्ध अवस्था में फांसी के फंदे से लटका मिला एक युवती का शव परिजनों में कोहराम



**कैमुर/**कैमूर जिले खबर सामने आ रही है की भभुआ मुख्यालय वार्ड 1 में बंद कमरे से संदिग्ध अवस्था में फांसी के फंदे से लटका एक युवती का शव मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया मिली जानकारी के अनुसार कैमूर जिले के भभुआ वार्ड एक निवासी स्वर्गीय संजय पांडेय की 20 वर्षीय पुत्री अनुष्का पांडेय सोमवार को फांसी के फंदे पर लटकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को अहले सुबह भगवान शिव की पूजा अर्चना करने के बाद मां बबली पांडेय ने द्वारा कहा गया कि तुम घर पर ही रहना जो ड्यूटी करने के लिए मां नगरपालिका रैन बसेरा में चली गई। उसके बाद मृतिका किन मौसेरी बहन उसके साथ में थी। तो वो भी कोचिंग पढ़ने के लिए चली गई। करीब 10 बजे के समय घर में कोई नहीं था वही अकेले में बंद कमरे के अंदर दुपट्टे का फंदा बनाकर पंखे से लटक गई जिसकी मौत हो गई है। मौके पर पहुंचे नगर परिषद सभापति बबलू तिवारी ने बताया कि वार्ड एक पार्षद प्रतिनिधि बलदाऊ सिंह द्वारा सूचना दी गई कि घर में एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मौके पर पहुंच युवती को फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी जिसके बाद नीचे उतारा गया। लेकिन अभी तक इस घटना के बारे में जानकारी नहीं चल पाया है की युवती क्यों और कैसे फांसी लगाकर आत्महत्या की है।यह जांच का बिषय है।वही पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले जानकारी लेकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा जहां सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। इधर बेटी के मौत पर मां की काफी तबीयत बिगड़ गई जहां परिजनों द्वारा मां बबली पांडेय को सदर अस्पताल में भर्ती कराकर चिकित्सक द्वारा इलाज किया जा रहा है।


## नशे व नशेड़ीयों के विरुद्ध प्रशासन व जनप्रतिनिधियों ने किया बैठक





**कैमूर-** जिला अंतर्गत कुदरा थाना परिसर में प्रशासन व जनप्रतिनिधियों ने नशे व नशेड़ीयों के विरुद्ध किया बैठक, युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त में आते देख किया गया चिंता व्यक्त। आपको बता दें कि बिहार सरकार द्वारा शराब बिक्री पर पूर्ण रूप से रोक व शराबबंदी कानूनों को बनाने के बावजूद भी आए दिन देखने को मिलता है, कि गांव बाजार चौक चौराहों पर लोग नशे में धुत्त हो हंगामा करते मिल जाते हैं। नशेड़ियों द्वारा नशे की पूर्ति के लिए पैसा उपलब्ध ना होने के स्थिति में नशे की पूर्ति के लिए चोरी लूट हत्या तक के घटनाओं को अंजाम दे दिया जाता है।जो कि बहुत ही चिंता का विषय है। जिस संदर्भ में अनुमंडल पुलिस निरीक्षक रामजी गुप्ता के द्वारा कुंदरा प्रखंड के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक किया गया। नशे पर पूरी तरह से रोक के लिए जनप्रतिनिधियों से सहयोग मांगा गया। साथ ही प्रशासनिक कर्मियों को निर्देशित किया गया कि नशेड़ीयों के साथ ही नशे के कारोबारियों के विरुद्ध सख्त कदम उठाने की जरूरत है।उक्त बैठक में थानाध्यक्ष संजय कुमार के साथ ही थाना अंतर्गत कार्यरत प्रशासनिक कर्मी, कुदरा नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार पाल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मिथिलेश सिंह, सकरी पंचायत के मुखिया धनजीत चौधरी भदौला पंचायत के सरपंच दिलीप कुमार सिंह के साथ ही प्रखंड के अन्य जनता उपस्थित

### कार्यपालक अभियंता जमानिया पंप नहर प्रमंडल मोहनिया द्वारा बताया गया कि कार्य प्रगति पर है एवं विभाग द्वारा उद्घाटन के संबंध में कोई सूचना प्राप्त नहीं है



**कैमुर भभुआ/** आज जिलाधिकारी सावन कुमार के द्वारा कैमूर जिला अंतर्गत जैतपुरा पंप कैनाल, तियरा पंप कैनाल एवं धडहर पंप कैनाल के निर्माण कार्य से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई और निम्नवत दिशा निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा मीडिया के माध्यम से आ रहे हैं कैनाल पंप के उद्घाटन के संबंध में पृच्छा की गई कार्यपालक अभियंता जमानिया पंप नहर प्रमंडल मोहनिया द्वारा बताया गया कि कार्य प्रगति पर है एवं विभाग द्वारा उद्घाटन के संबंध में कोई सूचना प्राप्त नहीं है जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा कार्यपालक अभियंताओं को निर्देश दिया गया कि अधूरे कार्य का यदि जबर्दस्ती उद्घाटन किया जाएगा तो उद्घाटन कराने वालों पर कनिया अभियंता एवं संवेदक द्वारा नियमाकुल करवाई किया जाएगा क्योंकि अधूरे कार्य के उद्घाटन के फलस्वरूप संपूर्ण परियोजना में लगे राशि के क्षति होने से इनकार नहीं किया जा सकता

जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा मीडिया में आ रहे पंप कैनाल के उद्घाटन की खबर में कहा गया कि कार्य पूर्ण रूप से समाप्त होने के उपरांत विभागीय निर्देश के आलोक में उद्घाटन किया जाएगा बैठक में कार्यपालक अभियंता, जमानिया पंप नहर प्रमंडल, मोहनिया, कार्यपालक अभियंता, यांत्रिक प्रमंडल मोहनिया, कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, भभुआ एवं अंचलाधिकारी, दुर्गावती सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## परिजनों की लापरवाही बना 13 वर्षीय बच्चे की मौत का कारण



**कैमूर-** जिला मुख्यालय भभुआं वार्ड 14 अभिभावक की लापरवाही बना 13 वर्षीय बच्चे की मौत का कारण। मिली जानकारी के अनुसार भभुआं वार्ड 14 में खेल खेल में गोली लगने से एक बच्चे की मौत हो गई। किशोर सासाराम थाना क्षेत्र के कबीरगंज मुहल्ले की मुन्ना साह का 13 वर्षीय पुत्र राज गुप्ता उर्फ गोलू बताया जाता है। जानकारी के मुताबिक बताया जाता है कि किशोर अपने ननिहाल मुराहु साह के यहा भभुआं वार्ड 14 में आया हुआ था। जहां तकिया के नीचे लोडेड कटा रखा हुआ था जो कि बच्चों के हाथ लग गया। जिसे खेल खेल में एक भाई ने दूसरे भाई पर तान दिया हथियार लोड था अचानक गोली चल गया जो कि 13 वर्षीय राज गुप्ता उर्फ गोलू को लग गई जिससे कि वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां



परिजनों द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल भभुआं लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक इलाज करने के उपरांत बेहतर इलाज के लिए वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। लेकिन चंदौली जाते-जाते बच्चे ने दम तोड़ दिया।परिजनों द्वारा अंत्य परीक्षण के लिए सदर अस्पताल भभुआं लाया गया। एएसआई प्रमोद कुमार के द्वारा शव का पंचनामा कर अंत्य परीक्षण के बाद परिजनों को सौंपा गया।

### कैमूर में शादीशुदा महिला ने मुखिया पर दुष्कर्म करने का लगाया आरोप



**ब्यूरो आशुतोष कुमार सिंह/** कैमूर जिले से इस वक्त की बड़ी खबर आ रही है जहां एक शादीशुदा महिला ने एक मुखिया पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला दुर्गावती थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की रहने वाली है। यह घटना बीते शनिवार की है। घटना के बाद महिला शनिवार की शाम दुर्गावती थाने पहुंची जहां पूरी रात व रविवार को पूरा दिन थाने में हीं रही। लेकिन दुर्गावती थाने से महिला को न्याय नहीं मिला तो लाचार होकर सोमवार की सुबह भभुआ स्थित महिला थाने पहुंची। वही पीड़ित महिला ने भभुआ के महिला थाने में ढ़ड़हर पंचायत के मुखिया प्यारेलाल पासवान के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाई है।पीड़ित महिला का कहना है कि मैं आधार कार्ड बनवाने को लेकर दुर्गावती क्षेत्र अंतर्गत धढ़ड़र पंचायत के वर्तमान मुखिया प्यारे लाल पासवान के घर गई थी जहां पर उन्होंने मुझे अपने कमरे में बंद कर दुष्कर्म किया। यहीं नहीं पीड़ित महिला ने यह भी बताया कि दुष्कर्म करने के बाद मुखिया के द्वारा मुझे ?500 रुपए देकर पड़ोस के एक लड़के के मोटरसाइकिल से हाईवे पर लाकर छोड़ दिया गया। वही इस संबंध में भभुआ महिला थानाध्यक्ष पूनम कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि एक महिला के द्वारा दुष्कर्म मामले को लेकर थाने में आवेदन दिया गया है महिला के आवेदन पर आरोपी मुखिया प्यारेलाल पासवान के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वही महिला को मेडिकल जांच के लिए भभुआ सदर अस्पताल भेजा गया है। इस मामले को लेकर पुलिस आगे की आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है।

### जनसंख्या नियंत्रण हेतु जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा दिवस का हुआ शुभारंभ





**कैमूर-** जिला अंतर्गत कुदरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जनसंख्या नियंत्रण हेतु जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा दिवस का फीता काटकर किया गया शुभारंभ। आपको बता दें कि सरकार द्वारा देश में बेतहाशा बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रण करने हेतु अनेकों योजनाएं चलाया जा रहा है। जिसके तहत जनसंख्या नियंत्रण हेतु सरकार द्वारा 11 जुलाई से 31 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा दिवस के रूप में मनाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसका शुभारंभ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी कुदरा रीता कुमारी के द्वारा फीता काटकर किया गया। उनके द्वारा बताया गया कि इस पखवाड़ा दिवस में लोगों को जनसंख्या पर नियंत्रण हेतु जागरूक किया जाएगा। साथ ही जागरूकता अभियान में सम्मिलित लोगों को भी प्रोत्साहित किया जाएगा एवं प्रोत्साहन राशि भी दिया जाएगा। पुरुष नसबंदी लाभार्थी को 3000 रूपए आशा उत्प्रेरक को 400 रूपए, महिला बंध्याकरण लाभार्थी को 2000 रूपए आशा उत्प्रेरक को 300 रूपए, प्रसव उपरांत बंध्याकरण लाभार्थी को 3000 रुपए आशा उत्प्रेरक को 400 रुपए, प्रसव उपरांत कॉपर टी लाभार्थी को 300 रुपए आशा उत्प्रेरक को 150 रुपए, गर्भनिरोधक सुई अंतरा लाभार्थी को 100 रूपए आशा उत्प्रेरक को 100 रूपए की प्रोत्साहन राशि दिया जाएगा। परिवार नियोजन साधनों के उपयोग हेतु अपने क्षेत्र के एएनएम, आशा, आंगनबाड़ी सेविका, विकास मित्र, जीविका दीदी अथवा नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क कर सकते हैं।

**गुमराह** (स्थल तक पहुंचने के बावजूद भी अंचल अमीन को नहीं दिखा 1 किलोमीटर लंबी सड़क)

## अंचलाधिकारी की लापरवाही जनप्रतिनिधि व जनता गुमराह





**कैमूर-** जिला के कुदरा अंचलाधिकारी की लापरवाही जनप्रतिनिधि व जनता गुमराह भूमि मापी के लिए स्थल पर पहुंचने के बावजूद भी अंचल अमीन को नहीं दिखा 1 किलोमीटर लंबी सड़क। आपको बता दें कि सरकार के निर्देशानुसार सभी पंचायतों में पंचायत वासियों के सुविधा हेतु पंचायत सरकार भवन निर्माण कर पंचायत वासियों के कार्य सुचारु रुप से चलाने हेतु निर्देशित किया गया है। परिणाम स्वरूप जगह-जगह प्रारंभ भी है। जिसके तहत कुदरा अंचल के भदौला पंचायत में भी पंचायत सरकार भवन बनवाने को लेकर पंचायत के मुखिया व अन्य जनप्रतिनिधियों में मतभेद है मुखिया द्वारा अपने सुविधाओं को देखते हुए अपने गांव गंगवलिया में पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु प्रयास किया जा रहा है। तो वहीं पंचायत के अधिसंख्य मतदाता एवं जनप्रतिनिधियों की मांग है कि पंचायत सरकार भवन का निर्माण पंचायत मुख्यालय भदौला में ही हो। चुकी सरकार के निर्देशानुसार पंचायत मुख्यालय में ही निर्माण होना चाहिए। जिसके लिए पंचायत वासियों द्वारा पंचायत मुख्यालय में बनाने हेतु भूमि का विवरण पेश किया गया। पर अंचलाधिकारी द्वारा उक्त भूमि को खाली ना होने, भूमि पर सिर्फ पेड़ पौधे का होना, स्थल तक पहुंचने के लिए सड़क की ना होने संबंधित लेख के माध्यम से अमान्य बताया गया। जबकि उक्त स्थल तक पहुंचने के लिए तीन तरफ से रास्ता है भूमि भी लगभग 63 डिसमिल उपलब्ध है। जिसके लिए पंचायत वासियों के साथ ही जनप्रतिनिधियों का कहना है कि अंचलाधिकारी द्वारा गुमराह किया जा रहा है। इतना ही नहीं यदि अंचल अमीन की रिपोर्ट को देखा जाए तो स्थल तक पहुंचने के बावजूद भी 1 किलोमीटर लंबी सड़क अंचल अमीन को नहीं दिखा। पंचायत के सरपंच दिलीप कुमार सिंह से जब बात किया गया

## भभुआ वार्ड 1 बंद कमरे से संदिग्ध अवस्था में फांसी के फंदे से लटका मिला एक युवती का शव



मौके पर पहुंचें भभुआ नगर परिषद् के सभापति विकास कुमार तिवारी

**संवाददाता सिंगासन सिंह यादव/** भभुआ वार्ड 1 में बंद कमरे से संदिग्ध अवस्था में फांसी के फंदे से लटका एक युवती का शव मिला। मिलीं जानकारी के मुताबिक भभुआ वार्ड एक निवासी स्वर्गीय संजय पांडेय की 20 वर्षीय पुत्री अनुष्का पांडेय बताया गया हैं। परिजनों द्वारा बताया गया कि सोमवार के दिन भगवान शिव का पूजा अर्चना की हैं। वहीं पूजा-अर्चना करने के बाद मां बबली पांडेय ने कहा कि तुम घर पर ही रहना जो ड्यूटी करने के लिए मां नगरपालिका रैन बसेरा में चली गई। उसके बाद उसकी मौसेरी बहन उसके साथ में थी। तो वो भी कोचिंग पढ़ने के लिए चली गई?। करीब लगभग 10 बजे के समय घर में कोई नहीं था वही अकेले में बंद कमरे के अंदर दुपट्टे का फंदा बनाकर पंखे से लटक गई जिसकी मौत हो गई हैं। वहीं इस ने बताया कि वार्ड एक पार्षद प्रतिनिधि बलदाऊ सिंह द्वारा सूचना मिला कि घर में एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली हैं। मौके पर पहुंचा गया तो युवती फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी। जिसके बाद नीचे उतारा गया। लेकिन अभी इसका पता नहीं चल पाया हैं। की युवती क्यों और कैसें फांसी लगाकर आत्महत्या की है। यह जाँच का बिषय हैं। वहीं पुलिस मौके पर पहुंचकर मामलें जानकारी लेकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा जहाँ सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया हैं। इधर बेटी के मौत पर मां की काफी तबीयत बिगड़ गई जहाँ परिजनों द्वारा मां बबली पांडेय को सदर अस्पताल में भर्ती कराकर चिकित्सक द्वारा इलाज किया जा रहा हैं।

## ख़ास ख़बर

## बिजली समस्या को लेकर सहायक अभियंता व जेई ने लिया जायजा, जल्द समाधान करने का दीया आश्वाशन



**बरहरवा–** बरहरवा नगर पंचायत अंतर्गत बीते दिनों विभिन्न वार्डो का दौरा काँग्रेस के प्रदेश महासचिव तनवीर आलम ने कार्यकर्ताओं के साथ किया था। वही जिस दौरान वार्ड संख्या 5 के ग्रामीणों ने विवेकानंद पथ में ट्रांसफर्मर से सम्बंधित समस्या एवं न्यू रेलवे कॉलोनी में पोल की जर्जरवस्था को दुरुस्त करने की अपील की गई थी। वही जिसके आलोक में संज्ञान लेते हुए तनवीर आलम के निर्देश पर प्रदेश सहकारिता विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य शाहनवाज नाशिर मंगलवार को बिजली विभाग के सहायक अभियंता सत्यम मरांडी व जेई विदेश मांझी को उक्त समस्याओं से अवगत करवाया गया था। वही समस्याओं का जायजा लेने के उपरांत एसडीओ ने उक्त समस्याओं का समाधान दो से तीन दिनों में करवाने का आस्वशन दिया है।

## महाराजपुर में यात्री शेड का तनवीर आलम ने किया उद्घघाटन



**बरहरवा–** प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत आहुतग्राम पंचायत के महाराजपुर में बरहरवा पाकुड़ मुख्य पथ पर पंचायत समिति 15 वीं वित्त मद के द्वारा पंचायत समिति सदस्य शहनाज बेगम के द्वारा यात्री सेड का पहल किया गया था, जिसका उद्घाटन झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव तनवीर आलम ने फीता काटकर एवं नारियल फोड़ कर किया। उक्त यात्री शेड के निर्माण हो जाने से सड़क पर आवाजाही करने वाले राहगीरों को विश्राम व ठहराव करने में काफी सुविधा होगी। इस दौरान पाकुड़ विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने कहा कि ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के निर्देशानुसार प्रखंड क्षेत्र के हर छोटे बड़े समस्याओं का समाधान एवं विकासशील कार्यों में किसी प्रकार की विलंबता नहीं होनी चाहिए। वही राज्य सरकार के प्रत्येक योजनाओ से जन जन को जोड़ें एवं उसका लाभ दिलाएं।साथ ही साथ विकास कार्यों को सुचारू रूप से धरातल पर उतारने के लिए उनकी पार्टी के सभी कार्यकर्ता सदैव प्रयासरत है। इस मौके पर कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरक़त खान, 20सुत्री अध्यक्ष अशोक दास, प्रखण्ड अध्यक्ष रंजीत टुडु, जिला उपाध्यक्ष नाबिद अंजुम, जिला महासचिव मिठुन कुमार मंडल, प्रखण्ड महासचिव निताय सरकार, मुकेश रजवार, सैदुर इस्लाम, याकूब सेख, संतोष झा सहित दर्जनों कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## जनसंख्या नियंत्रण को लेकर स्वास्थ्य मेला का हुआ उद्घाटन



**राजमहल–** अनुमंडल अस्पताल परिसर में मंगलवार को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर परिवार स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया। जहां इस कार्यक्रम का उद्घाटन अनुमंडल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. गुफरान आलम ने फीता काटकर किया। वही इस दौरान डॉ. गुफरान आलम ने कहा कि जनसंख्या पर नियंत्रण बहुत जरूरी है जिसके जागरूकता के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से मेला गांव गांव में प्रचार प्रसार करा कर लोगों को जनसंख्या के लिए जागरूक कर रहे हैं। वही जनसंख्या नियंत्रण पर परिवार का भरण पोषण एवं बच्चों का पढ़ाई लिखाई अच्छी तरह से हो इसके लिए हमें जनसंख्या नियंत्रण पर ध्यान देना चाहिए। इस मौके पर डॉ. सादिक अंसारी, शंकर सिंह, अमित कुमार, रविंदर तुरी, अमित कुमार, राहुल शेख, सोनु कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# मारपीट के आरोपियों को कोटालपोखर पुलिस नहीं कर रही गिरफ्तार, एसपी को दिया आवेदन



**साहिबगंज–** कोटालपोखर थाना क्षेत्र के ग्राम काकजोल के रहने सद्दाम हुसैन पिता स्व. यूनुस शेख ने पुलिस अधीक्षक को लिखित आवेदन देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। जहां पुलिस अधीक्षक को दिए गए आवेदन पत्र में उन्होंने जिक्र किया है कि खाता नं. 47, प्लॉट नं. 545, 546, 557, 568 व 562 कुल रकवा एक बीघा आठ कट्ठा साढ़े नौ धुर जमीन उनके परदादा उमर शेख के नाम से दर्ज है। जहां उक्त भूमि पर वे लोग वर्तमान समय में मकान बनाकर शांतिपूर्वक तरीके से रह रहे हैं। वही उपरोक्त जमीन का एक टाइटल सुट का वाद टीएस नंबर 62/2014 के द्वारा शोहराब शेख वगैरह वादी बनाम युनुस शेख के बीच चला जहां उक्त वाद में सिविल जज अंजन कुमार 3, जेसी राजमहल के न्यायालय से दिनांक 30 जनवरी 2023 को उनके पक्ष में आदेश पारित भी हो चुका है मगर इसके बाद भी शोहराब शेख पिता स्व. एकरामुल शेख, शाहामत खान पिता स्व. हारून खान, जिन्ना चौधरी, मिनाउल चौधरी दोनो पिता स्व. सरीफ चौधरी व मदन शेख, हिरा शेख, साहेब शेख सभी के पिता स्व. कैफुल शेख, मरसलीम खान पिता स्व. बुद्दीन खान व आलमगीर शेख पिता सोहराब शेख वगैरह सभी लोगों ने मिलकर गांव से मारपीट कर भगना चाह रहे हैं।

जहां उक्त सभी आरोपियों ने बीते शुक्रबार को उसके एवं उसके चचेरे भाई पर हमला कर मारपीट किया। जहां इस मारपीट की घटना में उसका चचेरा भाई चंगेज शेख पिता मरतुजा शेख गंभीर रूप से घायल हो गये। उधर इस मारपीट की सुचना कोटालपोखर थाना प्रभारी एवं बरहरवा एसडीपीओ को भी इसकी सुचना दे चुका हूँ परन्तु इनलोगों की पहुँच होने के कारण अभी तक इनके उपर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। यह कि शोहराब शेख पिता स्व. एकरामुल शेख, शाहामत खान पिता स्व. हारून खान, जिन्ना चौधरी, मिनाउल चौधरी दोनो पिता स्व. सरीफ चौधरी व मदन शेख, हिरा शेख, साहेब शेख सभी के पिता स्व. कैफुल शेख, मरसलीम खान पिता स्व. बुद्दीन खान व आलमगीर शेख पिता सोहराब शेख वगैरह सभी उपर उचित कानूनी कार्यवाई अभी तक नहीं हुई है।

जहां ये सभी लोग अब भी इसके घर को चारों तरफ से घेर रखा है और उन्हें जान से मारने की ताक में है। वही उनके चचेरा भाई चंगेज शेख का सिर भी फोड़ दिया है, जिसमें 9 टाँके लगे हुए हैं जिसके कारण उसके सिर में गंभीर चोट भी है, और उसे भी जान से मार देने के बारे में उसकी बहन एवं जीजा को भी धमकी दिया है। वही कोटालपोखर पुलिस के पास बार बार आवेदन और सुचना देने के बाद भी अब तक कोई कार्यवाई नहीं हुआ है। ऐसी घटना पूर्व में भी हो चुकी है, जिसमें कोटालपोखर थाना के द्वारा एफआईआर भी किया गया था, लेकिन पुलिस ने अभियुक्तों के मेल में आकर केस नंबर 08/23 पर कोई कार्यवाई नहीं किया है, और केस को दबाने की फ़िराक में लगे हुए हैं। जहां पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस अधीक्षक को मामले की पूरी जानकारी देते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने की गुहार लगाई है।

# ९नुतनडीह स्थित प्राथमिक विद्यालय में स्वच्छता जागरूकता अभियान व पौधारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**जमशेदपुर–** देशभर मे संख्यांकी मंत्रालय द्वारा 1 जुलाई से 15 जुलाई तक चलाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत जमशेदपुर कार्यालय द्वारा नुतनडीह स्थित प्राथमिक विद्यालय में स्वच्छता जागरूकता अभियान एवं पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रभारी श्रीमती कुजूर, वरीय सांख्यांकी अधिकारी व जमशेदपुर कार्यालय की प्रभारी अमिता रोज तिर्की, वरीय सांख्यांकी अधिकारी कमलेश प्रधान, बी. के. गुप्ता ने दीप प्रज्वलन कर किया। इसके बाद वरीय सांख्यांकी अधिकारी अमिता तिर्की ने विद्यालय के प्रभारी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। उधर अमिता तिर्की ने कार्यक्रम का विषय परिवेश कराया। इस दौरान कमलेश प्रधान, बी. के. गुप्ता, सदानंद बर्नवाल और संदीप कुमार ने अपने विचार रखे। वही मृतुंजय, संदीप, दीपक, सोनू, निधि, सबीना और अजित के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बच्चो को स्वच्छता के विषय में जागरूक किया गया। वही कनीय संख्यांकी अधिकारी अंबिका कुमार के द्वारा बच्चो से विभिन्न विषयों पर सवाल पूछा गया और सही जवाब देने वाले बच्चो को पुरस्कृत किया गया।

इस कार्यक्रम में मंच संचालन अखिलेश कुमार सिंह और धन्यवाद ज्ञापन वरीय सांख्यांकी अधिकारी सदानंद बर्नवाल के द्वारा दिया गया। जहां अंत में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम में कार्यालय प्रभारी ए. आर. तिर्की के साथ वरीय सांख्यिकी अधिकारी आमोद विवेक, कमलेश प्रधान, बी. के. गुप्ता, श्याम सुंदर कुमार, सदानंद वर्णवाल एवं कनीय सांख्यिकी अधिकारी धीरज अग्रवाल, धनंजय कुमार, प्रशांत कुमार, विपिन चौरसिया, अंबिका कुमार एवं अनुबंधित कर्मचारी निधि, प्रेम कुमार, संदीप शर्मा, दीपक कुमार सेन, अंजली शर्मा, अनोखा कुमारी, विनीत चौहान, अखिलेश कुमार सिंह, सबीना आफ़रीन, राहुल पाण्डेय, विजया चौहान, अजित कुमार, रौशन कुमार, चंदन कुमार, सोनू कुमार, मुकेश कुमार मौजूद थे।

# बड़ा व्यासी गांव में पहली पत्नी को पति व दूसरी पत्नी ने धारदार हथियार से मारकर उतारा मौत के घाट



**साहिबगंज–** बोरियो थाना क्षेत्र के बड़ा व्यासी प्रधान टोला में बीती रात को मृतक सुमि सोरेन उम्र 40 वर्ष को उसके ही पति मैंने हांसदा हादसा एवं उसकी दूसरी पत्नी सकुला टूडू ने एकसाथ मिलकर धारदार हथियार से ।

मारकर मौत के घाट उतार दिया। जहां घटना की जानकारी मिलने के बाद अहले सुबह ग्रामीणों की भारी भीड़ मृतक के घर के बाहर जम गई। उधर घटना को लेकर मृतक महिला के भाई ने बताया कि उसकी बहन की शादी 7 साल पहले बड़ा व्यासी निवासी मैंने हांसदा के साथ हुई थी। जहां उसकी बहन की एक 7 साल की बेटी है। उधर उसके बहन के पति ने पहली पत्नी के जीवित रहते ही दूसरी शादी कर ली है। जहां घरेलू विवाद के कारण दूसरी पत्नी और पति ने दोनों मिलकर उसकी बहन सुमि सोरेन को जान से मार दिया है। वही बताया जा रहा है कि आए दिन दोनों पत्नियों में कुछ ना कुछ घरेलू विवाद होता ही रहता था जिसे घरेलू विवाद इतना बढ़ गया कि दूसरी पत्नी और पति ने धारदार हथियार से घटना को मिलकर अंजाम दे दिया। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही बोरियो पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल भेज दिया। उधर बोरियो पुलिस पूरे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है। वही मृतक महिला के भाई ने बताया कि उसके बहन के हत्यारे को बोरियो पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जिससे पूछताछ की जा रही है।

## जल्द ही नामांकन के लिए साहिबगंज महाविद्यालय कक्षा 11 के लिए ऑनलाइन फार्म भरा जाएगा



**साहिबगंज–** महाविद्यालय साहिबगंज में नोटिफिकेशन के बाबजूद कक्षा 11 का नामांकन हेतु ऑनलाइन फार्म नहीं भराया जा रहा था। वही जिसमे दसवीं से पास हुए छात्र एवं छात्राओं में निराशा देखी जा रही थी। वही मंगलवार को जब महाविद्यालय के प्रचार्य डॉ राहुल कुमार संतोष से इस संबंध में पूछा गया तो उन्हेंने कहा की जिला शिक्षा विभाग के ओर से अब तक कोई नोटिफिकेशन नहीं आया है। वही नोटिफिकेशन आने के बाद ही ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे छात्र एवं छात्रा जिनसे छात्र एवं छात्राओं में निराशा का माहौल बनना हुआ था।वही छात्र एवं छात्राओं को निराश देख जब इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिक्स के शिक्षक बीके साह एवं अन्य शिक्षक के साथ इस सबंधित बात जिला शिक्षा पदाधिकारी से पूछा गया तो उन्होंने कहा की झारखण्ड शिक्षा सचिव के द्वारा सभी विश्वविद्यालय को नोटिफिकेशन भेज दीजिया गया है। वही आज मेरे द्वारा महाविद्यालय साहिबगंज प्रचार्य को नोटिफिकेशन भेज दिया गया है। वही यह सुनते ही छात्र एवं छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी।

## स्वास्थ्य मंत्री ने प्रभारी उपाधीक्षक डॉक्टर उदय डुडु को सम्मानित किया



**राजमहल–** अनुमंडल अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक डॉक्टर उदय टुडू को स्वास्थ्य संबंधित उत्कृष्ट कार्य करने हेतु राज्य स्तर पर माननीय स्वास्थ्य मंत्री, और अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य एवं निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं झारखंड रांची के द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

## सदर अस्पताल सभागार में चिकित्सा कर्मियों के साथ सीएस ने की बैठक



**साहिबगंज–** सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान एवं सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. मोहन पासवान के संयुक्त अध्यक्षता में सदर अस्पताल स्थित सभागार में सभी चिकित्सा पदाधिकारी एवं पारामेडिकल कर्मियों के साथ बैठक किया गया। जहां बैठक के दौरान सिविल सर्जन ने उपस्थित सभी चिकित्सा पदाधिकारी एवं पारामेडिकल कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए एवं समय पर ड्यूटी आकर कार्य करने का निर्देश दिए। साथ ही साथ बैठक करने के बाद इस क्रम में सिविल सर्जन ने सदर अस्पताल में बन रहे आधुनिक शल्य कक्ष का भी निरीक्षण किए एवं संबंधित अधिकारियों व कर्मियों को कई तरह के आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

## राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी ने बुथ केंद्र का निरीक्षण किया



**राजमहल–** अनुमंडल पदाधिकारी एसडीओ रौशन कुमार साह ने चुनाव बुथ का मंगलवार को निरीक्षण किया। वही निरीक्षण के दौरान बुथ का भौतिक सत्यापन करते हुए बीएलओ से मतदाता सूची की जानकारी प्राप्त किए गए और चुनाव आयोग के माध्यम से दिए गए निर्देशों को पालन करने को कहा गया है। वही एसडीओ ने कहा की चुनाव आयोग के माध्यम से मतदाता सूची पन्ना जांच किया जा रहा है। वही मौके पर विजय कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

**कार्यक्रम** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालझारी में जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया।

## जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा शिविर के तहत 11 से 24 जुलाई तक होंगे कई तरह के कार्यक्रम



**तालझारी–** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालझारी में जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया। जहां इस कार्यक्रम का उद्घाटन तालझारी बीडीओ साइमन मरांडी एवं चिकित्सा प्रभारी डॉ. रंजन कुमार ने संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर किया। वही बताया गया कि जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा शिविर के तहत 11 से 24 जुलाई तक तालझारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कई तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। वही उन्होंने बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य वर्तमान में बढ़ती आबादी के कारण होने वाले दुष्प्रभावों और इससे जुड़ी सभी मुद्दों की ओर लोगों का ध्यान आकृष्ट कर जागरूकता फैलाना है। इस मौके पर तरह तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें जनसंख्या नियंत्रण के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। वही पखवाड़ा के दौरान गरीबी, जच्चे बच्चे का स्वास्थ्य, लैंगिक समानता, परिवार नियोजन, मानव अधिकार, गर्भनिरोधक दवाओं के प्रयोग से लेकर सुरक्षित यौन संबंधों जैसी समस्याओं पर चर्चा की गई। वही बीडीओ साइमन मरांडी ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा शिविर में 24 जुलाई तक जाकर विशेष जानकारी प्राप्त कर योजना का लाभ उठा सकते हैं। आगे उन्होंने बताया कि परिवार नियोजन के लिए गर्भनिरोधक एक प्रभावी तरीका है। वही बताया कि अधिक जानकारी के लिए आप अपने क्षेत्र की एएनएम, आशा कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी सेविकाओं, विकास मित्रों, जीविका दीदियों अथवा नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क कर सकते हैं। उधर कार्यक्रम के पश्चात बीडीओ साइमन मरांडी एवं चिकित्सा प्रभारी डॉ. रंजन कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया गया। जहां यह जागरूकता रैली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से तालझारी हटिया, कब्रिस्तान चौक, बुनियादी विद्यालय होते हुए कारगिल शहीद चौक तक लोगों को जागरूक करते हुए वापस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर समापन किया गया। इस मौके पर डॉ. निधि एक्का, बीपीएम विजय राम, अकाउंटेंट देवनारायण रविदास, सहित दर्जनों स्वास्थ्य कर्मी एवं सहिया साथी उपस्थित थे।

## छात्रों के मन में राष्ट्र के प्रति कार्य करने की भावना जागृत करता है अभाविप- कविंद्र



**उधवा–** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उधवा इकाई के द्वारा नगर एवं कॉलेज इकाई की संयुक्त बैठक उधवा नगर के उद्धव मुनि आश्रम में आयोजित किया गया। जहां बैठक की अध्यक्षता अभाविप के राजमहल नगर मंत्री कविंद्र पासवान ने किया। वही बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अभाविप एक छात्र संघठन होने के साथ साथ हमेशा सभी छात्रों के मन में राष्ट्र के प्रति कार्य करने की भावना जागृत करती हैं। वही विद्यार्थी परिषद एक ऐसा छात्र संगठन है जो कभी भी किसी भी राजनीतिक संगठन को बढ़ावा नही देती है। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि इस छात्र संगठन का स्थापना 9 जुलाई 1949 को हुआ और तभी से यह छात्र संगठन छात्रहित में अपना कार्य पूरे विश्व भर में करते आ रही है। वही 9 जुलाई को अभाविप अपना 75 वां स्थापना मनाया गया। इस अवसर पर सप्ताह युवा छात्र दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर अभाविप उधवा नगर इकाई की घोषणा और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। वही मौके पर रोहित प्रमाणिक, अर्जुन पासवान, मनीष चौधरी, करण गुप्ता, आशीष प्रमाणिक, कुंदन राय, विनोद मंडल, सहित अन्य उपस्थित थे।

## गोड़ाबाड़ी हटिया निवासी व्यक्ति ने खाया अननोन दवा, बिगड़ी तबीयत



**साहिबगंज–** जिरवाबाड़ी ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत गोड़ाबाड़ी हटिया मोहल्ले के रहने वाले प्रसंजीत कुमार उर्फ सुमन कुमार उम्र 45 वर्ष पिता इंद्रदेव शर्मा ने भूलवश बिना नाम का दवा खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। उधर उक्त व्यक्ति की गंभीर स्थिति को देखते हुए परिजनों ने उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक एवं ड्रेसिंग रूम के कर्मी उसके इलाज में जुट गए है। फिलहाल उसका इलाज सदर अस्पताल में अब भी जारी है।

## ख़ास ख़बर

## रक्तदान कर गर्भवती महिला की बचाई जान



**पाकुड़**-मंगलवार को सत्य सनातन संस्था के सदस्य शुभम गुप्ता ने एक गर्भवती महिला को पुराना अस्पताल स्थित पुराना रक्तधिकोष में पहुंच कर रक्तदान कर बचाई जान।संस्था के सयुक्त सचिव अजय भगत ने जानकारी देते हुए बताया की महिला की आचनक तबियत खराब हो जाने के कारण उनको इलाज के लिए सदर अस्पताल पाकुड़ में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।जहां चिकित्सकों ने रक्त चढ़ाने का सलाह दिया। जिस पर उक्त महिला के संबंधी दुलाल मंडल ने संस्था से संपर्क किया।संस्था ने रक्त की महत्व को समझते हुए।संस्था के सदस्य शुभम गुप्ता से संपर्क किया।शुभम गुप्ता ने बिना समय गवाएं रक्तधिकोष में आकर अपना रक्तदान किया।रक्त मिलने पर महिला के परिजन ने संस्था और रक्तदाता को धन्यवाद दिया। मौके पर संस्था के सागर चौधरी,राहुल सिंह मौजूद थे।

## खरीफ सह मिलेट्स कार्यशाला में बीज का वितरण





**हिरणपुर,(पाकुड़)**-मंगलवार को घाघरजानि स्थित प्रखंड कार्यालय सभागार में कृषि विभाग द्वारा एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय खरीफ सह मिलेट्स कर्मशाला का आयोजन किया गया। जहाँ कृषकों के बीच मड़वा बीज (कोदो) का भी वितरण किया गया। कर्मशाला में बीडीओ उमेश कुमार स्वांसी ने उपस्थित कृषकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पानी की कमी से खरीफ फसल पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इसको लेकर कृषकों को वैकल्पिक खेती पर भी कार्य करना आवश्यक है।प्रखंड कृषि पदाधिकारी सूर्या मालतो ने कहा कि कृषकों को धान की खेती के साथ साथ मड़वा खेती पर विशेष जोर देना आवश्यक है। यह एक मोटा अनाज ही है। इस अनाज में आयरन सहित अन्य विटामिन्स पाए जाते है। जो डायबिटीज मरीज के लिए काफी उपयोगी है। यह खेती टांड़ जमीन पर होती है। जहाँ पानी जम नही पाए। फसल में पानी जमने से नष्ट हो जाता है। यह फसल रोपाई के 110 दिनों में तैयार हो जाता है। यह खेती रोपाई कर या खेतो में बिचड़ा डालकर भी किया जाता है। खेती को लेकर ज्यादा लागत भी नही आता है। इसमे चार हेक्टेयर जमीन पर तीन किलो बीज लगता है। कर्मशाला में उपस्थित 16 कृषकों के बीच बीज का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर बीटीएम आत्मा के मो. जुनैद , बीपीओ ट्विंकल चौधरी सहित कृषक मित्र भी उपस्थित थे।

## जहरीले सांप के डंसने से बच्ची की मौत



**हिरणपुर,(पाकुड़)**-बीते सोमवार की रात मोहनपुर गांव में जहरीले सांप ने काटे जाने से सात वर्षीया शबाना खातून की मौत हो गई। मृतका का घर देवापाड़ा है , पर अपने नाना मुस्लिम मोमिन के घर मे ही रहती थी। रात करीब 11 बजे घर के जमीन पर सोई थी कि जहरीले सांप ने काट लिया। बच्ची जोर से चिल्लाने पर परिवार के सदस्य उठकर देखा तो घर मे ही सांप को पाया , जिसे तुरत मार दिया गया। वही बच्ची को लेकर इलाज के लिए सोनाजोरी स्थित सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहां इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गई।

# चोरी की बोलेरो पिकअप वैन को पाकुड़ पुलिस ने चेकिंग के दौरान पकड़ा







**राहुल दास,ब्यूरो रिपोर्ट, पाकुड़**- सिलीगुड़ी से चोरी की गई बोलेरो पिकअप वैन को पाकुड़ पुलिस ने गुप्त सूचना पर पाकुड़ नगर थाना क्षेत्र के अंबेडकर चौक के समीप चेकिंग के दौरान पकड़ा।चोरी के पिकअप वैन सहित चालक को भी गिरफतार किया गया।पाकुड़ पुलिस निरीक्षक सह पाकुड़ नगर थाना प्रभारी मनोज कुमार को गुप्त सूचना मिली थी एक चोरी की सफेद रंग की बोलोरो पिकअप वैन पाकुड़ शहर की और आ रही है,नगर पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए छापेमारी दल गठन कर अंबेडकर चौक के निकट पुलिस ने वहां से गुजरने वाले वाहनों की चेकिंग शुरू किया, इसी बीच धुलियान से एक सफेद रंग का बोलोरो पिकअप कंटेनर वैन जिसका नंबर WB 73G 2635 के चालक पुलिस की चेकिंग को देखते ही अपना बोलेरो पिकअप वैन को छोड़कर भागने का प्रयास किया।तभी पुलिस ने दौड़कर फरार चालक को पकड़ लिया।चालक से वाहन की जानकारी ली गई साथ ही चालक के द्वारा वाहन से संबंधित कोई भी कागजात प्रस्तुत नही कर पाया चालक ने बताया वाहन नंबर WB 73G 2635 को सिलीगुड़ी से चोरी कर पाकुड़ के रास्ते आसनसोल ले जा रहे थे। पुलिस ने चोरी की गई बोलेरो पिकअप वैन सहित चालक को गिरफ्तार कर लिया पुलिस अन्य चोरी की संलिप्तता की जानकारी ले रहे है,और आगे की कारवाई में जुट गई है। पकड़े गए चालक हाफिज जुगसलाई पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर के रहने वाला है,पुलिस ने चोरी की गई बोलेरो पिकअप वैन की सूचना सिलीगुड़ी थाना में दी गई है।

## शिक्षा में सुधार का ढोंग रच विकास कार्यों को बाधित कर महागठबंधन सरकार को बदनाम कर रहे हैं पाठक- इंतखाब आलम



**अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य इन्तेखाब आलम ने लगाए के के पाठक पर गंभीर आरोप**

**पटना** ।अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य इन्तेखाब आलम ने शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि विरोधियों से सांठगांठ कर महागठबंधन सरकार को बदनाम करने के मक़सद से पूरे बिहार में विकास कार्यों को बाधित कर शिक्षा में सुधार के नाम पर ढोंग कर रहे हैं पाठक। राज्य कार्यालय, जिला कार्यालय, प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय, सीडीपीओ कार्यालय या कोई भी कार्यालय हो सभी कार्यालयों की स्थिति चरमरा गई है। लोगों की शिकायत हैं कि अपने काम के लिए जब वो कार्यालय पहुंच रहे हैं तो किसी भी कर्मचारी से उनकी मुलाकात नहीं हो पा रही है पता करने पर ज्ञात होता है कि साहब तो गए ही हैं साथ ही सभी लिपिक और चपरासी तक भी विभिन्न विद्यालयों के निरीक्षण पर गए हुए हैं। ऐसे में श्री आलम ने विकास कार्य बाधित हो जाने पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार में आम जनमानस के लिए मुश्किल परिस्थिति उत्पन्न हो गई है प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, जाती, निवासी,आय, खर्जी, मोटेशन, जन्म से लेकर मृत्यु प्रमाणपत्र तक के लिए लोग दर दर की ठोकरें खा रहे हैं और सभी विभागों के साहब अपने काम को भगवान भरोसे छोड़कर विद्यालय निरीक्षण पर गए हुए हैं। पहले ग्रामीणों के समस्याओं का समाधान जल्द हो जाता था अब कर्मियों के कार्यालय से नदारद रहने के कारण व्यवस्था इतनी शिथिल पड़ गई है कि लोगों का एक दिन में होने वाला काम सप्ताह दिन बीत जाने के बाद भी नहीं हो पा रहा है।काम तो दूर साहब से और साहब के कर्मियों से मुलाकात तक नहीं हो पा रहा है। श्री इन्तेखाब आलम ने कहा कि अपर मुख्य सचिव शिक्षा विभाग केके पाठक द्वारा सरकार का नकारात्मक छवि गढ़ा जा रहा है और लोगों में एक नकारात्मक संदेश जा रहा है।जब विद्यालयों की निगरानी और निरीक्षण के लिए शिक्षा विभाग में पर्याप्त अधिकारी मौजूद हैं तो दूसरे विभाग के कार्य को ठंडे बस्ते में डालकर विकास कार्यों को बाधित करना कहीं न कहीं इस तरह का आदेश जारी करने वाले अधिकारी की मुर्खतापूर्ण रवैए को भी प्रदर्शित करता है। श्री आलम ने इस प्रकार का आदेश जारी कर जनता को परेशान करने वाले और विकास कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक को बर्खास्त करने की मांग भी मुख्यमंत्री नितीश कुमार से की है।

# थाना के निकट दो मोटरसाइकिल के आमने सामने भिड़ंत,दो घायल,एक रेफर





**लिट्टीपाड़ा,(पाकुड़)**-सोमवार देर शाम अमड़ापाड़ा लिट्टीपाड़ा मुख्य सड़क थाना के निकट देर दो मोटरसाइकल के आमने सामने की टक्कर से दोनों चालक गंभीर रुप से घायल।प्राप्त जानकारी के अनुसार लिट्टीपाड़ा थाना क्षेत्र के हेटबंधा निवासी संग्राम हेंब्रम साप्ताहिक हटिया से घर जा रहा था,वहीं विपरीत दिशा से आ रहे थाना क्षेत्र के सुरमा निवासी रवि मड़ैया की थाना के समीप आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई, जिससे दोनों चालक गंभीर रुप से घायल हो गया। अनन फानन में पुलिस द्वारा दोनों घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।जहां डॉ0 मुकेश बेसरा के द्वारा दोनों का ईलाज किया गया। वहीं रवि मड़ैया की स्थिति गंभीर देखते हुए उसे सदर अस्पताल पाकुड़ रेफर किया गया। प्रभारी थाना प्रभारी विकास प्रसाद ने बताया कि दोनों घायल युवक को ईलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया साथ ही दोनों मोटर साईकिल को जब्त कर आगे की प्रक्रिया में जुटी है।

**धरना** | भारत देश को जनसंख्या नियंत्रण कानून की है जरूरत

## जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय धरना






**राहुल दास,ब्यूरो रिपोर्ट, पाकुड़**-विश्व जनसंख्या दिवस पर मंगलवार को जनसंख्या समाधान फाउंडेशन जिला इकाई पाकुड़ के द्वारा जिला अध्यक्ष हिसाबी राय के नेतृत्व में पाकुड़ समाहरणालय के मुख्य द्वार पर जनसांख्यिकी असंतुलन के कारण तथा देश में अभिलंब जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने को लेकर एक दिवसीय धरना दिया गया।धरना में मुख्य रूप से फाउंडेशन के संयोजक अनुग्राहित प्रसाद साह,महामंत्री सुरेंद्र प्रसाद भगत,प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कुमार भंडारी,कार्यक्रम के प्रमुख अनिकेत गोस्वामी निवर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष सम्पा साहा,पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष बाबूधन मुर्मू,दुर्गा मरांडी, सुलेमान मुर्मू,रामचंद्र साहा सहित सैकड़ो मौजूद थे।

एक दिवसीय धरना को संबोधित करते हुए अनुग्राहित प्रसाद साह ने बताया कि जनसंख्या समाधान फाउंडेशन जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर पिछले 9 वर्षों से अधिक समय से संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी के नेतृत्व में देश के 33 राज्यों के 400 से अधिक जिलों में अभियान चला रहा है।इस संविधान को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं संगठन के मुख्य संरक्षक इंद्रेश कुमार, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह सहित 125 सांसदों का समर्थन प्राप्त है।धरना के उपरांत उपायुक्त वरूण रंजन को प्रधानमंत्री जी को संबोधित ज्ञापन प्रतिनिधिमंडल के द्वारा सौंपा गया।ज्ञापन में जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ करने पर सहमति न बनने की स्थिति में 23 सितंबर से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने का संगठन द्वारा निर्णय लिया गया है।

## आरपीएफ की टीम नें एक युवक को टिकट दलाली के आरोप में किया गिरफ्तार



**सहरसा/** आरपीएफ ने प्रतापगंज से एक टिकट दलाल को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान प्रवीण झा के रूप में हुई है। इसके पास से आरपीएफ ने दो फ्यूचर और 36 पास्ट आरक्षित श्रेणी के टिकट बरामद किया है।इसके बाद कंप्यूटर और लैपटॉप भी आरपीएफ ने जब्त कर लिया है। इसे एक्सपर्ट द्वारा खंगाला जा रहा है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर मंगलवार को खगड़िया रेलवे न्यायालय भेज दिया गया।जानकारी के मुताबिक प्रवीण झा सुपौल जिले के प्रतापगंज का निवासी है। इसकी घर के पास ही इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान है। जानकारी के मुताबिक प्रवीण झा ने आईआरसीटीसी का एक आईडी के लिए पहले से लिंक ले रखा है।इसकी इसकी आड़ में प्रवीण झा फर्जीवाड़ा कर 6 पर्सनल यूजर आईडी बना रखा था। जिसके माध्यम से आरक्षित ट्रेन का टिकट महंगे दामों में बेचता था। मुखबिर की सूचना पर आरपीएफ इंस्पेक्टर सहरसा बंदना कुमारी ने आरपीएफ टीम के साथ छापामारी कर फर्जी पर्सनल यूजर आईडी से कुल 38 टिकट आरक्षित श्रेणी का बरामद किया। जिसमें दो फ्यूचर और 36 पहले का आरक्षित श्रेणी का टिकट है।वही सभी टिकट दिल्ली मुंबई और चेन्नई पटना का है।वही वैशाली एक्सप्रेस राजधानी एक्सप्रेस, बांद्रा हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन के आरक्षित श्रेणी का टिकट है।आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर खगड़िया रेलवे न्यायालय भेज दिया।

## चार पहिया वाहन की चपेट में आने से एक घायल



**हिरणपुर,(पाकुड़)**- हिरणपुर -पाकुड़ लिंक पथ के सोलागड़िया निकट मंगलवार को अज्ञात स्कॉर्पियो वाहन की चपेट में आने से मोहनपुर निवासी साजिरुद्दीन मोमिन (65) गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे सोनाजोरी स्थित सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। घायल व्यक्ति अपने बेटी घर ई रिक्शा से जा रहा था। सोलागड़िया में ई रिक्शा से उतरने के दौरान पाकुड़ की ओर तेज गति से जा रहे स्कॉर्पियो वाहन ने धक्का मार दिया।वहीं मौके से स्कॉर्पियो भाग निकला। ग्रामीणों ने घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया।

## जनसंख्या नियंत्रण के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार द्वारा सामाजिक जागरूकता लाना सबसे प्रभावी विकल्प- डा. अशोक पाठक




**अररिया।**11 जुलाई 2023 को 'विश्व जनसंख्या दिवस' के अवसर पर सेहत केंद्र, अररिया कॉलेज, अररिया द्वारा 'जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा' और 'परिवार नियोजन' के प्रति सामाजिक जागरूकता हेतु साइकिल रैली का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. अशोक पाठक ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश के लिए जनसंख्या नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार द्वारा सामाजिक जागरूकता लाना सबसे प्रभावी विकल्प है। इस अवसर पर पर्शियन विभागाध्यक्ष सह जननायक कर्पूरी ठाकुर कल्याण छात्रावास के अधीक्षक डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा ने कहा कि इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस की थीम है- 'लैंगिक समानता की शक्ति को उजागर करना- हमारी दुनिया की अनंत संभावनाओं को अनलॉक करने के लिए महिलाओं और लड़कियों की आवाज़ को ऊपर उठाना'। अररिया कॉलेज प्रांगण से प्रस्थान करके चाँदनी चौक होते हुए रैली सिविल सर्जन कार्यालय पहुँची, जहाँ डिस्ट्रिक्ट इम्यूनाइजेशन ऑफिसर मो. मोइज के नेतृत्व में सदर अस्पताल, अररिया के पदाधिकारियों व कर्मियों ने उनका स्वागत किया और शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। एस ए आई से प्रशिक्षित खिलाड़ी श्री संतोष कुमार के नेतृत्व में जननायक कर्पूरी ठाकुर कल्याण छात्रावास के छात्रों की इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष भागीदारी रही।

## वाई एन पी डिग्री कॉलेज रानीगंज परीक्षा केन्द्र पर शांतिपूर्ण माहौल में कदाचारमुक्त सम्पन्न हुई डी पी वन 2023 की परीक्षा



**रानीगंज ।**पूर्णिया विश्वविद्यालय , पूर्णिया की स्नातक प्रथम खंड 2023 की अंतिम दिन की परीक्षा वाई एन पी डिग्री कॉलेज रानीगंज परीक्षा केन्द्र पर शांतिपूर्ण माहौल में कदाचारमुक्त सम्पन्न हुई । प्रधानाचार्य सह केंद्राधीक्षक डॉ अशोक कुमार आलोक के हवाले से सहायक केंद्राधीक्षक डॉ नूतन आलोक ने बताया कि प्रथम पाली में कुल 34 परीक्षार्थी सम्मलित हुए । आज प्रथम पाली में भाषा की परीक्षा थी । विश्वविद्यालय ने एम एल डी पी के यादव कॉलेज अररिया का परीक्षा केंद्र वाई एन पी डिग्री कॉलेज , रानीगंज में निर्धारित किया है । मुख्य प्रवेशद्वार पर केंद्राधीक्षक की उपस्थिति में महाविद्यालय कर्मियों द्वारा परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश के पूर्व परीक्षार्थियों से चिट पुर्जा मोबाइल , किताब , रखवा लिया गया । केंद्राधीक्षक डॉ अशोक कुमार आलोक , सहायक केंद्राधीक्षक डॉ नूतन आलोक कदाचारमुक्त परीक्षा के लिए प्रत्येक कक्ष में सघन जांच करते दिखे । प्रोफेसर (डॉ ) राजनाथ यादव , कुलपति , पूर्णिया विश्वविद्यालय पूर्णिया , के निर्देश के अनुपालन में कदाचार मुक्त परीक्षा के सफल संचालन में डॉ नूतन आलोक, परीक्षा नियंत्रक सैफुल इस्लाम , सहायक परीक्षा नियंत्रक प्रो सुरेश प्रसाद , सुभाष चंद्र सिंह , रितेश राज , सोनू कुमार पृथ्वीचंद यादव, अनिल ठाकुर आदि सक्रिय थे ।

## सुश्री रीमा यादव "पढ़ो और पढ़ाओ अभियान का बनी कोशी ब्रांड एम्बेसडर




**सहरसा।**बिहार पुलिस सेवा में कार्यरत सुश्री रीमा यादव को "पढ़ो और पढ़ाओ" अभियान का कोशी प्रमंडल ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया है। इस बात की जानकारी एडवोकेट ऑफ जेएसडी कॉउंसिल के निदेशक सह प्रभारी मधेपुरा जिला प्रबंधक श्री मति नेहा कुमारी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करके दी। सुश्री रीमा कॉउंसिल के माध्यम से कोशी के सुदूर ग्रामीण इलाके के स्टूडेंट्स को करियर को लेकर गाइडेंस देंगे। वहीं, ब्रांड अम्बेस्डर बनाए जाने पर सुश्री रीमा यादव ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से मुझे हजारों छात्रों का मार्गदर्शन करने का अवसर मिलेगा। छात्रों का मार्गदर्शन करने से बड़ी कोई सेवा नहीं है। मुझे यकीन है कि यह काम हम बेहतरीन तरीके से कर सकते हैं और हम करेंगे। सुश्री रीमा यादव का बचपन से पचपन तक का सपना और लक्ष्य का त्रिमासिक जन शोध कथा में लर्न टू लीड प्रोजेक्ट के तहत प्रकाशन किया जाएगा। सुश्री यादव को कॉउंसिल का सदस्य Ásd800810-ID आवंटन किया गया है। 11 वर्ष के बाद सोशल क्रेडिट के आधार पर आईडी स्थाई सदस्यता सूची में शामिल हो जाएगा। जेएसडी कॉउंसिल द्वारा सुश्री रीमा यादव के जन्मोत्सव 10 अगस्त को क्रेडिट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के आधार पर कॉपी, कलम, किताब मेधावी छात्रों के बीच वितरण एंव महाविद्यालय, अस्पताल और सरकारी कार्यालय में जन सेव द डेमोक्रेसी अभियान के माध्यम से पौधा रोपण किया जाएगा। हर वृक्ष पर रीमा जेएसडी आईडी अंकित रहेगा।

# बदलाव फाउंडेशन ने केशिया पाड़ा में बाल विवाह व डायन प्रथा के रोकथाम को ले चलाया जागरूकता कार्यक्रम

**सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर आजसू के मुख्य केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत मौजूद हुए**



**दैनिक शुभ भास्कर/ सुष्मिता कुमारी/ नाला (जामताड़ा)/** बदलाव फाउंडेशन तथा पुलिस प्रशासन की ओर से मधुबन गांव के केशिया पाड़ा में बाल विवाह के रोकथाम तथा डायन प्रथा को खत्म करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया । इस अवसर पर नाला थाना प्रभारी महेश मुंडा तथा एसआई रंजीत राम भी मौजूद थे ।मालूम हो कि इस अवसर पर ग्रामीणों के बीच जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया ।इस क्रम में गांव में रैली भी निकाली गई। साथ ही एक गोष्ठी का आयोजन कर बाल विवाह मुक्त भारत को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर नाला थाना प्रभारी महेश मुंडा ने ग्रामीणों के बीच बाल विवाह पर रोकथाम को लेकर महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। साथ ही ग्रामीणों से आग्रह किया कि आप लोग सामूहिक प्रयास से इस कुप्रथा को पुरी तरह से रोकथाम कर सकते हैं ।कहा कि महिला ही अपनी बेटी की कम उम्र में विवाह को रोक सकती है। उन्होंने महिलाओं को भी प्रेरित किया कि वे अपने बेटी की शादी कम उम्र में ना होने दें। गांव में डायन प्रथा को खत्म करने के लिए भी लोगों को जागरुक किया गया। उन्होंने बाल विवाह तथा डायन प्रथा के दुष्परिणाम के बारे में भी जानकारी दी। थाना प्रभारी महेश मुंडा ने कहा कि बाल विवाह कानूनन अपराध है। कम उम्र में शादी देने से माता-पिता को सजा भी हो सकती है।

ऐसा बाल संरक्षण अधिनियम में दंड का प्रावधान है।इस अवसर पर पुलिस अवर निरीक्षक रंजीत राम ने भी ग्रामीणों के बीच बाल विवाह तथा डायन प्रथा को पूर्ण रूप से खत्म करने को लेकर आवश्यक पहल हेतु लोगों को जानकारी दी ।इस दौरान बदलाव फाउंडेशन के प्रतिनिधि प्रतिमा मिर्धा तथा अभिमन्यु मिर्धा के द्वारा भी बाल विवाह रोकथाम को लेकर लोगों को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर नाला थाना प्रभारी महेश मुंडा ने कहा कि बच्चों में शिक्षा का बढ़ावा देना होगा। जब तक समाज में शिक्षा का प्रचार प्रसार नहीं होगा, तब तक समाज में इस प्रकार की कुप्रथा का प्रचलन रहेगा। कहा कि बाल विवाह तथा डायन प्रथा सामाजिक कुप्रथा है। जिसे दूर करना अति आवश्यक है।बाल विवाह के कारण बच्चों का भविष्य नष्ट होता है। उन्होंने समाज के वयोवृद्ध तथा महिला वर्ग के लोगों को बाल विवाह रोकने के लिए पहल करने की बात कही।

## ख़ास ख़बर

## विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर आरके प्लस टू स्कूल बागडेहरी में आयोजित हुई निबंध प्रतियोगिता



**दैनिक शुभ भास्कर/ कुंडहित(जामताड़ा)/**मंगलवार को आरके प्लस टू विद्यालय बागडेहरी में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर बच्चों के बीच निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस बाबत विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ मिथिलेश पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के आदेशानुसार विद्यालय के कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के बच्चों के बीच निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध का शीर्षक विश्व जनसंख्या दिवस पर बच्चों को निबंध लिखने के लिए दिया गया था। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता भूगोल शिक्षक दीपक सिंह एवं हिंदी के शिक्षक रमेश बाबू के देखरेख में संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि इस तरह के निबंध प्रतियोगिता से बच्चों में अपने प्रतिभा निखारने का एक मंच मिल जाता है एवं बच्चे प्रोत्साहित होते हैं। प्रतियोगिता में सुमित कुमार मंडल प्रथम , इंद्रजीत घोष द्वितीय,और पायेल माजि तृतीय प्राप्त किया। मौके पर उक्त शिक्षकों के अलावे विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## कुंडहित मुख्य बाजार में जाम लगने से लोगों की हो रही है परेशानी



**दैनिक शुभ भास्कर/कुंडहित जामताड़ा/**कुंडहित मुख्य सड़क के दोनों किनारे अतिक्रमण हो जाने से प्रतिदिन सड़क जाम हो जाता है । जाम लगने से लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। खासकर विद्यार्थीयों को ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुंडहित मुख्य बाजार सड़क के दोनों किनारे लोगों द्वारा आनन-फानन में साइकिल मोटरसाइकिल खड़ा कर देते हैं । सिंगल सड़क होने के कारण विपरीत दिशा से आने वाले वाहन को जगह देना मुश्किल हो जाता है। जिससे जाम और बढ़ जाता है। यही नहीं लोगों द्वारा अपने घर के द्वार के पास मिट्टी , पत्थर रखकर जगह अतिक्रमण किए हुए हैं। कुछ दुकानदार सड़क किनारे ही दुकान के सामान सजा कर रखे हुए हैं जिससे सड़क के दोनों किनारे अतिक्रमण हो गया है। हटिया परिसर की अगर बात करें तो सड़क के दोनों किनारे अस्थायी दुकानें लगा दी गई है। दुकानें इतनी ज्यादा आगे बढ़ गई है कि सड़क तक छू जाने लगी है। बता दें कि राजनगर मुर्गाबनी मुख्य मार्ग कुंडहित बाजार में प्रतिदिन गाड़ियों की जाम लग जाता है। जाम के कारण विद्यार्थी वर्ग, एंबुलेंस आदी को काफी परेशानी होती है। प्रतिदिन जाम लगने के बावजूद भी प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाई जाता है।

## शादी की नियत से भगा ले जाने के मामले को लेकर बागड़ेहरी थाना में दर्ज हुई प्राथमिकी

**दैनिक शुभ भास्कर/कुंडहित( जामताड़ा)/**सोमवार की देर रात को बागडेहरी थाना क्षेत्र में शादी की नियत से भगा ले जाने का एक मामला प्रकाश में आया है। मामला को लेकर वादि द्वारा बागडेहरी थाना में लिखित आवेदन देकर चार आरोपी को नामजद किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जोकपहाड़ी निवासी वादि द्वारा लिखित आवेदन देकर बागड़ेहरी थाना में मामला दर्ज कराया गया है। बागडेहरी पुलिस मामले को लेकर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। इस संदर्भ में बागडेहरी थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि शादी की नियत से भगा ले जाने का एक मामला थाना में आया है जिसमें प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है। बताया कि मामले को लेकर थाना कांड संख्या 24/2023 भादवि की धारा 366ए, 34 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर गांव के ही भुवन मुर्मू, राजेश सोरेन, सावित्री सोरेन, जबा मुर्मू को नामजद किया गया है।

## रामगढ़ पुलिस ने 17 पीस अंग्रेजी शराब के साथ मोटरसाकिल सहित एक तस्कर को किया गिरफ्तार



**कैमूर** जिला के रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत गोड़सरा गांव से थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव के नेतृत्व में छापेमारी कर शराब तस्कर को मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया

इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष ने बताया कि मंगलवार को गुप्त सूचना के आधार पर गोड़सरा गांव निवासी महेंद्र साह के पुत्र हंसलाल गुप्ता (उम्र करीब 29 साल )को गिरफ्तार किया वहीं उसके पास मोटरसाइकिल के सीट कवर के नीचे से 17 पीस एट पीएम ट्रेटा पैक सहित काला लाल रंग का पैशन प्रो मोटरसाइकिल भी जब्त किया गया वही पुलिस आगे की करवाई कर रही है।

## बाइक चुराकर भागते युवक को ग्रामीणों ने दबोचकर किया पुलिस हवाले, भेजा जेल



**बरहरवा-** थाना पुलिस ने मंगलवार को मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में एक अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में राजमहल जेल भेज दिया है।

इस संबंध में थाना प्रभारी प्रियेश प्रसुन ने बताया कि बरहेट थाना क्षेत्र अंतर्गत बरहेट संथाली निवासी इसरार अंसारी पिता वदूद अंसारी के द्वारा बीते सोमवार को बरहरवा थाना क्षेत्र के केंचुआ पुल के पास से रेलवे कॉलोनी निवासी प्रभाष पासवान का मोटरसाइकिल चोरी कर भाग रहा था। इस दौरान कोटालपोखर थाना क्षेत्र के बिजयपुर गांव के निकट ग्रामीणों के द्वारा पकड़ कर पुलिस के हवाले किया गया। उधर प्रभाष पासवान के आवेदन के आलोक में धराये युवक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेजा गया है। हालाँकि बरहरवा एवं आसपास के इलाकों में बाइक चोरी की घटना धीरे धीरे बढ़ती जा रही है जिससे स्थानीय पुलिस व लोग काफी सतर्क है।वही पुलिस द्वारा भी जगह जगह जाँच अभियान चलाते हुए लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

## प्रखंड प्रमुख कलावती मुर्मू ने किया नाला सीएचसी में परिवार स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन




**दैनिक शुभ भास्कर/ सुष्मिता कुमारी/ नाला (जामताड़ा)/** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार-मंगलवार को नाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जनसंख्या स्थिरता अभियान 2023 के तहत आयोजित परिवार स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख कलावती मुर्मू ने विधिवत दीप प्रज्वलित कर की। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख कलावती मुर्मू ने परिवार स्वास्थ्य मेला में लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर नोडल चिकित्सक डॉ रामकृष्ण बाबू ने बताया कि इस परिवार स्वास्थ्य मेले में कुल 9 स्टाल लगाए गए हैं जो कि परिवार नियोजन से संबंधित विभिन्न परामर्श एवं आवश्यक दवाइयां प्रदान की जा रही है ।उन्होंने कहा कि स्थाई तथा अस्थाई विधि के बारे में भी लोगों को जानकारी दी जा रही है साथ ही स्टाल में उन्हें आवश्यक परामर्श एवं स्थाई तथा अस्थाई विधि के की दवा भी दी जा रही है। इस अवसर पर नोडल चिकित्सक डॉ रामकृष्ण बाबू ने परिवार स्वास्थ्य मेले के उद्देश्य एवं उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख कलावती मुर्मू ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग इस परिवार स्वास्थ्य मेले का लाभ उठाएं। मौके पर नोडल चिकित्सा डॉ रामकृष्ण बाबू, डॉ दिनेन्दु शाहा, डॉक्टर संजय कुमार, डॉक्टर गुनीता लोइटोंगबम, बीपीएम जितेंद्र कुमार पप्पू, एमटीएस अहमद रजा परवेज, एसटीटी लक्ष्मी मंडल, प्रमुख प्रतिनिधि अवि लाल मुर्मू, स्वास्थ्य प्रशिक्षक निरंजन दास, शईद आलम ,एसटीएलस फिरोज अंसारी,प्रवेज आलम, एमपीडब्ल्यू प्रदीप टूडू, मीरा यादव,शेख मुस्ताक, सलीम अंसारी, आरिफ अंसारी, मुस्तकीम अंसारी, चित्रा मंडल, सहित सहिया ,सहिया साथी आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## दीवार काटकर किराना दुकान से हजारों की चोरी

**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/देवघर/**मधुपुर शहर के सीताराम डालमिया रोड स्थित किराना दुकान विनायक भंडार का दीवार काटकर अज्ञात चोर के द्वारा बीते रात को नकदी समेत हजारों रुपए का सामान चोरी कर लिया गया है । शहर के मीना बाजार मोहल्ला निवास किराना दुकानदार दीपक कुमार डालमिया ने सोमवार को थाना में आवेदन देकर पुलिस की घटना की जानकारी दी है । सूचना पर पुलिस दुकान पहुंची और मामले की जांच की । दुकानदार को आश्वासन दिया कि जल्दी चोर को पकड़ लिया जाएगा । पीड़ित दुकानदार ने पुलिस को बताया कि सोमवार सुबह दुकान का शटर खोला तो देखा कि अंदर का सामान बिखरा पड़ा हुआ है । दुकान का दीवार कटा हुआ है । दुकान में रखे नगदी करीब 8 हजार, काजू किशमिश, कॉस्मेटिक समेत अन्य सामान जिसकी कुल अनुमानित राशि 35000 है चोरों के द्वारा चुरा ली गई है । खबर लिखे जाने तक पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

## आसनसोल वरिष्ठ रेल मंडल के सुरक्षा आयुक्त राहुल राज पहुंचे मधुपुर, किया आरपीएफ पोस्ट का निरीक्षण



**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/देवघर/**श्रावणी मेला के दौरान कांवरिया रेलयात्री की सुरक्षा को लेकर आरपीएफ चौकस है?। मंगलवार को वरिष्ठ रेल मंडल के सुरक्षा आयुक्त आसनसोल राहुल राज ने मधुपुर आरपीएफ पोस्ट का निरीक्षण किया । उन्होंने मधुपुर आरपीएफ पोस्ट मे दर्ज विभिन्न रेलवे एक्ट समेत अन्य मामलों का विस्तार पूर्वक अवलोकन किया। इसके अलावा उन्होंने मधुपुर आरपीएफ थाना क्षेत्र के स्टेशनों की जानकारी लिया। उन्होंने रेलवे सुरक्षा बल में तैनात अधिकारी और बल से स्टेशन में सुरक्षा को लेकर जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिया 7 सीसीटीवी कंट्रोल रूम,एवं माल खाना का निरीक्षण किया। उनके द्वारा कंट्रोल रूम में सीसीटीवी कैमरे की निगरानी कर रहे ड्यूटी में तैनात जवान को कहा कि स्टेशन पर कहीं भी किसी तरह की गड़बड़ी कैमरे में कैद हो तो तुरंत आवश्यक कार्रवाई के लिए तैयार होकर मामले को निपटारा करे । श्रवणी मेला को लेकर स्टेशन पर आरपीएफ की सुरक्षा में चौकस रहने के निर्देश दिया । मौके पर उन्होंने शहर के राजबाड़ी रोड स्थित आरपीएफ बैरक का जायजा लिया। अंग्रेजों के समय से बना भवन जर्जर स्थिति को देख उन्होंने बैरेक के लिए नए भवन बनाने का आश्वस्त किया । मौके पर आरपीएफ इंस्पेक्टर देवनाथ, सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र प्रसाद, एएसआई यू मंडल, एएसआई शौकत कमाल समेत रेलवे सुरक्षा बल के जवान मौजूद थे।

## सीपीआई ने अंचलाधिकारी के विरुद्ध अंचल कार्यालय के समक्ष दिया धरना




**दैनिक शुभ भास्कर/कुंडहित (जामताड़ा)/**मंगलवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा अंचलाधिकारी के विरुद्ध एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। इससे पूर्व पार्टी द्वारा रैली निकालकर अंचलाधिकारी के विरुद्ध आक्रोश जताया गया। रैली पुरातन बैंक मोड़ से कुंडहित बाजार होते हुए अंचल कार्यालय पहुंचकर धरना प्रदर्शन में तब्दील हो गया। इस दौरान पार्टी के जिला सचिव कन्हाई चंद्र माल पहाड़िया ने कहा की मनमानी तरीके से आदेश जारी कर इनायतपुर गांव के एक रैयत का दीवार तोड़वा दिया गया। साथ ही तुलसी मंदिर भी तोड़वा दिया गया है। जो असंवैधानिक है । वहीं कोरंगापाड़ा के आदिवासी किसानों का पट्टा रद्द कर दिया गया । बंगाल के एक व्यक्ति के नाम से नामांतरण कर दिया गया है। अंचल कार्यालय की कार्यशैली के कारण बड़े तादाद में क्षेत्र के किसान सूखा राहत योजना का लाभ पाने से वंचित रह गए हैं। उन्होंने कहा कि अपेक्षित बारिश नहीं होने के कारण क्षेत्र में खेती का काम शुरू नहीं हो पाया है। इसके मद्देनजर पार्टी द्वारा सरकार से क्षेत्र को सूखा घोषित कर सूखा राहत मुहैया कराने की मांग कर रही है। धरना प्रदर्शन के उपरांत पार्टी के शिष्ठमंडल द्वारा एक मांग पत्र उपायुक्त के नाम बीडीओ को सौंपा गया।

**उद्घाटन** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा का उद्घाटन किया गया।

## विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर सीएचसी कुंडहित में जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा का हुआ उद्घाटन



**दैनिक शुभ भास्कर/ कुंडहित(जामताड़ा)/**विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर मंगलवार को मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा का उद्घाटन किया गया। पखवाड़े का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमान मरांडी एंव जिप सदस्य रीना मंडल के द्वारा फीता काटकर किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमान मरांडी ने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर परिवार नियोजन स्वास्थ्य पखवाड़े का शुभारंभ किया गया है ।यह पखवाड़ा 11 जुलाई से 24 जुलाई तक चलेगी ।इसमें प्रखंड क्षेत्र के दंपत्ति परिवार नियोजन पखवाड़ा में आकर परिवार नियोजन के बारे में जानकारी ले सकती है ।साथ ही साथ स्वास्थ्य कीट सभी व्यवस्था की गई है। इस पखवाड़ा के माध्यम से क्षेत्र के लोग पुरुष नसबंदी एवं महिला बंध्याकरण के लिए पंजीकरण करा सकते हैं । पंजीकरण के उपरांत पुरुष नसबंदी एवं महिला बंध्याकरण निशुल्क किया जाएगा ।साथ ही उनके प्रोत्साहन राशि के साथ-साथ मेडिकल किट भी दिया जाएगा। मौके पर जिप सदस्य रिना मंडल ने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर यह कार्यक्रम हो रहा है। यह बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। हमारे भारत में जनसंख्या वृद्धि से जूझ रहे हैं इसे नियंत्रण करने के लिए सरकार विभिन्न प्रकार की कार्यक्रम चला रहे हैं। हमारे भारत में जनसंख्या जिस स्तर से बढ़ रही है बहुत ही संकटमय स्थिति है ।यह संकट को जब तक आप लोग जागृत नहीं होंगे उसने निपटाना संभव नहीं है ।इस अवसर पर सभी लोगों का जागरूक करना होगा कि जैसे जनसंख्या को नियंत्रित कैसे किया जाता है। सरकार द्वारा जनसंख्या नियंत्रण करने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम चला रहे हैं

## शराब के नशे में धुत व्यक्ति को थाना प्रशासन ने किया गिरफ्तार



**कैमूर-** जिला के कुदरा थाना प्रशासन द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत शराब के नशे में धुत व्यक्ति को किया गया गिरफ्तार, भेजा गया न्यायिक हिरासत में। थाना अध्यक्ष संजय कुमार से मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रशासन द्वारा शराबबंदी कानूनों को संकल्पित भाव से पालन करते हुए नशे व नशेड़ियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिस क्रम में सोमवार को सूचना मिला की एक व्यक्ति द्वारा शराब के नशे में हंगामा किया जा रहा है। थाना प्रशासन द्वारा स्थल पर पहुंचकर व्यक्ति को गिरफ्त में लिया गया, स्वास्थ्य जांच में शराब पीने की पुष्टि होने के उपरांत व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसे मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गिरफ्तार व्यक्ति सौरव कुमार पिता राम जी बिंद गांव- शहर, थाना- शिवसागर जिला रोहतास का निवासी बताया जा रहा है।

## एक बुलेट से 16 लीटर शराब बरामद बुलेट जप्त



**कैमुर दुर्गावती/**दुर्गावती थाना क्षेत्र के धनेछा गांव के पास NHw से दुर्गावती पुलिस ने 16 लीटर शराब के साथ दो को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक राजू पासवान पिता बदन पासवान उम्र 20 वर्ष ग्राम डीड़खीली तो वही दूसरा राज किशोर गुप्ता पिता राजवंश साह ग्राम धनेछा दोनों थाना दुर्गावती जिला कैमूर भभुआ के निवासी बताए जा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार दुर्गावती पुलिस राष्ट्रीय राजमार्ग 2 पर धनेछा गांव के पास शराब चेकिंग अभियान चला रही थी तभी एक बुलेट रजिस्ट्रेशन नंबर क्क्क45 jk 9564 पर सवार दो लोगों को आते हुए देख संदेह बस रोकने का इशारा किया तो बाइक चालक तेज गति से बाइक लेकर भागने का कोशिश किये जिसे दौड़ाकर पुलिस के द्वारा पकड़ लिया गया। इसके बाद उसकी तलाशी ली गई तो बाइक से 1 पेटी में कुल मिलाकर 16 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया जिसके बाद पुलिस के द्वारा दोनों लोगों को शराब के साथ दुर्गावती थाने लाया गया जहां पर पूछताछ के बाद थाने में प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।

## ख़ास ख़बर

### पिपरा प्रखंड के राजद महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष बनी लीला कुमारी



**अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, पिपरा, सुपौल/** जिले में पिपरा नगर पंचायत के वार्ड न 11 की वार्ड पार्षद लीला कुमारी राजद का दामन थाम लिया है। वार्ड न 11 स्थित उनके निज आवास पर आज राजद का एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैठक में पूर्व विधायक यदुवंश प्रसाद यादव, राजद महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष सोनी कुमारी सहित राजद के अन्य वरीय नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिसमे वार्ड न 11 के वार्ड पार्षद लीला कुमारी को राजद के महिला प्रकोष्ठ की प्रखंड अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। इस मौके पर राजद के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। मालूम हो की वार्ड पार्षद लीला कुमारी के पति जागेश्वर मेहरा वर्तमान में एलआईसी के डीओ हैं और सामाजिक क्षेत्र में उनकी महती भूमिका रहती है।

### जनसंख्या नियंत्रण की मांग को लेकर डीएम को पीएम के नाम सौंपा गया ज्ञापन




**मो0 नजीर/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल/**जिले में जनसंख्या विस्फोट एवं जन सांख्यिकीय असंतुलन के कारण भारत के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों के समाधान के लिए अविलंब जनसंख्या नियंत्रण कानून बना कर उसे लागू करने की मांग को लेकर आज जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के द्वारा पीएम के नाम डीएम को ज्ञापन सौंपा गया।कार्यक्रम का नेतृत्व जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सुमन ने की। इस मौके पर फाउंडेशन के कई सदस्य मौजूद थे। इस दौरान मौजूद वक्ताओं ने कहा कि भारत की संस्कृति और अखंडता को अक्षुण्ण रखने के लिए देशभर में जनसंख्या नियंत्रण कानून की जरूरत है। बेतहाशा बढ़ रही जनसंख्या अत्यंत चिंता का विषय है। बताया कि जनसंख्या असंतुलन की समस्या पर कुशल एवं प्रभावी नियंत्रण के जरिए ही इसे संतुलित किया जा सकता है। इसके लिए जनसंख्या नियंत्रण कानून लाकर ही इस समस्या का समाधान किया जा सकता है। जिसको लेकर जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के द्वारा देशभर में हजारों छोटी बड़ी सभाएं बड़ी बड़ी रैलियां पदयात्रा है और रथ यात्रा आयोजित की गई है। दर्जनों की संख्यां में जनसंख्या नियंत्रण फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंच सुपौल डीएम को अपनी मांगों का ज्ञापन प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के नाम सौंपा।

### कृषि समन्वयक का 36 वा दिन हड़ताल रहा जारी



**मो0 नजीर/दैनिक शुभ भास्कर सुपौल/** जिले में कृषि समन्वयको का 36 वा दिन भी हड़ताल जारी पिछले 36 दिन से जिले के तमाम कृषि समन्वयक हड़ताल पर है। बिहार कृषि समन्वयक कार्य समिति पटना की जिला इकाई सुपौल द्वारा जिला कृषि कार्यालय के समीप हड़ताल पर मौजूद कृषि समन्वयक ने कहा की सरकार द्वारा जब तक उनकी मांगों को नहीं माना जाएगा वे लोग हड़ताल खत्म नहीं करेंगे। कहा कि उनकी दो मुख्य मांगे है कि उन्हें 46 सौ का ग्रेड पे दिया जाय और उनका पदनाम परिवर्तन कर कृषि विकास पदाधिकारी किया जाय। कहा कि सरकार द्वारा जब तक इन दोनो मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा। हड़ताल जारी रहेगा। मालूम हो की पिछले 6 जून से जिले के तमाम कृषि समन्वयक अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं।

# एसएसबी ट्रेनिंग कैम्प से पास आउट हुए 64 जवान, विभिन्न बॉर्डर पर होंगे तैनात









**डॉ बिनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल/** जिला के निर्मली प्रखंड में अंतर्गत आसनपुर कुपहा स्थित एसएसबी प्रशिक्षण केन्द्र में 44 सप्ताह के कठिन परिश्रम के बाद 64 प्रशिक्षु के प्रशिक्षण कार्य पूर्ण होने पर सोमवार को तृतीय पासिंग आउट परेड कराई गई। इसमें तैयार जवान आज के बाद देश के सेवा में अपना योगदान लेंगे। इस दौरान प्रशिक्षण केन्द्र में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। देश के विभिन्न बॉर्डर पर ड्यूटी के लिए एसएसबी के 22 महिला एवं 42 पुरुष जवान तैयार हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पटना के डीआईजी केसी विक्रम थे। इसके अलावे विभिन्न प्रशिक्षण केंद्र के डीआईजी भी मौजुद रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षु जवानों ने पहले परेड करते हुए डीआईजी श्री विक्रम और कमांडेंट संजय कुमार को सलामी दिया।

सलामी के बाद डीआईजी एवं कमांडेंट ने निरक्षण वाहन पर सवार होकर परेड में खड़े जवानों का निरक्षण किया। कार्यक्रम के दौरान सभी 64 जवानों को संविधान एवं गोपनीयता की सपथ दिलाई गई। डीआईजी श्री विक्रम ने कहा कि मुख्य परेड कमांडर ने बहुत कम समय और विपरीत स्थिति में बेहद उम्दा प्रदर्शन करवाया है। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण जवानों को जिंदगी भर याद रहेगा। जिस जोश और मेहनत के साथ तैयारी की गई है यह सराहनीय है। उन्होंने जवानों को अपने परिवार के माता पिता और समाज के प्रति भी ध्यान रखने की सलाह दी। कहा कि विभिन्न राज्यों से आए 64 जवानों को प्रशिक्षण दिया गया। इन प्रशिक्षुओं को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण देने के बाद मुख्य आरक्षी की पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्य आरक्षियों को 44 सप्ताह की कठिन ट्रेनिंग दी गई है। कमांडेंट रंगरूट प्रशिक्षण केंद्र के अगुवाई में अधिकारियों और प्रशिक्षक द्वारा कठिन परिश्रम के बाद प्रशिक्षु को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षुओं को भारत-नेपाल, भारत-भूटान आदि सीमावर्ती इलाकों में तैनाती के साथ-साथ देश के आतंकवाद और नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्रों में पदस्थापित किया जाएगा। बताया गया कि डीआईजी श्री विक्रम के दिशा निर्देशन में सुरक्षा बल द्वारा सफल ऑपरेशन को अंजाम देने में सक्षम है। कार्यक्रम में द्वतिया कमान अधिकारी, रंगरूट प्रशिक्षण केंद्र सुपौल माधव चंद्रा घोष सहित अन्य मौजूद थे। डिप्टी कमांडेंट हसनैन खान, डिप्टी कमांडेंट देवव्रत भूषण, असिस्टेंट कमांडेंट कुलदीप कुमार, निरंजन कुमार एवं अन्य वरीय अधिकारी सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन आईजी पंकज दराद व डीआईजी राजीव राणा ने किया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले आरक्षीयो को आईजी ने किया सम्मानित। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न विधाओं में उच्च प्रदर्शन करने वाले कुल 6 आरक्षियों को डीआईजी द्वारा उत्कृष्ट परुस्कार से सम्मनित किया। जो विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। आरक्षियों ने दिखाए कर्तव्य-कार्यक्रम में आकर्षक परेड के साथ-साथ सशस्त्र सीमा बल सीमांत मुख्यालय पटना के पाइप बैंड की टीम द्वारा रंगारंग कार्यक्रम किया गया। इसके अलावे नव आरक्षियों ने आकर्षक मार्च पास्ट, टैटू ड्रिल, मलखम्भ, कमांडो ड्रिल, बिना हथियार की लड़ाई, मेहराब घोड़े आदि प्रदर्शन दिखाकर लोगो का मनमोह लिए।

## प्रखंड के ई किसान भवन में हुई उर्वरक निगरानी समिति की बैठक





**सोनू भगत/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल/**जिले के छातापुर प्रखंड मुख्यालय स्थित ई किसान भवन में उर्वरक निगरानी समिति की बैठक का आयोजन प्रखंड प्रमुख आशिया देवी की अध्यक्षता में मंगलवार को किया गया। आयोजित बैठक में प्रखंड क्षेत्र के कई उर्वरक विक्रेता शामिल हुए। बैठक का आयोजन मुख्य रूप से प्रखंड क्षेत्र के किसानों को खाद, बीज, कीटनाशक व अन्य कृषि संबंधित सामान ससमय उचित मूल्य पर उपलब्ध हो, इन बातों पर महत्वपूर्ण विचार विमर्श किया गया। आयोजित बैठक के संदर्भ में जानकारी देते हुए कृषि पदाधिकारी अरविंद कुमार रवि ने बताया कि सीजन के शुरुआत में कम से कम दो बार उर्वरक निगरानी समिति की बैठक का आयोजन किया जाता है तथा आवश्यकता होने पर बैठक की संख्या बढाई भी जा सकती है। उर्वरक व्यवसायियों के साथ यह महत्वपूर्ण बैठक होती है। क्षेत्र के उर्वरक व्यवसाइयों को उर्वरक उपलब्धता में किसी तरह की समस्या होने पर निवारण के दिशा में प्रयास किया जाता है, जिससे आने वाले समय में क्षेत्र के किसानों को उर्वरक हेतु परेशानियों का सामना ना करना पड़े।

वहीं बैठक को संबोधित करते हुए श्री रवि ने उपस्थित व्यवसाइयों को समय पर किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद, बीज, कीटनाशक निर्धारित मूल्य पर उपलब्ध करवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि बाजार में नकली उर्वरक बेचने वाले सावधान हो जाए। ऐसा करते पाए जाने पर लाइसेंस तो रद्द होगा ही साथ ही साथ प्राथमिकी भी दर्ज होगी। इस बीच बैठक में यूरिया के मूल्य को लेकर भी जमकर बहस हुई। किसानों ने आरोप लगाते हुए बताया कि 266 रुपए मूल्य की यूरिया खुले बाज़ार में 500 रुपए तक उपलब्ध होती है। किसानों द्वारा आवाज उठाने पर उर्वरक उपलब्ध नहीं है अथवा कहीं और से खाद लेने को बोला जाता है। इस बीच प्रमुख प्रतिनिधि अजय कुमार सरदार ने पिछली बार हुई बैठक में सामने आई समस्या के समाधान के संदर्भ में भी जानकारी लेते हुए उन्होंने उर्वरक व्यवसाईयों से किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर बैठक में अपनी बात रखने को कहा। वहीं उपप्रमुख संजय कुमार यादव ने बैठक में कहा कि विभागीय लापरवाही की वजह से कई जनप्रतिनिधियों, उर्वरक व्यावसाइयों, किसानो को बैठक की सूचना नही मिल पाई है।

जिस वजह से कई जनप्रतिनिधि, व्यवसाई व किसान बंधु बैठक में शामिल नहीं हो पाए है। उक्त बात की जबाव देते हुए कृषि पदाधिकारी श्री रवि ने बताया कि किसान सलाहकार एवम समन्वयक के हड़ताल पर होने की वजह से ऐसा हुआ है। भविष्य में सभी प्रतिनिधियों,व्यवसाइयों व किसानों को चिठ्ठी के माध्यम से सूचना देना सुनिश्चित करेंगे। मौके पर पंकज भगत, रंजन भगत, लड्डू पौदार, सनोज कुमार सिंह, दीपक साह, मो शाबीर, मो एहसान, राजा भगत, जयप्रकाश साह, संतोष, राजनारायण भगत, मंटू साह, कृत्यानंद यादव, शंभू प्रसाद भगत सहित कई अन्य विभागीय कर्मी, विभिन्न पंचायतों के उर्वरक व्यवसाई व किसान बंधु उपस्थित थे।

## जमीन का लगान के वसूली के लिए शिविर का आयोजन






**अभिषेक आनन्द /दैनिक शुभ भास्कर, वीरपुर ,सुपौल।**जिले में वीरपुर अनुमंडल के बसंतपुर प्रखंड के भगवानपुर पंचायत स्थित पंचायत सरकार भवन में मंगलवार को राजस्व कर्मचारी अवध बिहारी के अध्यक्षता में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें पंचायत के सभी सामुदाय के रैयत ने भाग लिया । जानकारी अनुसार इस शिविर में रैयत के लगान वसूली एवम राजस्व संबंधित समस्याओं का समाधान हेतु शिविर का आयोजन किया गया।इस संदर्भ में राजस्व कर्मचारी ने बताया कि शिविर में रैयत के लगान रसीद, जमीन से संबंधित समस्याओं के बारे में जानकारी लिया और जमाबंदी को अपग्रेड एवम लगान राशिद कटाने के लिए रैयत को प्रेरित किया।ताकि अधिक से अधिक रैयत अपना जमीन का लगान रसीद कटा सके।वही रैयत को आधार और मोबाइल नम्बर से जमाबंदी को लिंक करवाने के लिए प्रेरित किया।जिससे रैयत को सरकारी लाभ मिल सके । इस मौके पर राजस्व कर्मचारी मोजेश सिंह,भगवानपुर मुखिया देवेंद्र दास, पीआरएस अमोध आनंद,रैयत बालेश्वर मेहता,चंडिका सिंह,संजय राउत,महेंद्र मेहता,अनिल पौद्दार, सुधीर सादा, राजेश मंडल,शत्रुधन साहनी आदि रैयत मौजूद थे।

## समदा भवानीपुर मार्ग में राजपुर कैनाल पर बनी पुल क्षतिग्रस्त रोड का स्थिति जर्जर






**अभिषेक आनन्द /दैनिक शुभ भास्कर ,वीरपुर ,सुपौल ।**जिले में वीरपुर अनुमंडल के बसंतपुर प्रखंड क्षेत्र के समदा से भवानीपुर जाने वाली मुख्य मार्ग की हालत दिन प्रतिदिन जर्जर होती जा रही है तो वही राजपुर मुख्य केनाल पर एवं भवानीपुर के समीप बना पुल क्षतिग्रस्त होकर टूटने के कगार पर पहुंच चुकी है। पुल से गुजरते समय वाहन के अचानक अनियंत्रित होने पर सीधे नहर में ही जाकर गिरेगी। एवं दुर्घटना के शिकार हो सकते है। उक्त पुल कभी ना कभी टूट सकती है। दोनों तरफ लगे रेलिंग भी पूर्णता क्षतिग्रस्त हो चुकी है। साथ ही निचला हिस्सा भी झड़ कर नीचे गिर रही है। जिससे होकर भारी वाहनों के आने जाने का सिलसिला लगातार जारी है। तो वही छोटे वाहनों को जाने में दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। पुल को पार करने के लिए राहगीरों को डर समा जाता है। बता दे कि यह दीनबंधी एवं भगवानपुर पंचायत को जोड़ने वाली पुल है। इनके क्षतिग्रस्त होने से दोनों पंचायत में आना जाना एवं व्यवसाय बाधित हो जाएगी। इस सड़क से भगवानपुर, रतनपुर, सातनपट्टी एवं अन्य पंचायत के लोगो का प्रखंड कार्यालय एवं अनुमंडल कार्यालय साथ ही न्यायालय भी आना जाना लगा रहता है। स्थानीय ग्रामीण जितेंद्र कुमार यादव, ज्ञानेश्वर यादव, आशीष कुमार मुखिया, रामदेव कुमार मेहता, कृष कुमार यादव, ब्रजेश यादव, बिनोद यादव , लखीचंद यादव, भुवनेश्वर मुखिया, पप्पू कुमार यादव आदि ने बताया कि बालू ढ़ोने के लिए कटैया पलार से उक्त पुल के रास्ते ही किया जाता है। जिस कारण से पुलिया की स्थिति और अधिक खराब हो चुकी है। कभी ना कभी पुलिया टूट कर गिर सकती है। बताया कि दीनबंधी व भगवानपुर पंचायत के आमजनों का अधिकतर रहता है। कैनाल पार करते समय भय बना रहता है कि कही दुर्घटना के शिकार न हो जाय। प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि इस भयानक गड्ढे को दुरस्त करते हुए भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाए जाय। अन्यथा आमजनों को भारी परेशानी के मुँह में गिरना पड़ सकता है। वही स्थिति भवानीपुर चौक से पहले पुल का है जहां पर रेंनकट के साथ-साथ पुलिया के समीप दोनों तरफ बड़ा बड़ा गड्ढा बना हुआ है जिससे साइकिल मोटरसाइकिल से आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है ,साथ ही डर बना हुआ रहता है कि कहीं 50 फीट नीचे गड्ढे में ना जा गिरे । प्रशासन मुख दर्शक बनकर बैठा हुआ है।

**जलाभिषेक** पहले सोमवार को लेकर मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

## बाबा भीमशंकर मंदिर सावन के पहले सोमवारी मे 50 हजार से अधिक भक्तों ने किया जलाभिषेक



श्रद्धा के साथ श्रद्धालू भगवान भोलेशंकर की पूजा अर्चना करते

**संजीब यादव/दैनिक शुभ भास्कर ,राघोपुर ,सुपौल/**जिले में राघोपुर प्रखंड अंतर्गत धरहरा स्थित बाबा भीमशंकर मंदिर के प्रांगण में सावन के पहले सोमवार को लेकर अगले सुबह से ही मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

पहले सोमवारी की भीड़ को देखते हुए गर्भ गृह का पट सुबह 3 बजे भक्तों के लिए खोल दिया गया। बाबा का जलाभिषेक करने के लिए भारी संख्या में श्रद्वालूओं की भीड़ उमड़ी। इसमें काफी संख्या में भक्तों ने भीमशंकर महादेव के उपर जलाभिषेक किया और हर हर महादेव का जयकारे लगाये। बता दे कि भक्तों के धरहरा भीम शंकर मंदिर में जाने से वहां का माहौल भक्तिमय में से गुंज उठा। मंदिर के बाहर मेला जैसा माहौल सुबह से बना रहा है। सावन मास में बड़ी है। ऐसा माना जाता है कि श्रावण मास में सच्चे मन से पूजा अर्चना करने वाले भक्तों की मनोकाना पूर्ण होती है वही बाबा भीमशंकर मंदिर के प्रांगण में कोसी बैराज एवं महादेवपुर घाट ( भागलपुर ) से जल भरकर हजारों की संख्या में मोटरसाइकिल बम एवं काँवरियों ने डीजे के धुन पर नाचते-गाते हुए जलाभिषेक किया। भीड़ को देखते हुए मंदिर कमिटी की ओर से पूर्ण व्यवस्था की गई ताकि किसी भी भक्तों को पूजा अर्चना करने में कोई दिक्कत न हो। भीड़ की निगरानी सीसीटीवी कैमरे की मदद से की जा रही थी। मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मजिस्ट्रेट के रूप में राघोपुर ब्रष्टह्न मयंक मधुकर को तैनात किया गया साथ ही राघोपुर थाना के महिला व पुरुष पुलिस दल-बल के साथ मंदिर पर तैनात रहे।पूरे दिन सड़क पर गाड़ियों का लगा रहा जाम- वही गाड़ियों की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए प्रशासन के द्वारा धरहरा मोड़ पर ही बेरियल लगाकर उन्हें रोक दिया गया ताकि मंदिर परिसर में गाड़ियों का भीड़ न लगे। हालांकि गणपतगंज बाजार से मंदिर परिसर तक जाने वाली मुख्य सड़क पर पूरा दिन गाड़ियों का जाम लगा रहा।अन्य वर्ष की भांति इस वर्ष भी की गई बेहतर व्यवस्था- जानकारी देते हुए मंदिर कमिटी के सचिव संजीप कुमार यादव ने कहा कि सावण मास को लेकर मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया है। कहा कि मंदिर कमिटी के द्वारा अन्य वर्ष की भांति इस वर्ष भी बेहतर व्यवस्था की गई है ताकि भक्तों को पूजा अर्चना करने में कोई दिक्कत न हो। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन के साथ साथ यहाँ स्थनिय युवक भी तैनात थे।

## छातापुर प्रखण्ड मुख्यालय में भाकपा ने किया 24 सूत्री मांगों को ले प्रदर्शन





**सोनू भगत/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर ,सुपौल/**जिले के छातापुर प्रखण्ड मुख्यालय में मंगलवार को 24 सूत्री मांगों को ले भाकपा कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदर्शन किया गया। छातापुर भाकपा अंचल सचिव रघुनंदन पासवान ने बताया कि छातापुर प्रखण्ड मुख्यालय में भाकपा के जिला सचिव सुरेश्वर सिंह के नेतृत्व में 24 सूत्री मांगों को ले यह प्रदर्शन कार्यक्रम हुई है। जिसमें प्रखंड के बिभिन्न शाखा के कार्यकर्ता, किसान, मजदूर व आमजन शामिल हुए है। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शन कार्यक्रम के तहत भाजपा के गलत नीति को उजागर कर भाजपा को भगाने व धर्मनिरपेक्षता बचाने का कार्य किया जाएगा। वही प्रदर्शन कार्यक्रम के बाद छातापुर बाजार स्थित धर्मशाला के समीप एक नुक्कड़ सभा भी आयोजित हुई। नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुए भाकपा अंचल सचिव श्री पासवान ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार किसान मजदुर विरोधी सरकार है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार जुमले बाजी कर सत्ता में आकर बाबा भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाई गई संविधान में छेड़ छाड़ करने में जुटे है। इतना ही नही नोट बंदी लाकर मजदूर किसान व छोटे छोटे व्यापारियों को आर्थिक संकट में पहुंचाने का कार्य किया है। लगातार महंगाई को तीव्र गति में बढ़ाने का कार्य किया है। जबकि नित्य बढ़ रही महंगाई की मार ने लोगों की कमर तोड़ कर रख दी है।

## ख़ास ख़बर

### कटिहार के विनोद पुर से नफरत छोरो भारत जोड़ो कार्यक्रम के तहत कांग्रेस की ओर से निकाली गई पैदल यात्रा, कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में रहे मौजूद



**दैनिक शुभ भास्कर/जिला ब्यूरो चुनाव/रूपेश मिश्रा/**कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव तारिक अनवर के नेतृत्व में शहर के विनोद पुर से पदयात्रा का शुभारंभ किया गया। यह पदयात्रा विनोद पुर से निकलकर यज्ञशाला मंदिर पहुंची। जहां राष्ट्रीय महासचिव ने यह साला मंदिर में पूजा अर्चना किया। पूजा अर्चना समाप्ति के पश्चात यह पदयात्रा शिव मंदिर चौक शहीद भगत सिंह स्मारक के पास पहुंचा। जहां राष्ट्रीय महासचिव, जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव के अलावे शामिल सभी कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारियों के द्वारा शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माला अर्पण कर उनके नाम के नारे लगाए गए। मौके पर राष्ट्रीय महासचिव ने कहा इस पद यात्रा का उद्देश्य लोगों के दिलों में कॉन्ग्रेस का मोहब्बत फैलाना है।

### कटिहार में अपराधियों ने लूट के दौरान 2 लोगों को चाकू मारकर गंभीर रूप से किया जख्मी, मेडिकल कॉलेज में दोनों का चल रहा इलाज



**दैनिक शुभ भास्कर/जिला ब्यूरो चीफ/रूपेश मिश्रा/**मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास हुए इस घटना के बारे में घायल परमानंद चौहान ने बताया कि वे भेरिया रहिका के निवासी है। अपने दोस्त राजेश चौहान के साथ मेडिकल कॉलेज कटिहार से पैसों का कलेक्शन कर घर जा रहे थे इसी दौरान पंकज सिंह एवं अन्य अज्ञात 8 से 10 अज्ञात लोगों ने मिलकर दोनों के पास कलेक्शन किया गया पैसा छीनने लगे जब इसका विरोध उनके द्वारा किया गया तो मुझ पर चाकू से वार कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया इस दौरान में दर्द से बचाओ बचाओ चिल्लाया तभी मेरे साथ आए राजेश चौहान ने बीच-बचाव करना चाहा तो उन्हें भी चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। इस घटना को देख आसपास के लोग जब पास आने लगे तो सभी लोग वहां से फरार हो गए स्थानीय लोगों के द्वारा ही इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई पुलिस के द्वारा उन्हें मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। जा घायलों का इलाज होने के बाद घटना के बारे में पुलिस ने सारी जानकारी ली और इस मामले के अनुसंधान में पुलिस जुट गई है। इधर घायल दोनों व्यक्ति के द्वारा पुलिस से न्याय की गुहार लगाया जा रहा है और जल्द इंसाफ देने का मांग कर रहे है।

# अपराधी मो0 समीम चार अन्य सहयोगियों के साथ हथियार एवं जिंदा कारतुस के साथ गिरफ्तार




**दैनिक शुभ भास्कर/जिला ब्यूरो चीफ/रूपेश मिश्रा की रिपोर्ट/**दिनांक-10.07.23 को पुलिस अधीक्षक महोदय कटिहार को गुप्त सुचना मिली कि कटिहार शहर में कुछ अपराधकर्मी किसी बड़ी लूट की घटना को अंजाम देने के लिए एकत्रित हुए है। प्राप्त सुचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक महोदय कटिहार के निर्देश पर श्री ओम प्रकाश अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन कर नगर, सहायक, मुफ्फसिल,मनसाही थानां को एलर्ट मोड में रखकर विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाने एवं आसुचना संकलन कर विशेष छापामारी किया जा रहा था। इसी क्रम में उक्त छापामारी टीम के द्वारा त्वरित कारवाई करते हुए सहायक थाना क्षेत्र अंतर्गत साकिन ललियाही स्थित सड़क पुल के किनारे ईदगाह कै बगल स्थित पी0सी0सी0 सड़क के पास से अपराध की योजना बना रहे सभी अपराधकर्मी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधकर्मी में कटिहार जिला के टॉप टेन कुख्यात अपराधकर्मी सह 25000/-का इनामी,श समीम उर्फ समिया पे0-मो0 अली हसन सा0-बैगना,थाना-नगर,जिला-कटिहार एवं अररिया जिला का कुख्यात अपराधकर्मी संतोष कुमार भगत उर्फ सिंटु भगत पे0-कमलेश्वरी भगत सा0- अररिया काली बजार वार्ड 14 थाना-नगर, जिला-अररिया तीन अन्य सहयोगी अपराधकर्मी के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संदर्भ में नगर(सहायक) थाना कांड सं0-516/23 दि0-10.07.23 धारा-399/402/413,/414/34 भाण्द0वि0 एवं 25(1-बी)ए // 26 / 35 आर्म्स एक्ट अंकित कर अनुसंधान किया जा रहा है। उपरोक्त गिरफतार अपराधकर्मीयों का दर्जनों आपराधिक इतिहास भी है। वर्तमान समय में मो0 समीम एवं संतोष कुमार भगत उर्फ सिंटु भगत आयसा हिरो एजेन्सी के स्टाफ रजत प्रतीक को गोली मारकर हत्या कर लूट की घटना में फिरार चल रहा था। इस घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल भी अररिया स्थित सिन्टू भगत के घर से बरामद किया गया है गिरफ्तारी-1. मो0 समीम उर्फ समिया पे0-मो0 अली हसन सा0-बैगना, थाना-नगर, जिला-कटिहार 2. संतोष कुमार भगत उर्फ ऋद्धद्द भगत पे0-कमलेश्वरी भगत सा0-अररिया काली बजार वार्ड नं0-14 थाना-नगर, जिला-अररिया 3. रणवीर कुमार पे0-सुशील मंडल सा0-रूपसपुर HBT थाना-रूपसपुर, जिला-पटना 4. विकास कुमार उर्फ भुपाल पे0-स्व0 सुकदेव सिंह सा0-साम्हों सरलाही, थाना-साम्हो, जिला-बेगुसराय 5. मो0 स्न्रश्व पे0-मो0 कादीर सा0-शरीफगंज, थाना-सहायक, जिला-कटिहार,बरामदगीः- 1. देशी पिस्तोल-एक,2. .315 बोड़ का जिंदा गोली-तीन, 3. सेमी ऑटोमेटिक देशी पिस्टल-एक,4. पिस्टल का मैगजीन-एक,5. .765 के0एफ0 बोड़ का जिंदा गोली-चार।,6. लाल रंग का चोरी का अपाची मोटरसाईकिल-एक,7. ब्लु रंग का चोरी का अपाची मोटरसाईकिल-एक,छापामारी टीमः- 1. पु0नि0 राघवेन्द्र कुमार सिंह, थानाध्यक्ष नगर थाना,2. पु0अ0नि0 रूपक रंजन सिंह थानाध्यक्ष सहायक थाना,3. पु0अ0नि0 ओमप्रकाश महतो सहायक oT,4. पु0अ0नि0 अनिल कुमार दास सहायक ATT,. पु0अ0नि0 गुड्डु कुमार सहायक थाना।,. स0अ0नि0 मुकेश कुमार पासवान सहायक थाना,टाईगर मोबाईल-अजित कुमार गवास्कर एवं मंटु कुमार सहायक थाना।. डी0आईएयू0 टीम कटिहार

## पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग,बिहार सरकार की ओर से वन प्रमंडल,अररिया द्वारा आयोजित हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम





**किशनगंज,11 जुलाई (अली रजा)/**जवाहर नवोदय विद्यालय, मोतीहारा, किशनगंज के प्रांगण में 74 वां महोत्सव मनाया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन नवोदय विद्यालय समिति के अध्यक्ष - सह - डीएम, श्रीकांत शास्त्री के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय ,वन प्रमंडल पदाधिकारी, वनों के क्षेत्र पदाधिकारी,विद्यालय प्रबंधन के कर्मी/शिक्षक, अन्य वन कर्मी तथा विद्यालय परिवार छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग,बिहार सरकार की ओर से दिनांक 1 जुलाई 2023 से 31 जुलाई 2023 के बीच वन महोत्सव मना कर अधिक से अधिक पौधारोपण कराने के उद्देश्य से पूरे राज्य में वन महोत्सव मनाया जा रहा है।इसके तहत राज्य में वन आवरण का प्रतिशत 2023 तक 10त्न से बढ़ाकर 17त्न करने का लक्ष्य है।साथ ही, आम जनों में जागरूकता फैलाना है कि हमें क्यों अधिक से अधिक पेड़ लगाना चाहिए। इसी कड़ी में 11 जुलाई को जवाहर नवोदय विद्यालय में वन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी, श्रीकांत शास्त्री ने पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन से हो रहे प्राकृतिक विपदाओ, इससे निजात पाने के लिए हरियाली बढ़ाने की महत्ता पर जोर दिया गया। इनके द्वारा जैव-विविधता पर व्यापक प्रकाश डालते हुए इसे पेड़-पौधों से जोड़ते हुए हरियाली की आवश्यकता पर जोर डाला गया। डीएम के द्वारा छात्र-छात्राओं तथा अन्य उपस्थित लोगों से प्रत्येक वर्ष कम से कम एक पौधा लगाने का आह्वान किया गया। उन्होंने ग्लोबल वार्मिंग के कारण हो रहे विपदाओ, घटते भूमि जल स्तर, अल्पवृष्टि,अतिवृष्टि, ओलावृष्टि आदि से बचने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण और सुरक्षा की आवश्यकता को बतलाया है। साथ ही,हरित आवरण और इसे बढ़ाने के लिए रखे गए लक्ष्य को भी बताया गया। वनों के क्षेत्र पदाधिकारी ने विभाग द्वारा किए जा रहे सभी योजनाओं तथा शहरी वानकी,हर परिसर हरा परिसर, आगम निगम पथ तट वनरोपन,नहर/ पथ तट वनरोपण,कृषि वानिकी योजना, पौधशालाओ से पौधों की बिक्री, हरियाली मिशन, स्वच्छ गंगा योजना, मनरेगा योजना के तहत लगाए जा रहे पौधों की विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि प्रत्येक वर्ष वर्षाकाल तथा वसंत काल में विभागीय स्तर पर सघन वृक्षारोपण कराया जाता है। इसके साथ ही विभाग द्वारा सभी जल संचयन क्षेत्रों नदी तालाब, आहार के आसपास भी सघन वृक्षारोपण की योजना तैयार की जा रही है।

### कटिहार जैन अतिथि भवन में युवा कांग्रेस की ओर से युवा संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन, राष्ट्रीय महासचिव रहे मौजूद




**दैनिक शुभ भास्कर /जिला ब्यूरो चीफ/रूपेश मिश्रा/**जैन भवन में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा जिला अध्यक्ष मनी पासवान ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव तारिक अनवर, जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव मुख्य रूप से मौजूद थे। युवा संवाद कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखंडों से युवक कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में युवा संवाद कार्यक्रम में पहुंचे हुए थे। इसके अलावा जिला कांग्रेस के कई पदाधिकारियों और नेता इस कार्यक्रम में मौजूद थे। युवा संवाद कार्यक्रम के माध्यम कांग्रेस युवा कार्यकर्ताओं को संदेश देते हुए राष्ट्रीय महासचिव तारिक अनवर ने कहा नफरत छोरो भारत जोड़ो यही हमारा संकल्प है। सारे भारत में कांग्रेस मोहब्बत की दुकान खोलेंगे और भाजपा को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे।

### किशनगंज जिलाधिकारी की अध्यक्षता में रिकॉर्ड ऑफ राइट अपडेशन से संबंधित समीक्षा बैठक संपन्न



**किशनगंज-11 जुलाई।(अली रजा)/**किशनगंज जिलाधिकारी, श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में रेकॉर्ड्स ऑफ राइट अपडेसन (R.O.R.) से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के क्रम में जमाबंदी अपडेसन (R.O.R.) से संबंधित कार्यों को त्वरित निष्पादन करने हेतु किशनगंज, कोचाधामन एवं दिघलबैंक के सभी अंचलाधिकारी एवं राजस्व कर्मचारियों को निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता, संबंधित अंचलाधिकारी एवं राजस्व कर्मचारी अन्य पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।किशनगंज के जवाहर नवोदय विद्यालय में मनाया गया 74 वां वन महोत्सव, जिलाधिकारी हुए शरीक।

### मदरसा इस्लामिया राघो नगर भौआड़ा मधुबनी में फौकानिया एवं मौलवी की परीक्षा शांतिपर्ण माहौल में चल रही है



**मधुबनी संबाददाता मो सालिम आजाद/**बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड, पटना के तत्वावधान में सभी संबद्ध मदरसों में पोस्ट काउंसिल की परीक्षा शुरू हो गयी है.इसके अनुसार मदरसा इस्लामिया राघो नगर भौआड़ा में फौकानिया मौलवी 2023 की परीक्षा बहुत ही खुशनुमा माहौल में आयोजित की जा रही है.केंद्र बनाया गया है.परीक्षा जहां कदाचार एवं नकल मुक्त माहौल में काफी शांतिपूर्ण तरीके से चल रही है वहीं मदरसा शिक्षा बोर्ड, पटना के आदेशानुसार काफी पारदर्शिता के साथ परीक्षा संचालित की जा रही है. साथ ही उन्होंने कहा कि परीक्षा में पर्यवेक्षक के रूप में सभी लोगों के साथ-साथ मदरसा इस्लामिया की पूरी टीम पूरी लगन से अपने कर्तव्यों का पालन कर रही है और पारदर्शिता के माहौल में शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा आयोजित करने का प्रयास कर रही है और इसके लिए मैं सभी कर्मचारियों का बहुत आभारी हूं।

**सौंपा ज्ञापन** जिलाधिकारी ने समस्याओं को त्वरित निस्तारण करने का आश्वासन दिया

## गोंड समुदाय का एक प्रतिनिधिमंडल विभिन्न समस्याओं को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन



**चंदौली/** मंगलवार को गोंड आदिवासी समुदाय का एक प्रतिनिधिमंडल विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी से शिष्टाचार मुलाकात के दौरान अवगत कराया वहीं जिलाधिकारी ने समस्याओं को त्वरित निस्तारण करने का आश्वासन दिया

जानकारी के अनुसार शासन के निर्देश पर जनपद के गोंड जाति सहित 6 अन्य जातियों को अनुसूचित जनजाति में संशोधन कर जनपद को शामिल करते हुए प्रमाण पत्र जारी करने का निर्देश दिया है जिसके क्रम में गोंड जाति का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी निखिल टी फुण्डे से शिष्टाचार स्मृति चिन्ह प्रदान कर शिष्टाचार मुलाकात की एवं ज्ञापन के माध्यम से भारत सरकार के प्रोफार्मा को एनआईसी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन अपलोड कराने एवं तहसील नौगढ़ में प्रमाण जारी करने की मांग की जिस पर जिलाधिकारी ने प्रमुखता के तौर पर समस्याओं के निस्तारण की बात कही प्रतिनिधिमंडल सत्यनारायण प्रसाद गोंड ने कहा कि गोंड आदिवासी समुदाय हमेशा से समाज के हित के लिए कार्य करता रहा है अनुसूचित जन जाति आदिवासी समुदाय पर हो रहे घटनाओं को लेकर जिलाधिकारी को अवगत कराया डॉ0 सत्येंद्र गोंड ने बताया कि विभिन्न साक्ष्यों के आधार पर प्रमाण पत्र जारी कराने में तहसील कर्मचारी सहयोग करें पूर्व जिला अध्यक्ष रामजनम गोंड ने कहा समाज में समानता की विचारधारा के साथ कार्य करना चाहिए किसी विशेष व्यक्ति द्वारा की गई घटना समाज में अराजकता का माहौल पैदा कर सकती है इस मौके पर विजय बॉर्डर प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न समस्याओं को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन चंदौली बुधवार को गोंड आदिवासी समुदाय का एक प्रतिनिधिमंडल विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी से शिष्टाचार मुलाकात के दौरान अवगत कराया वहीं जिलाधिकारी ने समस्याओं को त्वरित निस्तारण करने का आश्वासन दिया



राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश कार्यालय पर मनीगाछी प्रखंड के ब्रह्मपुरा पंचायत में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर पर परिचर्चा कार्यक्रम किया गया। जिसका अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष श्याम कुमार साहू पंचायत प्रभारी गंगाधर झा एवं प्रखंड प्रभारी जिला उपाध्यक्ष बलदेव राम ने भाग लिया बैठक में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर प्रखंड प्रभारी बलदेव राम ने कहा कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी के सरकार से जहां एक और लोकतंत्र एवं संविधान सहित खासकर दलितों के लिए तो प्रभारी संकट उत्पन्न हो रहा है उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को जड़ से उखाड़ फेंकने का जरूरत है आना था देश में लोकतंत्र समाप्त कर राजतंत्र लागू करना चाहता है। राष्ट्रीय जनता दल पार्टी के लोग बैठक में बूथ स्तर पर 10 सदस्य कमेटी गठित कर आगामी लोकसभा चुनाव का तैयारी शुरू कर दिया गया है। बैठक में सुलेखा देवी, राम लखन यादव, जय किशोर जाधव राम बहादुर मंडल राजेश गुप्ता ,दिनेश यादव ,राम लाल राम, प्रमिला देवी ,रामपरी देवी ,हीरा देवी ,सियादेवी शिव ,दुलारी देवी, गीता देवी, सुनैना देवी ,सोनिया देवी, मीनू देवी ,सुजीता देवी ,सुंदरी देवी, प्रिया देवी ,श्याम कुमार साहू, मोहम्मद इलियास ,मोहन साहू रमेश,रामचंद्र मंडल के अलावे सैकड़ों राजद कार्यकर्ताओं ने बैठक में भाग लिया तथा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया

### परिवार कल्याण पखवारा 11 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाने हेतु सभी एएनएम एवं आशा फैसिलिटेटर के साथ रैली निकाला गया




**दरभंगा** सदर स्वास्थ्य केंद्र स्थित मंगलवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी उमाशंकर प्रसाद सदर के अध्यक्षता में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सदर में परिवार कल्याण पखवारा 11 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाने हेतु सभी एएनएम एवं आशा फैसिलिटेटर के साथ रैली निकाला गया। जिसमें सदर स्वास्थ्य केंद्र के हेल्थ मैनेजर रेवती रमण प्रसाद ,प्रखंड समुदायिक उत्प्रेरक नितेश सहाय एवं बीएमसी रेनू कुमारी एवं प्रवीण कुमार सहित दर्जनों एएनएम एवं आशा उपस्थित रहे।

# बिहार सिनेमा एवं सांस्कृतिक समिति को कला संस्कृति मंत्री ने दिया आश्वासन,2 माह के अंदर मांगों पर विचार कर लिया जाएगा निर्णय- कला संस्कृति मंत्री





**मोतिहारी 11 जुलाई अशोक वर्मा/** बदलते बिहार के कलाकारों ने अपनी शक्ति को प्रथम बार पहचाना और फिल्म निर्माण की अपार संभावनाओं को देखते हुये बिहार सरकार को आईना दिखा कर अपनी मांगों को जोरदार ढंग से उनके समक्ष रखा। पटना में आयोजित राज्य स्तरीय बैठक मे राष्ट्रीय स्तर के तकनिशियन, निर्देशक ,निर्माता एवं कलाकारों ने शिरकत की और अपनी बातों को जोरदार ढंग से रखा । कलाकारों की मुख्य मांग थी कि बिहार में फिल्म उद्योग सिटी का निर्माण जल्द से जल्द किया जाए तथा उद्योग का दर्जा प्राप्त फिल्म उद्योग को तमाम सुविधाएं दी जाए। सब्सिडी की भी व्यवस्था निर्माता निर्देशों के लिए की जाए ताकि कलाकार अधिक से अधिक भाग ले सकें और अपने कला का प्रदर्शन कर सकें। बैठक में बिहार के कोने-कोने से आए कलाकारों ने क्षेत्र के भौगोलिक स्थिति की भी जानकारी दी जिसमें चंपारण जिले से भाग लेने वाले सौरभ वर्मा उर्फ राजा के नेतृत्व में भाग लेने वाले कलाकारों ने कहा कि बिहार और झारखंड पहले एक राज्य था।झारखंड बनने के बाद बिहार का एक बहुत बड़ा प्राकृतिक संपदा और सौंदर्य वाला भाग झारखंड में चला गया लेकिन चंपारण जिले को बहुत ही रमणीय लोकेशन स्थल मिला जो फिल्म की शूटिंग के लिए उपयुक्त है। वहां काफी शूटिंग वहां की जा सकती है। नेपाल उत्तर प्रदेश से सटा हुआ पश्चिम चंपारण जिला पहाड़, नदी जंगल का बडा हीं रमणीय लोकेशन है। गांधी चंपारण सत्याग्रह स्थल भी काफी हैं । ऐतिहासिक और पौराणिक स्थलों के साथ-साथ स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन के काफी समृति स्थल हैं ।पटना सममेलन मे यह निर्णय लिया गया कि कला संस्कृति मंत्री से मिलकर अपनी बात रखेंगे।डेलिगेट ने मंत्री से मिलकर तमाम बातों पर विस्तार से चर्चा की और बिहार मे फिल्म निर्माण की संभावना पर बताया ।उनकी बातों को कला संस्कृति मंत्री गंभीरता से सुना । उन्होंने आश्वासन दिया कि 2 माह के अंदर इन तमाम बातों पर हम लोग विचार करके निर्णय लेंगे।डेलीगेट ने मत्री को बातो को गंभीरता से सुनने के लिये आभार प्रकट किया। शायद बिहार में अभी राजनीतिक उथल-पुथल का दौर चल रहा है इसलिए उन्होंने 2 माह का समय लिया है।सरकार बदलेगी कि नहीं बदलेगी ,गठबंधन टूटेगा नहीं टूटेगा ,यह बात अलग है ,लेकिन कलाकार समन्वय समिति ने कलाकारों के हीत के लिए जो पहल किया इसका प्रभाव बिहार के तमाम कलाकारों पर बड़ा ही सकारात्मक पड़ा है।बहुत से कलाकारों का यह कहना है कि कलाकारों को अपने पक्ष को बहुत पहले रखना चाहिए था ,परंतु विलंब ही सही लेकिन अभी माकूल समय है क्योंकि फिल्म निर्माण का स्वरूप धीरे-धीरे बदल रहा है ।बड़े पर्दे की फिल्में ,छोटे पर्दे की फिल्में और फिर उसके साथ साथ यूट्यूब चैनल पर आने वाले बड़े-बड़े कार्यक्रम भी आज देश-विदेश में धूम मचाए हुए है।

## खास ख़बर

## गोविंद सिंह डोटासरा ने कांग्रेस पार्टी के द्वारा राष्टीय प्रदेश सचिव पद की नियुक्त की



**दैनिक शुभ भास्कर /रामकृष्ण पायलट / राजस्थान / जयपुर अणतपुरा (जोबनेर )॥** कस्बे निकटम ग्राम पंचायत अणतपुरा के निवासी जगदीश बिजारणियां को राष्टीय प्रदेश सचिव बनाये जाने पर समस्त कार्यकर्ता मे डबल खुशी की लहर दौड़ी बिजारणियां के निजी आवास पर कार्यकर्ता की भारी संख्या में भीड उमड़ी बधाई देने के लिए बिजारणियां को खाद्य आपूर्ति मंत्री राजस्थान कैबिनेट मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास का मजबूत स्तंभ माना जाता है आदर्श गुरु मानते हैं जगदीश बिजारणियां गोविंद सिंह डोटासरा प्रताप सिंह खाचरियावास के देखरेख में प्रदेश सचिव पद की नियुक्त की गई इस दौरान अणतपुरा सरपच बाबु लाल चौधरी, सी एम डोगीवाल भादवा बाबु लाल बिजारणियां,सुनिल वर्मा, गोपाल लाल नील ,सुनिल शर्मा उपसरपंच मंढा भीमसिंह, सहित समस्त कार्यकर्ता ने बधाई दी बिजारणियां ने आम जनता का आभार जताया

## हर हर महादेव से गुंजामय हुआ कॉलेश्वर स्वंय भू का धाम



**चंदौली सकलडीहा** सावन को चतुभुर्जपुर कॉलेश्वर महादेव मंदिर और कस्बा के प्राचीन शिव मंदिर पर सुबह से शिवभक्तों का जलाभिषेक के लिये लम्बी लाइन लगी रही। हर हर महादेव के नाम से शिवभक्तों ने जलाभिषेक किया। वही व्रती महिलाओं ने भगवान भोलेनाथ की विधि विधान से पूजा अर्चना किया। इस मौके पर एसडीएम मनोज पाठक, सीओ राजेश कुमार राय,तहसीलदार विकासधर दूबे, बीडीओ अरूण कुमार पांडेय कोतवाल विमलेश कुमार मौर्या के साथ देर श्रद्धालुओं के सुरक्षा व्यवस्था में डटे रहे।सावन के पहले सोमवार को लेकर सुबह से ही कॉवरिया ट्रेन और पैदल मंदिर तक जयकारा लगाते हुए लाइन में लग गये थे। सुबह चार बजे भोर से ही कॉवरियों द्वारा स्वंय भू कॉलेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक करने लगे। सुबह सात बजे से महिलायों की मंदिर पर भीड़ उमड़ पड़ा था। महिलाओं ने कस्बा के प्राचीन शिव मंदिर से लेकर कॉलेश्वर महादेव मंदिर पर विधि विधान से पूजा करते हुए दूध और गंगा जल का जलाभिषेक किया। सुरक्षा की दृष्टि से महिला और पुरूष के लिये अलग अलग बैरियर लगाकर बनाया गया था।

इस मौके पर एसडीएम मनोज पाठक, सीओ राजेश कुमार राय,तहसीलदार विकासधर दूबे, बीडीओ अरूण कुमार पांडेय कोतवाल विमलेश कुमार मौर्या सहित लेखपाल और प्रधान मौजूद रहे।

## रेडिमेंट एंड होजरी एसोसिएशन क्या हुआ कार्यक्रम



**दैनिक शुभ भास्कर /राकेश कुमार जैन/ राजस्थान/** उदयपुर रेडिमेंट एंड होजरी एसोसिएशन द्वारा आगामी कार्यक्रम के लिए एजुकेटिव मेंबर्स की एक मीटिंग रखी गई जिसमें संरक्षक श्री भूरा लाल जी एवं अध्यक्ष श्री राजमल जी सचिव श्री अक्षय जी एवं उपाध्यक्ष श्री ललित जी लोड़ा साहब आगामी कार्यक्रमों के बारे में दिशा निर्देश दिए गए एवं सभी मेंबर्स द्वारा रेडीमेड होजरी एसोसिएशन की स्मारिका प्रकाशन का निर्णय लिया गया एवं सालाना व्यापार मंडल की पिकनिक का आयोजन रखने का अभी निश्चय किया व्यापारियों के सो जाओ पर भी चर्चा की गई इसी श्रंखला में हमारे व्यापार मंडल के युवा पत्रकार का सम्मान किया गया और भी काफी मुद्दों पर चर्चा की गई एवं सभी की सहमति से आगे के कार्य को सुचारू बनाने के लिए संकल्प लिया गया एसोसिएशन के उपाध्यक्ष श्री ललित जी लोठा ने स्वरुचि भोज के बाद सबका आभार व्यक्त किया

## प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न समस्याओं को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन



**सकलडीहा,चंदौली।** मंगलवार को गोंड आदिवासी समुदाय का एक प्रतिनिधिमंडल विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी से शिष्टाचार मुलाकात के दौरान अवगत कराया वहीं जिलाधिकारी ने समस्याओं को त्वरित निस्तारण करने का आश्वासन दिया

जानकारी के अनुसार शासन के निर्देश पर जनपद के गोंड जाति सहित 6 अन्य जातियों को अनुसूचित जनजाति में संशोधन कर जनपद को शामिल करते हुए प्रमाण पत्र जारी करने का निर्देश दिया है जिसके क्रम में गोंड जाति का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी निखिल टी फुण्डे से शिष्टाचार स्मृति चिन्ह प्रदान कर शिष्टाचार मुलाकात की एवं ज्ञापन के माध्यम से भारत सरकार के प्रोफार्मा को एनआईसी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन अपलोड कराने एवं तहसील नौगढ़ में प्रमाण जारी करने की मांग की जिस पर जिलाधिकारी ने प्रमुखता के तौर पर समस्याओं के निस्तारण की बात कही प्रतिनिधिमंडल सत्यनारायण प्रसाद गोंड ने कहा कि गोंड आदिवासी समुदाय हमेशा से समाज के हित के लिए कार्य करता रहा है अनुसूचित जन जाति आदिवासी समुदाय पर हो रहे घटनाओं को लेकर जिलाधिकारी को अवगत कराया डॉ0 सत्येंद्र गोंड ने बताया कि विभिन्न साक्ष्यों के आधार पर प्रमाण पत्र जारी कराने में तहसील कर्मचारी सहयोग करें। पूर्व जिला अध्यक्ष रामजनम गोंड ने कहा समाज में समानता की विचारधारा के साथ कार्य करना चाहिए किसी विशेष व्यक्ति द्वारा की गई घटना समाज में अराजकता का माहौल पैदा कर सकती है इस मौके पर विजय 3 प्रसाद मनोज कुमार गोंड़, रघुवर प्रसाद गोंड़, मनोज कुमार गोंड़, बृजमोहन गोंड़, प्रतेज गोंड़ भगवान दास गोंड़ सहित अन्य गोंड़ समुदाय के लोग मौजूद रहे

## जर्जर सड़क बना ग्रामीणों के लिए आफत



**गांवा/गिरिडीह-** देश के आजादी के 75 साल हो गए हमारा देश अमृत उत्सव मना रहा है लेकिन आज भी कई ऐसे गांव हैं जहां पक्की सड़क नहीं है और है भी तो जर्जर हो चुका है कुछ ऐसा ही देखने को मिला गांवा प्रखंड क्षेत्र स्थित सांख पंचायत के डोरण्डा मुख्य मार्ग से सटे बगडेडीह गांव को जोड़ती हैं यह सड़क करीब दस गांवों के लोगों को रोजाना सेंकड़ों लोगो की आवाजाही होती है.विडंबना है कि इस क्षेत्र में कई जनप्रतिनिधियों का भी आना जाना लगा रहता है लेकिन जर्जरित सड़क पर ध्यान आकृष्ट अब तक नहीं हो सका. बता दे मिली जानकारी अनुसार कई राहगीरों की सड़क हादसे हो चुके है. बता दें इस सड़क की दूरी करीब नौ किलो मीटर की है जो बिल्कुल जर्जर स्थिति में अवस्थित है इस सड़क से छूने वाले गांव कुछ ऐसे है कोशमाही ,नावाडीह, धरबे,झब्बा ,रजकुरा,परसोंनी,ढांढ़ो , पलमा ,बादीडीह ऐसे कई गांवों के लोग इसी सड़क से आवाजाही करते हैं ग्रामीणों ने इस पथ को लेकर जिला अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से बनाने को लेकर कई बार गुहार लगाई चुकी हैं लेकिन अब तक इस सड़क का समाधान नहीं हो सका. जिससे अब ग्रामीणों ने भी इस पथ बनने का आस उम्मीद टूटने लगा है.

## सांसद डॉक्टर संजय जयसवाल ने कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया





**मझौलिया ,पश्चिम चंपारण ,11 जुलाई, अशोक वर्मा।** राजकीय सीताराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लाल सरैया में सांसद डॉक्टर संजय जयसवाल और इरकॉन के निदेशक पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दीपेंद्र सराफ भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपू कुशवाहा यूथ बिग्रेड के अध्यक्ष रूपेश कुमार सिंह ने फीता काटकर कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया।अपने संबोधन मेंडॉक्टर संजय जयसवाल ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार का यह सपना है कि कंप्यूटर आधारित शिक्षा ग्रामीण स्तर तक केछ छात्रों को भी मिले।

इरकॉन द्वारा मझौलिया प्रखंड के 4 प्लस टू विद्यालयों में इरकॉन के सौजन्य से कंप्यूटर निशुल्क प्रदान करना है ताकि बच्चे कंप्यूटर आधारित शिक्षा का ज्ञान प्राप्त कर सके।इरकॉन के निदेशक पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष दीपेंद्र सराफ ने कहा कि आयुष्मान कार्ड और कंप्यूटर शिक्षा मोदी सरकार का मुख्य सोच है। ग्रामीण स्तर तक के बच्चों को भी कंप्यूटर की पढ़ाई उपलब्ध हो इसके लिए इरकॉन के माध्यम से विद्यालयों में कंप्यूटर उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि बच्चे कंप्यूटर आधारित शिक्षा ग्रहण कर सकें।भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपू कुशवाहा और यूथ बिग्रेड के अध्यक्ष रूपेश कुमार सिंह ने कहा कि अब ग्रामीण छात्रों को कंप्यूटर शिक्षा पाने के लिए शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा। शिक्षा क्षेत्र में कंप्यूटर आधारित शिक्षा काफी महत्वपूर्ण है।इस अवसर पर प्रधानाध्यापक अशोक कुमार,सुशील जायसवाल ,अमित चौबे ,मनु बाबू कुशवाहा, भिखारी सिंह, राकेश कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

## श्री बजरंग स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्नातक का प्रवेश प्रक्रिया शुरू



**सिकन्दरपुर, बलिया।** श्री बजरंग स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्नातक का प्रवेश प्रारंभ हो गया है। उक्त जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ उदय पासवान ने बताया कि 5 तारीख से ही प्रवेश प्रारंभ हो चुका है इच्छुक छात्र-छात्राएं सभी आवश्यक कागजातों के साथ प्रवेश निश्चित रूप से करा ले। प्रवेश लेने वाले छात्रों को अपने साथ हाईस्कूल, इण्टर, आधार कार्ड, जाती प्रमाण पत्र, टीसी और दो पासपोर्ट साइज फ़ोटो व निर्धारित शुल्क के साथ सभी प्रमाण पत्रों तथा अंकतालिकाओं की मूल प्रति लेकर आना अनिवार्य होगा।इस दौरान प्रवेश समिती के अध्यक्ष डॉ. ज्ञान प्रकाश, डॉ अवनीश सोनकर, डॉ कृष्ण कुमार सिंह, डॉ विशाल सर, मुन्ना शर्मा, हरिंद्र यादव, सत्यनारायण यादव कार्यालय अधिक्षक, सुनिल सिंह आदि मौजूद रहे।

**आयोजन** परिवार कल्याण विभाग की ओर से प्रोत्साहन समारोह का आयोजन किया गया।

## विश्व जनसंख्या दिवस का आयोजन

### सीमित परिवार समृद्ध परिवार- जिला कलेक्टर





**सुनील कुमार मिश्रा दैनिक शुभ भास्कर / राजस्थान /उदयपुर/** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया ने बताया कि जिले में विश्व जनसंख्या दिवस पर चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से प्रोत्साहन समारोह का आयोजन किया गया।

जिला कलेक्टर महोदय श्री ताराचंद जी मीणा की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि जनप्रतिनिधि श्री लाल सिंह जी झाला, गिर्वा प्रधान श्रीमती सज्जन कटारा, न्यायाधीश श्री कुलदीप शर्मा, संयुक्त निदेशक डॉ जेड ए काजी, उप निदेशक डॉ पंकज गौड़, सीएमएचओ -2 डॉ कान्ति लाल पलात, डिप्टी सीएमएचओ डॉ गजानन गुप्ता,आरसीएचओ डॉ अशोक आदित्य, मोहम्मद हुसैन बोहरा व जिला स्तर के अधिकारी, एएनएम व आशा सहयोगिनी उपस्थित थे। जिला कलेक्टर श्रीमान ताराचंद जी मीणा ने परिवार कल्याण के लक्ष्यों को समय पर प्राप्त करने के निर्देश दिए ,उसके लिए आवश्यकता होने पर दूसरे विभागों एवं उदयपुर में कार्यरत एनजीओ से सहायता लेने के लिए कहा है।

परिवार कल्याण में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए जिले के चिकित्सा संस्थानों ,ग्राम पंचायतों , चिकित्सकों ,एएनएम व आशा सहयोगीनयो को सम्मानित किया । साथ ही निजी क्षेत्रों के चिकित्सा संस्थानों व एनजीओ को भी परिवार कल्याण में उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया।

न्यायाधीश श्रीमान कुलदीप शर्मा ने बढ़ती जनसंख्या के कारण घटते प्रकृति संसाधनों की चर्चा की और बाल -विवाह एवं बालश्रम जैसी कुरीतियों के बढ़ने के बारे में बताया।

संयुक्त निदेशक डॉ जेड ए काजी ने बताया कि जिले को दिए गए परिवार कल्याण के लक्ष्यों को ए एन एम व आशाओं द्वारा समय पर पूरा किया जाए जिससे उदयपुर जिला समय रहते अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सके और राज्य स्तर पर सम्मानित हो पाए। सीएमएचओ डॉ शंकर एच बामनिया ने बताया कि हमारा देश विश्व में जनसंख्या के हिसाब से प्रथम स्थान पर है ।

## छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित




**सैयदाराज।** उच्च प्राथमिक विद्यालय नौबतपुर में अभिभावक- शिक्षक बैठक (P.T.M) संपन्न कराई गई जिसमें छात्रों की शत-प्रतिशत उपस्थिति एवं नामांकन, संचारी रोग एवं उससे बचाव, गृह कार्य में छत्रों की मदद आदि मुद्दों पर अभिभावकों के साथ शिक्षकों की बातचीत हुई द्य इसी कड़ी में 2023 के राष्टीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में सफल छात्र प्रिंस मौर्य आयुष विकास एवं गुलशन को उनके अभिभावकों के साथ सम्मानित किया गया द्य इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती सुशीला पांडेय एवं अजीता देवी, संदीप कुमार, अरिमर्दन यादव, बंदना देवी, पंकज यादव आदि शिक्षक एवं पूनम देवी ओमप्रकाश विरेंदर चंदन सेठ हीरामणि देवी आदि अभिभावकों की गरिमामय उपस्थिति रही

## अपहृता बरामद करते हुए आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**चंदौली** मुगलसराय कोतवाली पुलिस ने सोमवार को अपहृता बरामद करते हुए आरोपी को रेलवे स्टेशन के बाहर, पंजाब नेशनल बैंक एटीएम के पास, डिलक्स शौचालय के सामने से गिरफ्तार किया।जिसके खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई की गई।कोतवाली प्रभारी दीन दयाल पांडेय ने बताया कि आशिफ खाँ पुत्र स्व जब्बार खां निवासी ग्राम दुलहीपुर के खिलाफ एक लड़की के अपहरण कर भगा ले गया था।जिसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। इस मामले में अपहृता को बरामद कर लिया गया तथा घटना कारित करने वाले अभियुक्त को नौ जुलाई की 17.30 बजे शाम में मुगलसराय रेलवे स्टेशन के बाहर, पंजाब नेशनल बैंक एटीएम के पास, डिलक्स शौचालय के सामने से गिरफ्तार कर लिया गया ।

## ख़ास ख़बर

## विश्व इतिहास में प्रथम बार एक साथ दो विश्व कीर्तिमान स्थापित किया गया




**भागलपुर/** प.पू. भारत गौरव राष्ट्संत गणाचार्य श्री .108 विरागसागर जी महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य प.पू. झारखण्ड राजकीय अतिथि सराक केसरी,जिन श्रुतमनीषी संप्रति समंतभद्र श्रमण श्री विशल्यसागर जी मुनिराज के द्वारा लिखित डॉ. नीलम जैन द्वारा संपादित कृति मौक्तिकम् को भगवान महावीर स्वामी की प्रथम साधना स्थली पावापुरी में श्री 1008 पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव के पावन अवसर पर golden book of world records एवं world Greatest record ब्रा.ब्र. अलका दीदी एवं भारती दीदी की प्रेरणा एवं अन्तरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त ज्योतिषाचार्य डॉ अजित शास्त्री गुरुजी रायपुर सहयोगी पं. शशिकान्त शास्त्री के प्रयास से एक नया इतिहास 24 फरवरी 2023 को रचाया गया था। इस गोल्डन वर्ल्ड रिकॉर्ड एशिया की फाइनल प्रतिलिपि आज वहां से डाक द्वारा श्री 1008 भगवान वासुपूज्य की नगरी भागलपुर में पहुंच गई है जिसे श्री दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष विजय जी जैन महामंत्री पदम जैन संयोजक जय कुमार जी काला एवं सुमंत पाटनी, अशोक पाटनी ने महाराज जी के समक्ष प्रस्तुत किया!! समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे, सभी ने बहुत बहुत अनुमोदना भाई, उपरोक्त जानकारी मीडिया प्रभारी सुमित कुमार जैन ने दी!

## आपदा मित्रों को सुरक्षित तैराकी, सिखाया नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान आनंदपुर बिहटा





**भागलपुर/** महानिदेशालय नागरिक सुरक्षा आयुक्त पटना बिहार के मंतव्य से आपदा मित्रों को 12 दिवसीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण आपदा प्रबंधन, आपदा प्राधिकरण प्रशिक्षण के पाठ्यक्रम में सुरक्षित तैराकी जिला चंपारण के 100 सौ आपदा मित्रों को डूबते हुए व्यक्ति रेस्क्यू मैथड, चिंन टो, हेड टो, क्रॉस टो, आर्म टो, की विधियां बतलाया गया। वाटर रेसक्यू और ड्राई रेस्क्यू बंबू, रस्सी, मानवीय चयन श्रृंखला द्वारा रेस्क्यू करने की पूर्ण रूप से आपदा मित्रों को हुनर सिखाया गया। नागरिक सुरक्षा संस्थान बिहटा, के प्रशिक्षण प्रभारी गणेश जी ओझा पूर्व इंस्पेक्टर एसडीआरएफ ने बताया कि, डूबे हुएं व्यक्ति को पानी से निकालकर तत्काल प्राथमिक उपचार की विधियां बताया, सबसे पहले डूबे व्यक्ति के मुंह और नाक में कुछ फंसा तो उसे निकाले, नब्ज की जांच करें, डूबे हुए व्यक्ति का पेट फुला हुआ है तो पूरी संभावना है कि उसने पानी पी लिया है अतः पेट से पानी निकालने की प्रक्रिया शुरू करें। साथ ही साथ यह बताया कि खतरनाक घाटों के किनारे ना जाएं, और ना ही बच्चों को जाने दे, बच्चों को नदी तलाब तेज पानी के बहाव में स्नान करने से रोके, बच्चों को पुल पुलिया ऊंचे टीले से पानी में कूदकर स्नान करने से रोके, नदी के किनारे जाते समय गहराई का ध्यान रखें, यदि तैरना न जानते हैं तो नदी, तालाब, पोखर, घाटे के किनारे न जाएं, डूबते हुए व्यक्ति को धोती साड़ी रस्सी या बांस के सहायता से बचाए, सहायता के लिए पुकारे इस कार्यक्रम में सफल बनाने वाले कर्मियों श्री कपिल देव प्रसाद, चीफ वार्डन श्री विजय कुमार सिंह उर्फ श्यामनाथ सिंह, सूरज कुमार सिन्हा, संतोष कुमार, दिनेश कुमार, अजीत कुमार, रमन कुमार, मंटू कुमार, विश्वजीत कुमार इत्यादि

## दादर से मेहरपुर पथ को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कराने हेतु

**पटना, बिहार।** दादर से मेहरपुर पथ (पैकेज संख्या BR-06R-038) का निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत 30 जून 2016 को पूर्ण किया गया था। इस पथ की कुल लम्बाई 21.244 कि0मी0 है। वर्तमान में यह पथ नियमित पाँचवर्षीय अनुरक्षण अवधि से बाहर हो चुका है। NH-33 के जर्जर स्थिति, जाम एवं मिर्जाचौकी खदान से कहलगाँव के बीच की न्यूनतम दूरी होने के कारण इस पथ से होकर 40 से 50 टन भारी वाहनों का आवागमन होता है भारी वाहनों द्वारा NH-33 के वैकल्पिक रूप में इस पथ का उपयोग तथा घनी आबादी वाले क्षेत्रों (यथा. लकड़ाकोल, प्यालापुर, दादर इत्यादि) में जल निकासी की व्यवस्था नहीं रहने के कारण इस पथ की स्थिति बहुत खराब हो गई है। एनएच-33 से नन्दलालपुर मोड़ (लम्बाई लगभग 10:00 कि0मी0, चौड़ाई 5.00 मीटर) तक सड़क का निर्माण एन0टी0पी0सी0. कहलगांव द्वारा किया गया है। नन्दलालपुर मोड़ से रामपुर मोड़, टिकलुगंज (लम्बाई लगभग 1.00 कि0मी0). RCD पथ का हिस्सा है। टिकलुगंज से दादर तक ग्रामीण कार्य विभाग का पथ है। पथ में भारी वाहनों का दबाव एवं पथ की स्थिति को देखते हुये स्थल निरीक्षण एवं ट्रैफिक सर्वे के उपरान्त कार्य स्थल के अनुरूप वर्तमान अनुसूचित दर पर पथ के मरम्मति सह उन्नयन का प्रमंडल कार्यालय द्वारा प्राक्कलन तैयार किया गया है विभाग को दिनांक - 15.12.2021 को प्रशासनिक स्वीकृति हेतु विभाग को प्रेषित किया गया था परन्तु अभी तक स्वीकृति प्राप्त नहीं हो पाई है। (प्रमंडल कार्यालय द्वारा प्रेषित पत्र की प्रतिलिपि संलग्न) यह सड़क बिहार और झारखंड को जोड़ती है साथ ही इससे 50 गांव लाभान्वित होते हैं।आपसे अनुरोध की की उक्त पथ को जल्द से जल्द प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कराने हेतु कारवाई कराने का कष्ट करें जिसके माध्यम से जनता को लाभ अर्जित हो सके।

# भागलपुर में जनसंख्या नियंत्रण को लेकर उठी आवाज- धरना का अध्यक्षता करते हुए जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष मनीष दास बोले- विचार नहीं हुआ तो दिल्ली में करेंगे आंदोलन






**भागलपुर/**जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू कराने की मांग को लेकर मंगलवार को जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के बैनर तले कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में धरना दिया। उन्होने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी क़ो सौंपा और जल्द कानून लागू कराने की मांग की। धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मनीष दास ने कहा कि देश की बढ़ती आबादी भविष्य में जनसंख्या विस्फोट का कारण बन सकती है। उन्होंने जनसंख्या नियंत्रण कानून सभी के लिए समान लागू किया जाए। सरकार और जनता को इस गंभीर विषय पर सोचना होगा।बढ़ती जनसंख्या देश के विकास में बड़ी चुनौती बनकर उभरी है।भारत से क्षेत्रफल की दृष्टि में तीन गुना अधिक बड़े पड़ोसी देश चीन ने पहले ही हम दो, हमारे दो नीति को अपनाया और अब हम दो हमारे एक नियम को कड़ाई से लागू किया है। भारत को भी कड़ा रुख अपनाना पड़ेगा। ऐसे ही देश गरीबी, बेरोजगारी, कुपोषण, अशिक्षा, प्रदूषण और अपराध से लड़ रहा है। जिला संरक्षक संतोष साह ने कहा कि कठोर जनसंख्या नियंत्रण कानून सभी धर्मों पर समान रूप से लागू किए जाने की जरूरत है तभी हमारा देश वैश्विक महाशक्ति के रूप में खुद को स्थापित कर पाएगा। जनसंख्या समाधान फाउंडेशन, जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर पिछले आठ वर्षों से अधिक समय से संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी के नेतृत्व में देशभर के 23 राज्यों के 400 से अधिक जिलों में अभियान चला रहा है।जनसंख्या समाधान फाउंडेशन कि महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनामिका ठाकुर ने सम्बोधित करते हुए कहा कि संगठन के जरिये हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। जनसंख्या नियंत्रण कानून लाए जाने के समर्थन में गांव-गांव, शहर-शहर लोगों से हस्ताक्षर करवाया जाएगा जो कि गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में सम्मिलित होगा।जनसंख्या समाधान फाउन्डेशन दक्षिण बिहार प्रदेश महासचीव इंदु भूषण झा ने बताया कि देशभर के जे.एस.एफ. के कार्यकर्ता अपने-अपने जिलों से जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग के समर्थन में हस्तांतरित समर्थन पत्र लेकर 22 सितंबर 2023 को दिल्ली गाजियाबाद बॉर्डर से 23 सितंबर प्रातः 9:00 बजे प्रधानमंत्री कार्यालय दिल्ली की ओर रैली के रूप में कुच किया जाएगा। प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन में कहा गया कि जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की प्रक्रिया आरंभ करने पर सहमति न बनने की स्थिति में 10 सितंबर से ही अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने का संगठन द्वारा निर्णय लिया गया है। पूर्व में भी इस विषय पर 9 अगस्त 2018 को भारत के राष्ट्रपति जिससे संगठन एवं सांसदों के प्रतिनिधि मंडल ने भेंट करके उन्हें कानून बनाने को लेकर अन्य क्षेत्र के सांसदों द्वारा हस्ताक्षरित संगठन का मांग पत्र सौंप कर सरकार कानून बनाने की प्रक्रिया आरंभ करने का अनुरोध किया।मंच संचालन चंदन कर्ण एवं धन्यवाद ज्ञापन विनीत भगत ने किया। इस अवसर पर कुंदन सिंह, संगीता सिन्हा, प्रीति पांडे, पिंकी बागोरिया ,संगीता शर्मा, प्रेमलता शर्मा, अंजना प्रकाश, रवि शर्मा, सूरज शर्मा, मनीष मिश्रा, निरंजन चंद्रवंशी, हेमंत शर्मा, प्रतीक आनंद, गोपीनाथ, चंदन पांडे, विकास कर्ण ,कन्हैया झा, पिंटू पासवान,राजेश साह, नीतीश निराला, अश्वनी चौधरी, प्रदीप खन्ना, सुरेंद्र कुमार, आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भारतीय रेलवे मजदूर संघ व पूर्वी रेलवे कर्मचारी संघ 11 जुलाई को पाखंड दिवस के रूप में मनाती है




**भागलपुर/**रेलवे कर्मचारियों जागो,सोचो और धोखा देने वाले रेलवे के संगठन से सावधान हो। इसके लिए भारतीय रेलवे मजदूर संघ व पूर्वी रेलवे कर्मचारी संघ 11 जुलाई को पाखंड दिवस के रूप में मनाती है, यह वही दिन अर्थात 11 जुलाई है जिस दिन दोनों मान्यता प्राप्त संगठन ने रेल के छक्के जाम करने का निर्णय लिया था और सभी कर्मचारियों से 11 जुलाई को हड़ताल के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया था ।आज के ही दिन ही जीता हुआ यूनियन रेल कर्मचारी साथियों को धोखा देकर भागा और अपने हित को देखते हुए सरकार के साथ दोनों यूनियन ने हाथ मिला लिया, जागो रेल साथी जागो. कांग्रेस की यूनियन एनएफआईआर (NFIR), कामरेड/ वामपंथी की यूनियन एआईआरएफ (AIRF) मेन्स युनियन है, जबकि दोनों यूनियन के पर्चा पर 2016 में 98% कर्मचारियों ने हड़ताल के पक्ष में जाने का हस्ताक्षर किया कि हम रेल का चक्का जाम करेंगे लेकिन सरकार तक आपकी बातों को पहुँचाने के पहले ही सरकार के साथ कोई गोपनीय समझौता रातों-रात भारत सरकार से अपने हित और अपनी कुर्सी बचाने के लिए दोनों जीता हुआ यूनियन ने किया और हड़ताल को वापस लिया, जबकि भारत सरकार को गोपनीय शाखा(ब्यूरो) ने कर्मचारीयों की विचार/मंसा से अवगत कराया था जिसमें सरकार अंदर से हिल गई थी। अचानक हड़ताल वापसी की सुचना से रेल कर्मचारियों में काफी आक्रोश हो गया। सरकार के साथ समझौता करने के पहले दोनों यूनियन ने न्यूनतम वेतन ?23000 ,एनपीएस को खत्म करने की बात, निजीकरण व ठेकेदारी प्रथा बंद कराने की बात, रेल कर्मचारी के बच्चों को नौकरी देने की बात, अप्रेंटिस साथी को रेल में बहाली करने की बात, CL 15 करने की बात, बोनस को सातवें वेतन के अनुसार 18000 सीलिंग पर करने की बात , ओपनलाइन के गेटमैन साथी को 8 घंटा ड्यूटी करने की बात ,कर्मचारी की सुरक्षा की बात , की थी, पर..... दोनों जीता हुआ यूनियन एनएफआईआर और एआईआरएफ के लोगों ने 10 जुलाई को रातों-रात सरकार के साथ समझौता किया और अपनी मांग से भाग गए, और सरकार से न्यूनतम वेतन ?18000 पर समझौता किया, एनपीएस को खत्म करने के लिए कोई बात नहीं की, सिर्फ एनपीएस हटाओ और पुरानी पेंशन लाओ पर आज तक राजनीति करते आ रहे हैं, नहीं तो 2004 के बाद कांग्रेस और वामपंथियों की मिली-जुली सरकार 10 वर्षो तक रही।निजीकरण बहुत तेजी से बढ़ाया, इस दोनों यूनियन के कार्यकाल में ठेकेदारी प्रथा अपने चरम पर है, रेल कर्मचारी के बच्चों को नौकरी देने की कोई बात नही की। अपरेंटिस रेल के साथी जो प्रशिक्षण पूरा कर चुके हैं आज जगह-जगह रोड पर धक्के खा रहे हैं, CL 8/10 कर दिया गया है, गेटमैन साथियों से बेहिसाब घंटों में ड्यूटी लिया जा रहा है, दोनों यूनियन जो जीता हुआ है उसने सरकार के साथ समझौता कर रेल कर्मचारी को धोखा देने का काम किया है ,इसलिए भारतीय रेलवे मजदूर संघ के आह्वान पर हर साल 2017 से 11 जुलाई को दोनों यूनियन ने जो धोखा दिया था इसलिए इन सभी मुद्दे पर पूर्वी रेलवे कर्मचारी संघ आज 11 जुलाई को पाखंड दिवस के रूप में मना रही है, रेलवे स्टेशन, कारखाना पर ,प्रेस के माध्यम से, कर्मचारी के माध्यम से 11जुलाई को पाखंड दिवस मनाया, और इसके लिए रेल कर्मचारियों को जागरूक किया जा सके, 6 साल मे रेल का चुनाव होना था आज 10साल हो गये चुनाव नहीं हुए,यह लोकतंत्र की हत्या AIRF, NFIR ने किया है, पूर्वी रेलवे कर्मचारी संघ ( PRKS) सोशल मीडिया के माध्यम ,प्रिंट मीडिया के माध्यम से कर्मचारी को बता रही है कि दोनों यूनियन ने कर्मचारी के साथ आर्थिक ,मानसिक और शरारिक रुप से हमेशा सौतेला व्यवहार किया और कर्मचारी को सिर्फ धोखा देने का काम किया और सरकार के साथ मिलकर अपने हित और अपनी कुर्सी को बचाने का काम करती आ रही है।हम सरकार के समान विचारधारा के होने के वावजूद भी एनपीएस के मुद्दे पर सरकार से आर-पार करने को तैयार होने के कारण ही कुछ एनपीएस में सुधार किया है, फिर भी सरकार से हम पुरानी पेंशन योजना जब तक लागु नहीं होता है, सरकार के विरोध में अग्रिम पंक्ति में खड़े रहेंगे।राकेश कुमार पटेल




**भागलपुर/**आज दिनांक 11 जुलाई 2023 को विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष पर मारवाड़ी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं सेहत केंद्र की ओर से साइकिल जागरूकता रैली निकाली गई । महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने साइकिल पर स्लोगन लगाकर लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल से विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया तथा महाविद्यालय के पोषक क्षेत्र हरिजन टोला पर्वती में जागरूकता अभियान चलाया गया । रैली का नेतृत्व स्वयं कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ संजय कुमार जायसवाल कर रहे थे । रैली महाविद्यालय में समाप्त होने के बाद छोटा परिवार सुखी परिवार विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया । संगोष्ठी को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर शिव प्रसाद यादव ने बढ़ती जनसंख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए संसाधन के साथ संतुलन बनाए रखने की अपील की । उन्होंने अपने संबोधन में कहा जनसंख्या नियंत्रण आने वाली पीढ़ियों की जिम्मेवारी है । स्वयंसेवको को संबोधित करते हुए कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ संजय कुमार जायसवाल ने कहा हर हाल में जनसंख्या नियंत्रित होनी चाहिए क्योंकि प्राकृतिक असंतुलन प्राकृतिक विपदा को आमंत्रित करता है अगर मानवीय प्रयासों से जनसंख्या नियंत्रण नहीं हुआ तो प्रकृति स्वयं सुखा, बाढ़, भूकंप, महामारी के रास्ते जनसंख्या को नियंत्रित करते हैं जो बेहद दुखदायी होता है । कार्यक्रम में दल नायक नीतीश कुमार महाविद्यालय के शिक्षक प्रोफेसर शरतचंद्र राय , डॉ संगीत कुमार ,डॉ विनय कुमार सिंह, डॉक्टर अनिल कुमार तिवारी, डॉक्टर स्वस्तिका दास उपस्थित थे

## विश्वविद्यालय अभियंता को शो-कॉज

**भागलपुर।** तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जवाहर लाल ने काम में लापरवाही बरतने के आरोप में विश्वविद्यालय अभियंता संजय कुमार से स्पष्टीकरण पूछा है। उन्हें चौबीस घंटे के भीतर जवाब देने को कहा गया है। पीआरओ डॉ दीपक कुमार दिनकर ने बताया की पीजी हॉस्टल संख्या-एक में छज्जा गिर जाने की सूचना के वाबजूद भी विश्वविद्यालय अभियंता द्वारा काम शुरू नहीं किए जाने की छात्रों की शिकायत को कुलपति ने गंभीरता से लेते हुए शो-कॉज पूछने का निर्देश रजिस्ट्रार को दिया है।

## परीक्षा विभाग में बढ़ाए जाएंगे टेबुलेटरों की संख्या

**भागलपुर।** तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में टेबुलेटरों को संख्या बढ़ाई जाएगी। इसको लेकर कुलपति प्रो. जवाहर लाल ने परीक्षा नियंत्रक को निर्देश दिया है। कुलपति को जानकारी मिली की एग्जाम सेक्शन में टेबुलेटर की संख्या काफी कम होने के कारण छात्रों के काम बाधित हो रहे हैं। पीआरओ डॉ दीपक कुमार दिनकर ने बताया की छात्रों की समस्याओं को देखते हुए कुलपति ने नए ऊर्जावान शिक्षकों को टेबुलेटर बनाने का निर्देश दिया है। जिन विषयों में छात्रों की कम संख्या है वहां के शिक्षकों को परीक्षा विभाग में टेबुलेटर की भी जिम्मेवारी दी जाएगी।

## पूर्वी रेलवे का उल्लेखनीय माल लदान प्रदर्शन



**कोलकाता, 11 जुलाई 2023**–पूर्वी रेलवे, जिसे आम तौर पर यात्री ढोने वाली रेलवे के रूप में जाना जाता है, श्री अमर प्रकाश द्विवेदी, महाप्रबंधक/पूर्वी रेलवे के नेतृत्व में, माल लदान में उत्कृष्टता की दिशा में कड़ी मेहनत कर रहा है। श्री प्रभास डनसाना, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक/पूर्वी रेलवे ने इस क्षेत्र में माल परिवहन व्यवसाय में एक बड़ा हिस्सा हासिल करने के लिए पूर्वी रेलवे की माल ढुलाई मात्रा बढ़ाने की सभी संभावनाओं का पता लगाने के लिए माल लदान से संबंधित सभी अधिकारियों को जागरूक किया है।पूर्व रेलवे ने पिछ्ले वित्तीय वर्ष की तुलना में इस वर्ष जून माह में माल लदान में उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है। जून, 2023 के महीने में पूर्वी रेलवे की कुल लोडिंग जून 2022 में 6.62 मिलियन टन की तुलना में 6.75 मिलियन टन दर्ज की गई, जिसमें कोयला लोडिंग में 11.14% की तेज वृद्धि देखी गई, क्योंकि जून में पूर्वी रेलवे में 4.19 मिलियन टन कोयला लोड किया गया था। जून, 2022 में 3.77 मिलियन टन कोयला लोडिंग के मुकाबले 2023। जून के महीने में पूर्वी रेलवे की कुल माल ढुलाई आय ?

**कार्यक्रम** कार्यक्रम की अध्यक्षता एवम संचालन युवा जदयू जिलाध्यक्ष विक्की कुमार ने की।

## मुंगेर सोझी घाट स्थित मंगल मूर्ति पैलेश में जनता दल यूनाइटेड युवा जदयू की मुंगेर एवम खगड़िया जिला का संयुक्त जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित की गई




**भागलपुर/**मुंगेर सोझी घाट स्थित मंगल मूर्ति पैलेश में जनता दल यूनाइटेड युवा जदयू की मुंगेर एवम खगड़िया जिला का संयुक्त जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवम संचालन युवा जदयू जिलाध्यक्ष विक्की कुमार ने की। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जदयू युवा प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल एवम विशिष्ठ अतिथि के रूप में मुंगेर जिलाध्यक्ष नचिकेता मंडल, खगड़िया जिलाध्यक्ष बबलू मंडल एवम प्रदेश सचिव सौरभ निधि साथ ही अन्य अतिथि में जदयू युवा नेता गौरव शर्मा, अतिपिछड़ा जिलाध्यक्ष मिथिलेश मंडल, किसान व सहकारिता जिलाध्यक्ष सुजीत मंडल, महिला जिलाध्यक्ष पूनम देवी एवम खगड़िया युवा जिलाध्यक्ष नीतीश पटेल सहित कई पदाधिकारीगण उपस्थित थे। मौके पर मुख्य अतिथि नीतीश पटेल ने कहा बीजेपी सरकार में लोकतंत्र खतरे में है। अंग्रेज जमाने में ईस्ट इंडिया राज करती थी, आज अडानी अवानी राज कर रही है। देश में महंगाई जनता की कमर तोड़ रखी है। जिलाध्यक्ष नचिकेता मंडल ने कहा कि भाजपा वादा के विपरीत कार्य करती है। अगर इस बार बीजेपी को मौका मिला तो देश के लोकतंत्र को समाप्त कर देगी। बबलू मंडल ने युवाओं से पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की अपील की। प्रदेश सचिव सौरभ निधि ने कहा हम सबों को बड़का झूठा पार्टी से सचेत रहने की जरूरत है। गौरव शर्मा ने युवाओं के लिए बिहार सरकार के योजनाओं के बारे में जानकारी दी। अतिपिछड़ा जिलाध्यक्ष मिथिलेश मंडल ने युवाओं से नीतीश कुमार एवम ललन सिंह के संकल्प को सफल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अपील की। अतिथियों के उपस्थिति में बड़ी संख्या में युवाओं ने जदयू की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर मिथिलेश मंडल, सुजीत मंडल, पूनम देवी, बिमलेंदु राय, नवीन सिंह, राजेंद्र मंडल, मुनिलाल मंडल, गुड्डू राइन, दिवाकर कुमार, रोहित कुमार, अमित पप्पू ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। वही अभिराज गुप्ता, आशीष तोमर, शुशांत सिंह, सौरव यादव, रवि रंजन, पंकज सिंह, राकेश रंजन, राजीव रंजन, कुंदन निकुंभ, प्रिंस कुमार, संतोष पटेल, राजनीति प्रसाद, सुभाष कुमार, राकेश, मनोज मंडल, सेतु, निशांत, गोल्डन, दीपक सिंह, सावन कुमार, राहुल कुमार, धीरज पटेल, सहित मुंगेर एवम खगड़िया के हजारों युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे।